CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 17°C

मुरादाबाद, रविवार 26 अक्टूबर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 71 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 3 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट को लेकर एलआईसी पर कांग्रेस ने उठाए सवाल पेज 2



सिडनी में रोहित का शतक व कोहली के रिकॉर्ड से जीता भारत खेल टाइम्स



पाकिस्तान ने अमेरिका को सौंप दिए थे एटमी हथियार: जॉन किरियाकू पेज 11



अहमद खान बनाम शाह बानो के किरदार में दिखेंगे इमरान व यामी बॉलीवुड

## संक्षिप्त समाचार

### साराभाई वर्सेस साराभाई फेम एक्टर सतीश शाह का निधन



**मुंबई।** साराभाई वर्सेस साराभाई फेम अभिनेता सतीश शाह का निधन हो गया है। भारतीय फिल्म निर्माता और निर्देशक अशोक पंडित ने इस खबर की पुष्टि करते हुए बताया है कि अभिनेता इस दुनिया में नहीं रहे। शनिवार दोपहर किडनी फेलियर के चलते उन्हें हिंदुजा अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने आखिरी सांस ली। सतीश शाह बीते कुछ समय से मीडिया से दूरी बनाए हुए थे। वो काफी समय से न तो किसी पब्लिक इवेंट में नजर आए थे और न ही किसी फिल्म में। साल 2014 में उनकी आखिरी फिल्म 'हमशक्ल' रिलीज हुई थी।

### कुर्नूल बस हादसा: 234 स्मार्ट फोन में ब्लास्ट से भड़की आग, दो गिरफ्तार

**कुर्नूल।** आंध्र प्रदेश के कुर्नूल में हुए बस हादसे में एक नया खुलासा हुआ है। शुक्रवार सुबह जिस बस में आग लगने से 20 यात्रियों की जलकर मौत हुई, उसमें 234 स्मार्टफोन रखे हुए थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, फोरेंसिक टीम का कहना है कि इन फोन की बैटरी में ब्लास्ट के कारण ही आग तेजी से भड़की, जिससे यात्रियों को बचने का मौका नहीं मिला। इधर, कुर्नूल पुलिस ने हादसे के बाद भागे ड्राइवर मिरियाला लक्ष्मैया और क्लीनर को गिरफ्तार कर लिया है।

### डाक्टर आत्महत्या केस: मकान मालिक का बेटा गिरफ्तार

**सतारा।** महाराष्ट्र के सतारा में फलटण के होटल में सुसाइड करने वाली डाक्टर के सुसाइड केस में पुलिस ने पहली गिरफ्तारी की है। पुलिस ने डाक्टर के मकान मालिक के बेटे प्रश्रूांत को हिरासत में लिया है। प्रशांत बांकर पर रेप और आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज है। डाक्टर ने 23 अक्टूबर को सुसाइड किया था। उसने अपने हाथ पर लिखे नोट में सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रशांत बांकर पर मेंटली हेरैस करने का आरोप लगाया है।

## डबल इंजन सरकार की 12000 ट्रेनों की व्यवस्था हुई बेपटरी: राहुल

■ कहा: त्योहारी सीजन में ठसाठस भरी ट्रेनों में सफर कर रहे यात्री

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि रेल मंत्री ने त्योहारी सीजन में 12000 विशेष ट्रेनें चलाने की बात कही थी, लेकिन ठसाठस भरी और अमानवीय सफर ने डबल इंजन सरकार की पोल खोल कर रख दी है।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बिहार के लोगों के लिए त्योहारी सीजन में घर लौटना, परिवार और गांव से अपनेपन की लालसा का प्रतीक है, लेकिन उनके लिए अपने घर जाना एक बड़ा संघर्ष बन गया है। बिहार जाने वाली हर रेलगाड़ी में क्षमता से दो गुना लोग ठूंस-ठूंस कर भेजे जा रहे हैं। घर जाने की है यह यात्रा एक तरह से अमानवीय यात्रा हो गई है और 12 000 स्पेशल ट्रेन चलाने की डबल इंजन सरकार के दावे खोखले साबित हो गए हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि त्योहारों का महीना है-दिवाली, भाईदूज, छठ। बिहार में इन त्योहारों का मतलब सिर्फ आस्था नहीं, घर लौटने की लालसा है।

## मेरठ में 35 साल पुराने कॉम्प्लेक्स पर चला बुलडोजर

■ सुप्रीम कोर्ट के आदेश के 10 माह बाद की गई कार्रवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो



**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में मेरठ के शास्त्रीनगर स्थित लगभग 35 वर्ष पुराने सेंट्रल मार्केट (व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स) को उच्चतम न्यायालय के आदेश पर शनिवार को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया।

ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान कई दुकानदार अपने वर्षो पुराने कारोबार को मिट्टी में मिलते देख फूट-फूटकर रो पड़े। किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था तथा पूरे इलाके की निगरानी ड्रोन के माध्यम से की गई। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने 17 दिसम्बर 2024 को आदेश जारी कर सेंट्रल मार्केट स्थित इस आवासीय भूखंड पर बने व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स को तीन माह के भीतर खाली कराने और उसके बाद दो सप्ताह में गिराने का निर्देश दिया था। हालांकि यह कार्रवाई निर्धारित समय से लगभग दस माह बाद पूरी की गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, कॉम्प्लेक्स के 22 दुकानदारों को गत शुक्रवार रात ही दुकानें खाली करने का निर्देश दिया गया था। यह भूमि वर्ष 1986 में आवासीय प्रयोजन के लिए आवंटित की गई थी, लेकिन समय के साथ -शेष पृष्ठ दो पर

# रूस ने नाकाम की मोदी की हत्या की साजिश!

## अमेरिकी अधिकारी जैक्सन की रहस्यमयी मौत से जोड़ा जा रहा कनेक्शन

■ भारत के आसपास, अमेरिकी खुफिया कार्रवाइयों ने संदेह और बढ़ाया

■ ऑर्गनाइजर की रिपोर्ट में आशंका

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन चीन के तियानजिन में एससीओ बैठक के बाद एक साथ एक ही कार में सफर करते देखे गए थे। इस तस्वीर पर उस वक्त खूब चर्चा हुई, लेकिन अब इससे जुड़ा हुआ एक बड़ा दावा किया गया है।

दरअसल, इसी दिन बांग्लादेश की राजधानी ढाका में अमेरिकी विशेष बल के अधिकारी टेरेंस अर्वेल जैक्सन की रहस्यमयी स्थिति में मौत हुई थी। इस मौत ने कई अटकलों को जन्म दिया है। अमेरिका और उसकी खुफिया शाखा, सीआईए दुनिया भर में अपने कुख्यात कृत्यों के लिए जानी जाती है। ये माना जा रहा है कि बांग्लादेश और नेपाल में हाल ही में हुई शासन अस्थिरता तक, यह एक खुला रहस्य है कि दक्षिण एशिया में राजनीतिक नाटक के पीछे वास्तव में सीआईए का गुप्त हाथ है। टेरेंस अर्वेल जैक्सन नाम के एक अमेरिकी विशेष बल अधिकारी 31 अगस्त 2025 को बांग्लादेश की राजधानी ढाका के एक होटल में मृत पाए गए। पुलिस के मुताबिक शुरुआती जांच में कोई बाहरी चोट नहीं मिली और मौत को प्राकृतिक बताया गया। खास बात ये है कि शव का पोस्टमार्टम किए बिना ही अमेरिकी दूतावास को सौंप दिया गया। जैक्सन अमेरिकी सेना की प्रथम विशेष बल कमान (एयरबोर्न) इकाई से जुड़े थे और पिछले कुछ महीनों से बांग्लादेश में मौजूद थे। बताया गया कि वह किसी बिजनेस ट्रिप पर थे, पर उनके असली उद्देश्य पर सवाल उठे हैं। आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गनाइजर की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी विशेष बल अधिकारी टेरेंस अर्वेल जैक्सन की रहस्यमयी मौत की ताजा घटना ने दक्षिण एशिया, खासकर भारत के आसपास, अमेरिकी खुफिया कार्रवाइयों को लेकर संदेह और बढ़ा दिया है। अमेरिकी सुरक्षा अधिकारी की मौत ने इस आशंका को और बल दिया है कि क्या अमेरिकी अधिकारी को भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाने के -शेष पृष्ठ दो पर

## पीओके में मानवाधिकार उल्लंघन बंद करे पाकिस्तान

### भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पड़ोसी देश को लताड़ा

■ भारतीय प्रतिनिधि हरीश ने पीओके का मुद्दा जोर-शोर से उठाया

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की मुद्दा जोर-शोर से उठाया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान को अवैध रूप से कब्जाए इलाकों में मानवाधिकार उल्लंघन बंद करना चाहिए, खासकर जम्मू-कश्मीर के इलाकों में।

गौरतलब है कि हाल के दिनों में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में मानवाधिकार उल्लंघन की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं। बीते दिनों ही पीओके में बुनियादी मांगों को लेकर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे, जिन्हें पाकिस्तान की सेना ने बेरहमी से कुचला था और इस दौरान कई लोगों की जान गई थी। भारतीय राजदूत पी. हरीश ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 80वें यूएन दिवस के अवसर पर हुई खुली बहस के दौरान अपने बयान में कहा कि हम मांग करते हैं कि पाकिस्तान अवैध रूप से कब्जाए इलाकों में जारी मानवाधिकार उल्लंघन को बंद करे। वहां जनता पाकिस्तानी सेना के कब्जे, शोषण, निर्दयता और प्राकृतिक संसाधनों के अवैध दोहन के खिलाफ खुलकर विद्रोह कर रही है। पी. हरीश ने जोर देकर कहा कि जम्मू-कश्मीर हमेशा भारत का अभिन्न अंग रहा है और हमेशा रहेगा।

## पाक ने मध्य-दक्षिणी एयरस्पेस बंद किया, उड़ानों पर लगाई रोक



### पाकिस्तान की कार्रवाई को भारत के सैन्य अभ्यास 'त्रिशूल' से जोड़कर देखा जा रहा

### सैन्य अभ्यास 'त्रिशूल सर क्रीक के पास, पाक सीमा से सटे इलाके में आयोजित होगा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने भारत के सैन्य अभ्यास 'त्रिशूल' के पहले मध्य और दक्षिणी हवाई क्षेत्र को 28 और 29 अक्टूबर को बंद करने का फैसला किया। शनिवार को जारी नोटाम (नोटिस टू एयरमैन) के अनुसार, दो दिन हवाई मार्ग उपलब्ध नहीं रहेंगे और उड़ानों पर रोक रहेगी।

हालांकि, पाकिस्तान ने इस कदम के पीछे कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह किसी सैन्य अभ्यास या हथियार परीक्षण से जुड़ा हो सकता है। वहीं, जानकार इसे सैन्य अभ्यास 'त्रिशूल' से जोड़कर देख रहे हैं। यह अभ्यास सर क्रीक के पास, यानी पाकिस्तान की सीमा से सटे इलाके में होगा। रक्षा विश्लेषक डेमियन सायमोन ने सैटेलाइट तस्वीरों के हवाले से बताया कि इस अभ्यास का दायरा 28 हजार फीट ऊंचाई तक फैला होगा। जो हाल के वर्षों में सबसे बड़े सैन्य अभियानों में से एक है। राजस्थान में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर 12 दिन अब तक का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास होगा। आर्मी, एयरफोर्स और नौसेना के 30 हजार जवान थार में जाइंट एक्सरसाइज करेंगे। एक्सरसाइज की शुरुआत 30 अक्टूबर से होगी, जो 10 नवम्बर तक चलेगी। इस युद्धाभ्यास के दौरान बॉर्डर कुछ एरिया में कामर्शियल फ्लाइट्स के रूट में बदलाव भी हो सकता है। एक्सरसाइज जैसलमेर के एरिया से लेकर गुजरात के सर क्रीक इलाके तक होगी। हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुजरात दौरे के दौरान सर क्रीक सीमा विवाद की चर्चा की थी इसके जरिए पश्चिमी एयर कॉरिडोर में उड़ानों के लिए चेतावनी दी गई है। इस दौरान कॉमर्शियल फ्लाइट के लिए इस एरिया के रूट में बदलाव हो सकता है। हाल ही में पश्चिमी सीमा पर हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान की ओर से ड्रोन गतिविधियों और घुसपैठ की कोशिशें बढ़ी हैं। इसलिए इस एक्सरसाइज में विशेष रूप से काउंटर-ड्रोन सिस्टम, संचार बाधा (जैमिंग) और ऑटोमैटिक स्पेक्ट्रम मॉनिटरिंग सिस्टम जैसी मॉडर्न तकनीकों का परीक्षण किया जाएगा। इसके अलावा वायुसेना प्रिंसिशन स्ट्राइक, एयर डिफेंस इंटरसेप्शन और मल्टी-डोमेन ऑपरेशंस पर विशेष ध्यान देगी।

### पक्षी से टकराया एयर इंडिया का विमान

**नागपुर।** एयर इंडिया की नागपुर से दिल्ली जाने वाली उड़ान एआई-466 एक पक्षी से टकरा गई, जिसके बाद एहतियात के तौर पर विमान को मान संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत नागपुर हवाई अड्डे पर उतारने का फैसला किया गया।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फक्कीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

# दिल्ली में AQI लेवल 400 पार

## अस्थमा-एलर्जी के मरीज बढ़े, दिवाली के बाद से दिल्ली-NCR में प्रदूषण बढ़ रहा

■ डाक्टर्स की सलाह-मास्क लगाकर निकलें

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** दिवाली के बाद से दिल्ली-एनसीआर की हवा में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। शनिवार को पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार में एक्यूआई लेवल 412 दर्ज किया गया। जिससे प्रदूषण गंभीर कैटेगरी में पहुंच गया है।

कई इलाकों में हवा की क्वालिटी खराब है। इसलिए जनपथ रोड पर पार्टिकुलेट मैटर के हाईलेवल से निपटने के लिए सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। दिवाली के बाद केवल दो दिनों के भीतर सांस लेने में कठिनाई, अस्थमा के दौरे और एलर्जिक ब्रोंकाइटिस के रोगियों में लगभग 30 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है। डाक्टरों ने मास्क लगाने की सलाह दी है। उधर बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनता नजर आ रहा है। 27 अक्टूबर को इसके चक्रवात में तब्दील होने की संभावना है। तूफान का नाम मोन्था रखा जा सकता है, जो थाईलैंड ने दिया है। जिसका अर्थ है सुगंधित फूल या सुंदर फूल। आईएमडी का कहना है बंगाल की खाड़ी में बना दबाव क्षेत्र तूफान में बदल जाएगा, जिसमें 110 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। इससे आंध्र प्रदेश, रायलसीमा, तमिलनाडु, ओडिशा और तेलंगाना में भारी बारिश हो सकती है। इधर, हिमाचल के लाहौल-स्पीति के ताबो में न्यूनतम तापमान गिरकर माइनस 2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। हालांकि अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं हुआ। मैदानी राज्यों में से उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में तापमान में गिरावट जारी है। शनिवार सुबह यूपी के वाराणसी में गंगा के घाटों के पास धुंध की मोटी परत छाई रही। दबाव के कारण तमिलनाडु के कुड्डालोर, विल्लुपुरम और चेंगलपट्टू जिलों, पुड्डुचेरी, तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
- वेल्डर (3G & 4G ARC)
- कंस्ट्रक्शन लेबर
- राज मिस्त्री
- सिलाई टेलर

वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
- रेफरेन
- सर्विस सर्टिफिकेट
- योग्यता प्रमाणपत्र
- वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट

सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे हैं। वह अधिकारियों के साथ एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। निरीक्षण के बाद उद्घाटन की तारीख पर मुहर लगाई जाएगी। बताया जा रहा है कि 30 दिसंबर को एयरपोर्ट का उद्घाटन हो सकता है। एयरपोर्ट के पहले चरण का काम लगभग पूरा हो गया है। शुरुआत में सालाना 50 लाख यात्री आने का अनुमान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तैयारियां जोरों पर हैं। एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की जा रही है, जिसमें सीआईएसएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को तैनात किया जा रहा है।

### उत्तर प्रदेश में 54 प्रतिशत किसानों का पंजीकरण पूरा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में किसान पंजीकरण अभियान जोरशोर से जारी है और अब तक करीब 54 प्रतिशत किसानो की रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है। अधिकृत सूत्रों ने शनिवार को बताया कि अगले साल एक अप्रैल से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किस्त सिर्फ पंजीकृत किसानो को मिलेगी। इसलिए सरकार राज्य के किसानो का पंजीकरण करा रही है। पंजीकरण अभियान में सीतापुर अब तक पहले स्थान पर है, जहां 74 प्रतिशत किसान पंजीकृत हो चुके है वहीं बस्ती दूसरे और रामपुर तीसरे स्थान पर है। राज्य स्तर पर अब तक लगभग 54 प्रतिशत किसानों की रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है, जिससे करीब 1.5 करोड़ किसान लाभान्वित हो रहे हैं। सीएम योगी के निर्देश पर यह अभियान मिशन मोड में संचालित किया जा रहा है।

# हमारे लोगों ने ही विश्वासघात किया: उमर

## भाजपा के राज्यसभा की सीट जीतने पर बोले जम्मू-कश्मीर के सीएम

**श्रीनगर, वार्ता**



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री एवं नेशनल कांफ्रेंस उपाध्यक्ष अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी ने राज्यसभा चुनावों में 'क्लीन स्वीप' का लक्ष्य रखा था लेकिन अंतिम चरण में 'कुछ लोगों ने विश्वासघात' किया जिसके कारण 3-1 का परिणाम आया।

अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से कहा कि किसी को 3-1 की शिकायत नहीं करनी चाहिए। हमने 4-0 के लिए पूरी कोशिश की। जैसा कि मैंने अपने ट्विटर पोस्ट में भी कहा था, अंतिम चरण में कुछ लोगों ने हमें धोखा दिया।लगभग सभी उन लोगों के नाम जानते हैं जिन्होंने हमें धोखा दिया। उन्हें यहां दोहराना ज़रूरी नहीं है, लेकिन यह अफसोस की बात है। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ने सत्तारूढ़ नेशनल कांफ्रेंस को चार राज्यसभा सीटों में से एक पर जीत हासिल करके चौंका दिया। उसे 32 वोट मिले, जो विधानसभा में उसकी 28 सदस्यीय विधानसभा संख्या से चार ज्यादा है। नेशनल कांफ्रेंस ने बाकी तीन सीटें जीतीं।


### जनता के जनादेश की जीत: फारूक

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने राज्यसभा चुनाव में पार्टी की शानदार जीत को जनता की जीत करार देते हुए कहा है कि संगठनात्मक एकता, अनुशासन और आपसी समन्वय ही नेशनल कॉन्फ्रेंस की असली ताकत है। डा. अब्दुल्ला राज्यसभा चुनाव जीतने वाले पार्टी नेताओं एडवोकेट चौधरी मुहम्मद रमजान, सज्जाद अहमद कुचलो और सरदार शम्मी ओबराय के सम्मान में पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक भव्य समारोह को संबोधित कर रहे थे।

# सम्भल में फिर शुरू हुई पौराणिक 24 कोसी परिक्रमा

## भगवान कल्कि की नगरी के रूप में 46 वर्ष बाद पुन: जगमगा उठा नगर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ/सम्भल।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सम्भल एक बार फिर अपनी पौराणिक पहचान 'भगवान कल्कि की नगरी' के रूप में जगमगा उठा है। शुक्रवार रात्रि दो बजे सम्भल के 68 तीर्थ और 19 कूपों की 24 कोसी परिक्रमा का शुभारंभ प्राचीन तीर्थ बेनीपुरचक स्थित श्रीवंशगोपाल से लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में हुआ।

शंखनाद, भजन और जयघोषों के बीच निकली यह परिक्रमा 46 वर्षों बाद पुन: आरंभ हुई है। 1978 में सांप्रदायिक दंगों के कारण रुकी यह परंपरा 2024 में सरकार के प्रयासों से फिर से जीवित हो उठी। धार्मिक मान्यता है कि इस परिक्रमा से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीव को मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह परिक्रमा श्रीवंशगोपाल तीर्थ से प्रारंभ होकर भुवनेश्वर, क्षेमनाथ और चंदेश्वर तीर्थों से होते हुए पुन: वंशगोपाल तीर्थ पर लौटती है। इन तीन प्रमुख तीर्थों के मध्य 87 देवतीर्थ स्थित हैं, जो सम्भल की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक हैं। 1978 के दंगों के बाद सम्भल में जो भय, अविश्वास और पलायन का माहौल बना, उसने दशकों तक यहां के सामाजिक ताने-बाने को चोट पहुंचाई। हिंदू परिवारों ने अपने घर, दुकानें और जमीनें छोड़ीं मंदिरों पर कब्जे हुए और धर्मिक आयोजनों पर रोक लग गई, मगर 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद परिदृश्य पूरी तरह बदल गया। योगी ने सम्भल की स्थिति को व्यक्तिगत रूप से गंभीरता से लिया। न्यायिक आयोग की रिपोर्ट ने उन सच्चाइयों को उजागर किया जिन्हें वर्षों तक दबाया गया। योगी सरकार ने इन सभी मामलों में कठोर कार्रवाई की। दंगों की साजिश में शामिल तत्वों को जेल भेजा गया, अवैध कब्जों को हटाया गया और सांप्रदायिक राजनीति पर अंकुश लगाया गया। योगी सरकार ने सम्भल में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने की ऐतिहासिक कार्रवाई की। उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 की धारा-67 के तहत 495 वाद दर्ज हुए, जिनमें से 243 मामलों का निस्तारण कर 1067 अतिक्रमण हटाए गए। इस प्रक्रिया में 68.94 हेक्टेयर भूमि कब्जामुक्त कराई गई।

## अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट से एलआईसी पर उठा सवाल

# अडाणी ग्रुप में 33 हजार करोड़ निवेश का दावा

**नई दिल्ली, वार्ता**



- कांग्रेस बोली- कस्टमर्स की कमाई फायदा पहुंचाने में लगाई
- अडाणी पर दो हजार करोड़ रिश्वत का आरोप

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में जमा पॉलिसीधारकों के पैसे का दुरुपयोग करने के लिए नियमों में बदलाव किया है और गलत तरीका अपनाकर उद्योगपति अडानी को फायदा पहुंचाने का काम किया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां जारी बयान में कहा कि मीडिया में हाल ही में कुछ परेशान करने वाले खुलासे सामने आए हैं कि किस तरह सरकार ने एलआईसी और उसके 30 करोड़ पॉलिसीधारकों की बचत का व्यवस्थित रूप से दुरुपयोग किया है। उन्होंने कहा कि आंतरिक दस्तावेज के अनुसार सरकारी अधिकारियों ने गत मई में एक ऐसा प्रस्ताव तैयार किया और उसे आगे बढ़ाया, जिसके तहत एलआईसी की लगभग 34,000 करोड़ रुपए की धनराशि को अडानी समूह की विभिन्न कंपनियों में निवेश किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसका उद्देश्य 'अडानी समूह में विश्वास का संकेत देना' और 'अन्य निवेशकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करना' था। कांग्रेस ने सवाल उठाया कि आखिर वित्त मंत्रालय और नीति आयोग के अधिकारियों ने किसके दबाव में यह तय किया कि उनका काम गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण वित्तीय संकट से जूझ रही एक निजी कंपनी को बचाना है। उन्हें सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध एलआईसी को निवेश करने के निर्देश देने का अधिकार किसने दिया। रमेश ने उद्योगपति अडानी को लेकर विस्तार से बताया कि जब 21 सितम्बर 2024 को गौतम अडानी और उनके सात सहयोगियों पर अमेरिका में आरोप तय किए गए, तो केवल चार घंटे की ट्रेडिंग में ही एलआईसी को 920 अरब डॉलर यानी 7,850 करोड़ रुपए का भारी नुकसान हुआ। अडानी पर भारत में महंगे सौर ऊर्जा ठेके हासिल करने के लिए 2,000 करोड़ रुपए यानी की रिश्वत योजना बनाने का आरोप है। मोदी सरकार लगभग एक साल से पीएम मोदी के इस करीबी मित्र को अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग का समन आगे बढ़ाने से इनकार कर रही है। उन्होंने कहा कि मोडानी मेगा घोटाला बेहद व्यापक है और इसमें ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग करके अन्य निजी कंपनियों पर दबाव डालना, ताकि वे अपनी संपत्तियां अडानी समूह को बेच दें। हवाई अड्डों और बंदरगाहों जैसे महत्वपूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर संसाधनों का पक्षपाती निजीकरण, ताकि उसका लाभ केवल अडानी समूह को ही मिले।

### एलआईसी ने अडानी समूह की कंपनियों में निवेश की खबरों का किया खंडन

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शनिवार को अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट की उस खबर का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया था कि जीवन बीमा कंपनी ने बाहरी दबाव में अडानी समूह की कंपनियों में निवेश का रोडमैप तैयार किया है। एलआईसी ने अपने बयान में कहा है कि ये आरोप 'झूठे, निराधार और सच्चाई से परे' हैं। जीवन बीमा कंपनी ने कभी इस तरह का कोई दस्तावेज तैयार नहीं किया है, जिसमें अडानी समूह में निवेश का रोडमैप बनाया गया हो। एलआईसी के निवेश के फैसले पूरी स्वायत्तता के साथ उसके निदेशकमंडल की मंजूरी से किए जाते हैं।

# आगरा में कार ने आठ को रौंदा, पांच मरे, सात घायल

**आगरा, वार्ता**

- मृतकों में एक डिलीवरी ब्वाय भी शामिल
- हादसे के वक्त भानु प्रताप पार्सल डिलीवरी करके वापस लौट रहा था

उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के न्यू आगरा क्षेत्र में शुक्रवार रात तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नगला बूढ़ी के पास बेकाबू कार ने सड़क किनारे आठ लोगों को रौंद दिया जिसमें से एक महिला बबली समेत पांच की मौत हुई है, जबकि दो लोग घायल हो गए।

मृतकों में एक डिलीवरी ब्वाय भानु प्रताप भी शामिल है। हादसे के वक्त भानु प्रताप पार्सल डिलीवरी करके वापस लौट रहा था। पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है और कार को जब्त कर लिया है। सभी मृतकों के शवों के पुलिस ने पोस्टमॉर्टम भेज दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार की स्पीड बहुत ज्यादा तेज थी। कार ने पहले डिवाइडर को टक्कर मारी उसके बाद कई लोगों को रौंदते हुए फिर से डिवाइडर से टकरा गई और कार रुक गई। बेकाबू कार ने पहले डिलीवरी बॉय भानु प्रताप को रौंदा उसके बाद एक वृद्ध की मौत में शोक व्यक्त करने के लिए कुछ लोग सड़क के किनारे बैठे थे और कार ने उनको भी रौंद दिया।

हिट एंड रन केस में मौके पर सात लोग घायल हुए हैं जिनको सरोजनी नायडू मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान डिलीवरी बॉय भानु प्रताप, एक महिला बबली इसके अलावा कमल, कृष्णा और बंटेश की इलाज के दौरान मौत हो गई। घायल राहुल और गोलू का इलाज अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि कार चलाते वक्त चालक नशे में था।



**सेंसेक्स** 83952.17
**निफ्टी** 25709.00



**सोना रु.** 124510
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 154900
प्रति किलो



# मुद्रास्फीति के आंकड़ों में नरमी के बाद शेयर बाजार में तेजी

**न्यूयॉर्क, वार्ता**



अमेरिका में सितम्बर के मुद्रास्फीति के आंकड़े उम्मीद से थोड़े कम रहने के बाद शुक्रवार को शेयर बाजार में तेजी रही। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 472.51 अंक या 1.01 प्रतिशत बढ़कर 47,207.12 पर पहुंच गया, जो पहली बार 47,000 के पार बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 53.25 अंक या 0.79 प्रतिशत बढ़कर 6,791.69 पर पहुंच गया। नैस्डैक कंपोजिट इंडेक्स 263.07 अंक या 1.15 प्रतिशत बढ़कर 23,204.87 पर पहुंच गया। तीनों प्रमुख औसत सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए।

एसएंडपी 500 के 11 प्रमुख क्षेत्रों में से छह में तेजी रही, जिसमें प्रौद्योगिकी और संचार सेवाओं में क्रमश: 1.58 प्रतिशत और 1.27 प्रतिशत की वृद्धि हुई। ऊर्जा और सामग्री क्षेत्र क्रमश: 1.01 प्रतिशत और 0.61 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। श्रम सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार अमेरिकी संघीय सरकार के बंद होने के कारण विलंबित हुई सितम्बर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) रिपोर्ट में इस महीने 0.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे वार्षिक मुद्रास्फीति दर तीन प्रतिशत पर रही। डॉव जोन्स सर्वेक्षण के आधार पर दोनों आंकड़े अर्थशास्त्रियों की मासिक 0.4 प्रतिशत और वार्षिक 3.1 प्रतिशत की अपेक्षाओं से थोड़ा कम रहे। खाद्य और ऊर्जा को छोड़कर कोर सीपीआई पिछले महीने 0.2 प्रतिशत और पिछले 12 महीनों में तीन प्रतिशत बढ़ा, जो 0.3 प्रतिशत और 3.1 प्रतिशत के पूर्वानुमानों से भी कम है। सीपीआई के आंकड़े जारी होने के बाद व्यापारियों ने इस साल अपनी शेष दोनों बैठकों में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती किए जाने पर अपना दांव खेला। सीएमई फेडवॉच टूल के अनुसार दिसंबर में कटौती के अनुमानित से पहले लगभग 91 प्रतिशत से बढ़कर 98.5 प्रतिशत हो गई। अगले सप्ताह ब्याज दरों में कटौती की संभावना 95 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है।

गोल्डमैन सैक्स एसेट मैनेजमेंट में बहु-क्षेत्रीय निश्चित आय निवेश प्रमुख लिंडसे रोसनर ने कहा कि आज की नरम सीपीआई रिपोर्ट में फेड को 'डराने' वाली कोई बात नहीं थी और हमें अगले सप्ताह होने वाली फेड बैठक में और नरमी की उम्मीद है। मौजूदा आंकड़ों की कमी के कारण फेड के पास डॉट प्लॉट में बताए गए रास्ते से हटने का कोई कारण नहीं है, इसलिए दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की संभावना बनी हुई है। कॉरपोरेट समाचारों में चिप निर्माता इंटेल के शेयरों में 0.31 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि कंपनी ने तीसरी तिमाही का राजस्व वॉल स्ट्रीट के अनुमानों से अधिक बताया। इंटेल के निवेशक प्रमुख जॉन पित्जर ने कहा कि हमारा मानना है कि हम एआई में और अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की स्थिति में हैं।

### मांग व आपूर्ति से सोना और चांदी के दाम फिसले

**नई दिल्ली।** शनिवार को देशभर के सर्राफा बाजारों में सोना और चांदी दोनों के दाम नीचे आए हैं। राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना घटकर 1,24,510 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,14,140 प्रति 10 ग्राम बिक रहा है। देश के अन्य बड़े शहरों में भी इसी तरह की गिरावट देखने को मिल रही है।

चांदी की कीमतों में भी गिरावट आई है। देशभर में चांदी का भाव घटकर 1,54,900 प्रति किलोग्राम पर आ गया है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर डॉलर की मजबूती और वैश्विक स्तर पर व्यापारिक तनाव में कमी का असर सोने की कीमतों पर पड़ा है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरैट सोने का भाव 1,24,510 रुपये प्रति 10 ग्राम है, जबकि मुंबई में 1,24,360, अहमदाबाद में 1,24,410 , चेन्नई में 1,24,360 , कोलकाता में 1,24,360, जयपुर में 1,24,510 और लखनऊ में 1,24,510 रुपये है। भारत में गोल्ड और सिल्वर के रेट इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा तय किए जाते हैं।

# चावल, चीनी-मजबूत, दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चीनी की कीमतों में भी तेजी रही, जबकि गेहूं के दाम गत दिवस के स्तर पर ही रहे। वहीं, दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत पांच रुपए बढ़कर 3,863.88 रुपए प्रति क्विंटल हो गई।

गेहूं 2,859.70 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत 13 रुपए की तेजी के साथ 3,324.16 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। मूंगफली तेल की औसत कीमत 144 रुपए और सोया तेल की 14 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। वहीं सरसों तेल की कीमत 129 रुपए और वनस्पति की 33 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। सूरजमुखी तेल 63 रुपए और पाम ऑयल 43 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल.दलहनों में चना दाल 26 रुपए और तुअर दाल 54 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल 32 रुपए प्रति क्विंटल और उड़द दाल 13 रुपए प्रति क्विंटल टूट गई। मूंग दाल की कीमत दो रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत छह रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुई। चीनी भी दो रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7875.79 रुपए, मसूर काली 8102.91 रुपए, मूंग दाल 10125.80 रुपए, उड़द दाल 10398.60 रुपए, तुअर दाल 10525.20 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2859.70 रुपए और चावल 3863.88 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मेरठ में...** यहां अवैध रूप से व्यावसायिक निर्माण होता गया। आवास विकास परिषद ने वर्ष 1990 में नोटिस जारी करके इसे गिराने का आदेश दिया था, परंतु लम्बी कानूनी प्रक्रिया के चलते कार्रवाई वर्षों तक टलती रही। आखिरकार शनिवार को इस कॉम्प्लेक्स को पूरी तरह जमींदोज कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद अधिकांश व्यापारियों ने अपनी दुकानों से सामान नहीं हटाया था। मेरठ के सामाजिक कार्यकर्ता एवं याचिकाकर्ता लोकेश खुराना ने न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की थी। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए 6 अक्टूबर को उच्चतम न्यायालय ने गृह सचिव, आवास आयुक्त, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आवास विकास परिषद के अधिकारियों तथा नौ व्यापारियों को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। इस मामले की अगली सुनवाई 27 अक्टूबर को निर्धारित है, जबकि 25 अक्टूबर को न्यायालय के आदेशानुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पूरी कर ली गई।

**रूस ने...** इरादे से ढाका में तैनात किया गया था। विश्लेषकों का अनुमान है कि प्रधानमंत्री मोदी की हत्या की योजना और कोशिश की गई होगी। हालांकि, भारत और रूस की खुफिया इकाइयों के संयुक्त अभियान ने इसे नाकाम कर दिया। ऑर्गनाइजर की रिपोर्ट में लिखा गया है कि एक विश्लेषण के अनुसार, भारत और रूसी खुफिया एजेंसियों ने एक संयुक्त अभियान में इस साजिश को विफल कर दिया। ये भी संभावना जताई जा रही है कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन ने तियानजिन में कार के अंदर 45 मिनट तक चली अपनी बातचीत के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा की हो। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी के एक और बयान ने इन अटकलों को और हवा दे दी है। जब चीन के तियानजिन से लौटने के ठीक अगले दिन, 2 सितम्बर को, प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में सेमीकान शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान, उन्होंने सभी से पूछा क्या आप इसलिए ताली बजा रहे हैं, क्योंकि मैं चीन गया था या इसलिए बजा रहे हैं क्योंकि मैं वापस आ गया हूं? कयास लगाए जा रहे हैं कि, प्रधानमंत्री मोदी की ये टिप्पणी एक गंभीर संदेश देती हैं।

### महबूबा मुफ्ती ने जेलों से बाहर कैदियों की वापसी की मांग की

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय में एक महत्वपूर्ण याचिका दायर कर राज्य के उन सभी विचाराधीन कैदियों की तत्काल वापसी की मांग की है, जो वर्तमान में जम्मू-कश्मीर के बाहर विभिन्न जेलों में बंद हैं। सुश्री मुफ्ती ने दायर याचिका में अदालत से आग्रह किया है कि ऐसे सभी कैदियों को जम्मू-कश्मीर की स्थानीय जेलों में स्थानांतरित करने का आदेश दिया जाए, जब तक कि संबंधित अधिकारी किसी विशिष्ट मामले में लिखित कारण प्रस्तुत करके यह साबित न कर दें कि उन्हें बाहर रखा जाना आवश्यक है। याचिका में यह भी कहा गया है कि ऐसे सभी मामलों की अदालत द्वारा हर तीन महीने में समीक्षा की जानी चाहिए।

# लखनऊ में हत्यारोपी को छोड़ने पर बवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- भीड़ के पथराव से 10 पुलिसकर्मी घायल लाठीचार्ज

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी के सुशांत गोल्फ सिटी में सफाईकर्मी की संदिग्ध मौत के बाद आरोपी को पुलिस द्वारा छोड़ने पर आक्रोशित भीड़ ने थाने पर धावा बोल दिया, पथराव और मारपीट में 10 जवान घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज का सहारा लिया। घटना ने इलाके में तनाव बढ़ा दिया है।

जानकारी के अनुसार एक सफाईकर्मी की मौत के मामले में आरोपी को हिरासत में लिया गया था। आरोप है कि पुलिस ने उसे छोड़ दिया। जैसे ही लोगों को इस बात की जानकारी मिली, तो गुस्साई भीड़ ने थाने को घेर लिया और पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान महिलाओं सहित सैकड़ों लोगों ने पुलिसवालों को पीटा, पथराव किया, जिससे करीब 10 पुलिसकर्मी घायल हो गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया, भीड़ को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। सूत्रों के अनुसार सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में दिन एक सफाई कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। स्थानीय लोगों का आरोप था कि मौत के लिए कुछ लोग जिम्मेदार हैं। पुलिस ने मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया था, लेकिन जांच के दौरान उसे छोड़ दिया गया। इसी बात से नाराज स्थानीय निवासियों और मृतक के परिजनों ने थाने के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया। शुरुआत में प्रदर्शन शांतिपूर्ण था, भीड़ ने आरोपी को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिसकर्मियों ने समझाने-बुझाने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी। धीरे-धीरे कहासुनी शुरू हो गई और मामला हाथापाई तक पहुंच गया । गुस्साई भीड़, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं, ने पुलिसवालों पर हमला बोल दिया।

महिलाओं ने कथित तौर पर पुलिसकर्मियों को थप्पड़ मारे, लात-घूंसे चलाए और उन्हें पीटना शुरू कर दिया। भीड़ अनियंत्रित हो गई थी। पथराव शुरू हो गया और पुलिस की गाड़ियों पर हमला किया गया। भीड़ के हमले में थाने के एसएचओ सहित करीब 10 पुलिसकर्मी घायल हो गए। कुछ जवान गंभीर रूप से चोटिल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके बाद स्थिति को काबू करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज का सहारा लिया। अतिरिक्त पुलिस बल को मौके पर बुलाया गया। फिलहाल मामला शांत हो गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# चिंता: महिलाओं की लावारिस लाशों का नहीं हो पाता खुलासा



### महत्वपूर्ण तथ्य

- शातिर कातिल मिटा देते है मौके से सबूत
- पुलिस रह जाती है इन मामलों में खाली हाथ
- ज्यादातर हत्याए अवैध संबंधों की वजह से



**समीउल्लाह**

**बिजनौर।** जनपद में मिलने वाली महिलाओं व युवतियों की ज्यादातर लावारिस लाशों का खुलासा नहीं हो पाता है। न तो कातिल ही पकड़े जाते है और न ही यही पता चल पाता है कि मरने वाली कौन थी। पुलिस के सामने भी इस तरह के मामलों का खुलासा करना बड़ी चुनौती होता है। कातिल इतने शातिर होते हैं कि वह पुलिस को चुनौती देते हुए सबूत ही मिटा देते है।

गौरतलब है कि जनपद में महिलाओं व युवतियों की लावारिस लाशें अक्सर मिलती रहती है। यह लाशें या तो खेतों के अंदर पड़ी मिलती है या फिर सड़कों के किनारे। कई बार तो इस तरह की लाशों को नहरों व नदियों में भी डाल दिया जाता है। जिससे न तो आगे चल कर लाश ही बरामद हो पाती है और न ही पकड़े जाने का खतरा रहता है। झलरा के जंगल में कई साल पूर्व एक महिला को चारपाई से बांध कर जला दिया गया था। उसकी लाश कोयला बन गई थी। पैरों में पहने बिछुए ही सबूत के तौर पर बचे थे। लेकिन पुलिस उस लाश की आज तक शिनाख्त नहीं करा पाई। इसके बाद जनपद में कई लाशें बरामद हुई। स्योहारा थाना क्षेत्र में नहटौर मार्ग पर एक युवती की लाश बरामद हुई थी। जिसकी आज तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। यह फेहरिस्त काफी लम्बी है। पिछले दिनों शहर कोतवाली क्षेत्र में महिला की लाश मिली थी। इस मामले में पुलिस ने हत्यारोपी शबनम व उसके साथी को जेल तो भेज दिया, लेकिन पुलिस यह शिनाख्त नहीं करा पाई कि लाश किसकी थी। सिर्फ इतना बताया गया कि लाश रूबी की थी। रूबी कहा की रहने वाली थी और किसकी बेटी थी, इसका आज तक पता नहीं चल पाया है।

बीती रात नगीना थाना क्षेत्र में भी एक महिला की गला कटी लाश मिली है। समाचार लिखे जाने तक लाश की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। न ही कातिल पकड़े गए है। पुलिस के सामने इस लाश की शिनाख्त कराना और कातिलों को पकड़ना किसी चुनौती से कम नहीं है। नगीना के एक बाग में बरसों पूर्व बक्से में बंद युवती की लाश मिली थी। जिसकी पुलिस शिनाख्त नहीं करा पाई थी और इस मामले को पुलिस ने बंद कर दिया था।

सूत्रों का कहना है कि इस तरह की ज्यादातर हत्याएं अवैध संबंधों के चलते होती है। कातिल जब परेशान हो जाते है, तो यह रास्ता चुनते है। हत्या कही दूसरी जगह की जाती है और लाश को दूसरी जगह फेंक दिया जाता है। कातिल इतने शातिर होते है, कि वारदात के दौरान न तो अपने पास मोबाइल रखते है और न ही लाश के पास ऐसा कोई सबूत छोड़ते है कि उसकी शिनाख्त हो सके। उन्हें पता रहता है कि पुलिस अभियुक्तों को किन सबूतों के आधार पर पकड़ती है। पुलिस जितनी ज्यादा हाईटेक हो गई है, अभियुक्त उससे ज्यादा शातिर हो गए है। अब देखना यह है कि नगीना में मिली लाश की शिनाख्त पुलिस करा पाती है या नहीं। नगीना में महिला को गला काट कर बड़ी बेदर्दी से मारा गया है। हालांकि पुलिस ने इस कत्ल के मामले में शिनाख्त कर ली है। वो तो शुक्र करो कि मृतका हिना नहटौर की जिगर कॉलोनी की ही थी। अगर मृतका गैर जनपद की होती, तो आसानी से शिनाख्त नहीं हो पाती। इस तरह की वारदातों में खुलासे में जितनी देर होती है, उतने ही सबूत खत्म हो जाते है और वर्क लोड के चक्कर में पुलिस भी मामले को ठण्डे बस्ते में डाल देती है।

# रोडवेज बस में सर्राफ का बैग काटकर लाखों के जेवर चोरी

### किरतपुर से चांदी के जेवर लेकर हल्दौर जा रहा था सर्राफ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रोडवेज बस में उस वक्त हड़कंप मच गया। जब हल्दौर निवासी सर्राफ का बिजनौर डिपो की बस में उतरते समय बैग काटकर उचक्कों ने करीब डेढ़ लाख के जेवर चोरी कर लिए। घटना का पता सर्राफ को बस से उतरने के बाद चला। बैग कटा देखकर सर्राफ के होश उड़ गए। सर्राफ ने घटना की जानकारी अपने परिजनों व रोडवेज में ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों को दी।

हल्दौर के मुख्य बाजार में सर्राफा की दुकान करने वाले मोतीलाल पुत्र रमेश चंद शनिवार को किरतपुर के सर्राफ से चांदी के जेवर लेकर हल्दौर जा रहे थे। चांदी के जेवर बैग में पीले कपड़े के थैले में रखे हुए थे। दोपहर करीब सवा बजे बिजनौर रोडवेज डिपो में बस से उतरते समय बैग कटा हुआ मिला और जेवर गायब थे। जिसे देखकर सर्राफ के होश उड़ गए। सर्राफ ने उचक्कों को आसपास तलाश किया, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। सर्राफ मोतीलाल ने घटना की सूचना अपने परिजनों व रोडवेज परिसर में ड्यूटी पर तैनात पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही रोडवेज डिपो पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने परिसर में उचक्कों को तलाश किया, लेकिन चोर गायब हो चुके थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। सर्राफ मोती लाल ने बताया कि बस से उतरते समय चार-पांच युवकों ने उन्हें घेर लिया था। एक युवक गोरा और लंबा था तथा शानदार कपड़े पहने हुआ था।

शहर कोतवाल धर्मेन्द्र सोलंकी ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

## तीन के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**नहटौर।** ग्राम सलारपुर सफ्फकतपुर निवासी अब्दुल कलाम ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसका 12 वर्षीय पुत्र मौहम्मद उजैर एक प्लाट में खेल रहा था। पुरानी रंजिश के चलते गांव के जमील पुत्र बरकत अली ने दो अन्य किशोर के साथ मिलकर उसके पुत्र मौहम्मद उजैर के साथ लाठी-डंडे व चाकू के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। घायल सीएचसी से जिला अस्पताल रैफर किया गया है। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि जमील अहमद सहित तीन के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## एक नजर

### बिजनौर में अंकित व मनोज अरेस्ट

**बिजनौर।** शहर कोतवाली में 22 अक्टूबर को ग्राम नवलपुर बैराज निवासी मोहन सिंह पुत्र रमेश सिंह ने तहरीर दी थी कि अभियुक्त जौनी पुत्र सतेन्द्र, अंकित व विशाल उर्फ कल्लू पुत्रगण राजकुमार, अमित पुत्र गुड्डू एवं मनोज पुत्र सरपंच निवासीगण ग्राम नवलपुर ने उसके साथ गुण्डागर्दी करते हुए जान से मारने की नीयत से धारदार हथियारों से जानलेवा हमला किया। शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 889/2025 धारा 191(2), 191 (1), 109 (1), 351 (2) व 352 बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने अंकित पुत्र राजकुमार एवं मनोज पुत्र सरपंच को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ पूर्व से ही मुकदमा अपराध संख्या 50/2023 धारा 323, 354, 452 व 506 में शहर कोतवाली में अभियोग पंजीकृत है।

### वसीम अकरम को मिली जिम्मेदारी



**बिजनौर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन व राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने स्थानीय कांग्रेस नेता व अल्पसंख्यक कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वसीम अकरम एड. को बिहार विधानसभा चुनाव में बगहा विधानसभा क्षेत्र का सह पयवेक्षक नियुक्त किया है। वसीम अकरम एड. का कहना है कि बिहार में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनने जा रही है और भाजपा सरकार द्वारा किए गए पापों की वजह से वहां की जनता बेहद परेशान है।

### सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटाया



**रेहड़।** ग्राम मोहिउद्दीनपुर में पुलिस की मौजूदगी में राजस्व विभाग की टीम ने सरकारी भूमि से अवैध कब्जे को हटवा दिया। ग्राम मोहिउद्दीनपुर के लेखपाल हिमांशु ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तान नगर उर्फ सादकपुर निवासी सिराजुद्दीन पुत्र अब्दुल शकूर ने 26 सितंबर को आइजीआरएस पर दर्ज कराई गई। अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि ग्राम मोहिउद्दीनपुर के गाटा संख्या 79 में स्थित सरकारी भूमि पर कुछ ग्रामीणों ने अपने बिटोड़े व लकड़ियां आदि रखकर अवैध कब्जा कर लिया है। जांच के दौरान सरक. ारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण पाया गया। जिसके चलते शनिवार शाम पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम जेसीबी मशीन के साथ मौके पर पहुंची और सरकारी भूमि से कुछ लोगों का अवैध कब्जा हटवा दिया। जबकि कुछ लोगों ने स्वयं ही अवैध कब्जा हटाने के लिए दो-तीन दिन का समय मांगा। जिस पर राजस्व विभाग की टीम ने अपनी सहमति दे दी। इस दौरान उप निरीक्षक बलवीर सिंह, आरक्षी केशव कुमार व राजेश सिंह, महिला आरक्षी अनुष्का, लेखपाल हिमांशु, आस मौहम्मद, तेजपाल, नरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

### रोडवेज बस स्टैंड पर जेब काटी

**बिजनौर।** स्थानीय रोडवेज बस स्टैंड पर आज शाम दिल्ली जाने वाली बस में सवार नजीबाबाद की आदर्श कॉलोनी निवासी रविंद्र सिंह पुत्र अभिषेक की किसी ने जेब काट ली। उनकी जेब में लगभग 12 हजार रुपए थे। जब वह सामान लेने के लिए नीचे उतरे, तो उन्हें जेब काटे जाने के बारे में पता चला। सूत्रों का कहना है कि कांशीराम कॉलोनी एवं लडापुरा के कई युवक भीड़ का फायदा उठा कर जेब काट रहे है। शहर कोतवाली पुलिस इन संदिग्द्ध युवकों को नहीं पकड़ती है। जेब काटने के ज्यादातर मामले पुलिस तक पहुंच भी नहीं पाते है। यात्री अपना सफर पूरा करने की जल्दी में शहर कोतवाली तक नहीं पहुंचते है। जिसका फायदा जेब कतरों को मिल जाता है।

# मकान के विवाद में मारपीट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम कासमपुर लेखराज में मकान के विवाद को लेकर मारपीट हो गई। आरोप है कि दूसरे पक्ष ने नफीस की 25 वर्षीय विधवा पुत्री नजरा के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। नजरा की पुत्री के साथ भी मारपीट की गई।

बताया जाता है की नजरा के पति की मृत्यु के बाद वह ग्राम कासमपुर लेखराज में अपने भाइयों के साथ रह रही थी। मकान के विवाद को लेकर उसके साथ मारपीट की गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने नजरा को सीएचसी में भर्ती कराया। उसकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है। उसके सिर में गंभीर चोटे बताई जा रही हैं। आरोप है कि उसके मकान पर कब्जा कर लिया गया। महिला की दोनों पुत्रिया घर के बाहर बैठी हुई है और रोती बिलखती हुई मकान के कब्जा करने की बात कह रही है। आरोप है कि शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। घायल महिला नाजरा की हालत गंभीर बनी है।

# विवाहिता की गला घोट कर हत्या

## पोस्टमार्टम के बाद शव नहटौर पहुंचने पर परिवार में मचा कोहराम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मौहल्ला जिगर कॉलोनी की महिला की नगीना क्षेत्र में हत्या के बाद पोस्टमार्टम होने पर शव उसके घर नहटौर में पहुंचने पर कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में शव को सुपुर्दे खाक कर दिया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर के मौहल्ला जिगर कॉलोनी में किराए पर रह रही महिला हिना 2 दिन पूर्व अचानक रात में गायब हो गई थी। उसके गायब होने की सूचना पुलिस को दी गई थी। बताया जाता है कि हिना का शव नगीना क्षेत्र के जीतपुर पालड़ी में मिला था। उसकी गला घोटकर हत्या कर दी गई थी। उसकी पहचान होने पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई थी। शनिवार की सायं पोस्टमार्टम के बाद उसका शव नहटौर पहुंचने पर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक महिला के 6 बच्चे थे। मूल रूप से वह नहटौर के मौहल्ला ईदगाह की रहने वाली थी। उसकी शादी करीब 13 वर्ष पूर्व नगीना के मौहल्ला मिल्की सराय में नजाकत से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही वह नहटौर आ गई थी। वर्तमान में वह पति व बच्चों के साथ मौहल्ला जिगर कॉलोनी में किराए पर रह रही थी। बृहस्पतिवार की रात को वह घर से गायब हो गई थी। उसकी हत्या होने के बाद नहटौर व नगीना पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। पुलिस ने नहटौर के मौहल्ला जिगर कॉलोनी व आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले है। एक सीसीटीवी फुटेज में वह एक कार में बैठकर जाती हुई नजर आ रही है।

# मोबाइल बुराईयों की जड़: मुफ्ती साजिद रामपुरी

### जलसे में नशीले पदार्थों से दूर रहने की अपील




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** समीपवर्ती ग्राम मानियावाला में बीती रात्रि बाद नमाज ए इशा स्थानीय उलेमाओं की तन्जीम इस्लाह अल मुआशरा के जेरे एहतमाम गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी एक जलसा गांव की जनाजा गाह में आयोजित किया गया। जलसे कि सदारत हजरत मौलाना शफीक अहमद कासमी मोहतमिम मदरसा फैजुल उलूम अफजलगढ़ व निजामत मुफ्ती मौहम्मद इकबाल ने की।

प्रोग्राम की इब्तिदा कारी हबीबुर्रहमान की तिलावत ए कुरआन ए करीम से हुई। जलसे में मौजूद अवाम को खिताब करते हुए मेहमान ए खुसूशी हजरत मौलाना मुफ्ती मौहम्मद साजिद रामपुरी ने कहा कि हमें अल्लाह, कुरआन ए करीम और प्यारे नबी मौहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो चीजें हमारे मजहब में हराम है। आज हमारे मुआशरा में वही सब बुराइयां आम होती जा रही हैं, जो हमारी तबाही और बर्बादी का सबब बन रही हैं। यह हमारे नबी का बताया हुआ रास्ता नहीं है। अब कोई आखिरी पैगंबर नहीं आने वाला जो करना है, हमें खुद करना है। बुराइयों पर चलोगे तो सजा दुनिया में भी और आखरित में भी मिलेगी। उन्होंने कुरआन ए करीम के 18 वें पारा की सूरह नूर का तर्जुमा करते हुए बताया कि बेशक जो लोग यह चाहते हैं की ईमान वालों में फाहशी पन व बेपर्दगी फैलाई जाए। वह हमारे समाज में बेहयाई, उरयानियत फैलाने के काम को अंजाम देकर अपने मकसद में कामयाब हो रहे हैं, जिसका हमारी बहू बेटियों पर बुरा असर पड़ रहा है और वह अपना रास्ता भटक रही हैं।

उन्होंने मोबाइल को तमाम बुराइयों की बुनियादी जऔर बताते हुए कहा कि आज हमारे काम के नौजवान बेटे बेटियां मोबाइल से गलत सीख लेकर बुराइयों की ओर जा रहे हैं। मोबाइल के साथ-साथ आज हमारी कौम का नौजवान शराब, नशे की गोलियां, सुंघने वाला ट्यूब, अफीम, सुल्फा, गांजा, हीरोइन, कोकीन जैसे नशीले पदार्थ व जुआ, सट्टा, जिना जैसे हराम कामों में गर्क होता जा रहा है। आज हमारी बहन बेटियां मोबाइल की वजह से रास्ता भटक कर अपने खानदान, कौम और खुद को बदनामी की भट्टी में झोंक कर अपनी जिन्दगी तबाह कर रही है। अगर जल्दी हमने समाज में फैली हुई बुराइयों को दूर नहीं किया तो इसका अंजाम बहुत खौफनाक होगा।

इस मौके पर कारी मौहम्मद अय्यूब मौहतमिम मदरसा इशातुल उलूम, हजरत मौलाना नईम अहमद इमाम ईदगाह, मौलाना मौहम्मद असलम, कारी मौहम्मद तय्यब, हाफिज मौहम्मद इदरीस, कारी अली हुसैन, मौलाना अब्दुल जब्बार, मौलाना शमीम अहमद मोहतमिम मदरसा अनवर उल उलूम, प्रधान पति तसव्वुर कुरैशी, साबिक प्रधान अहमद हसन, कुरैशी, कारी मौहम्मद आसिफ आदि मौजूद रहे।

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**धामपुर।** धामपुर-नजीबाबाद रेल मार्ग पर ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना पीपलसाना और पुरैनी स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक की है। स्थानीय पुलिस और जीआरपी टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक के पास से मिले आधार कार्ड और पूछताछ के आधार पर उसकी पहचान कपिल (30 वर्ष) पुत्र सतीश निवासी अमौलापुर साहनपुर, थाना नजीबाबाद, जनपद बिजनौर के रूप में हुई।

पुलिस ने परिजनों को हादसे की सूचना दे दी है। पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी बिजनौर भेज दिया गया है। घटना के बाद मृतक के घर पर कोहराम मचा हुआ है।

# मुस्लिम समाज को बसपा से जोड़ेंगे नाजिम अल्वी



### मायावती ने दी बड़ी जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बसपा अध्यक्ष मायावती ने वरिष्ठ नेता नाजिम अल्वी (हर्रा) को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए मुस्लिम समाज भाईचारा कमेटी के मुरादाबाद मंडल का प्रभारी बनाया है। इससे पहले वह पार्टी में मुरादाबाद मंडल के प्रभारी थे।

प्राप्त समाचार के अनुसार धामपुर क्षेत्र के ग्राम हर्रा निवासी नाजिम अल्वी पार्टी के पुराने नेता है। वह शुरूआत से ही बसपा से जुड़े हुए है। उन्होंने कभी भी और किसी भी वक्त बसपा का साथ नहीं छोड़ा। वह अच्छे वक्त में भी बसपा में रहे और जब प्रदेश में बसपा की सरकार नहीं रही, तब भी वह बसपा में ही रहे। पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा व पूरी तरह से ईमानदारी को देखते हुए उन्हें कई बार महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारी दी जा चुकी है। वह वर्तमान में पार्टी में मुरादाबाद मंडल के कोऑडिनेटर थे और उन्हें रोहताश सिंह के साथ जनपद बिजनौर में संगठन का काम देखने की जिम्मेदारी दी गई थी। लेकिन विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अब उनकी जिम्मेदारी में बदलाव किया गया है। उन्हें मुरादाबाद मंडल की मुस्लिम समाज भाईचारा कमेटी का प्रभारी बनाया गया है। वह मुस्लिम समाज को पूरे मुरादाबाद मंडल में बसपा के साथ जोड़ने का काम करेंगे। बसपा अध्यक्ष मायावती व अन्य नेता उनके ऊपर विश्वास करते है। साथ ही उनकी कार्यक्षमता के बारे में भी पूरी जानकारी है। इसी लिए उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।

दूसरी तरफ मुस्लिम समाज भाईचारा कमेटी के मुरादाबाद मंडल के प्रभारी बनाए जाने के बाद नाजिम अल्वी ने कहा कि नेतृत्व ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह एक छोटे से कार्यकर्ता है। पार्टी जब भी उन्हें कोई जिम्मेदारी देती है, तो उसे पूरा करने के लिए वह पूरी ताकत लगा देते है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज जागरूक है और वह बसपा की नीतियों को पसंद करता है।

# विवेक यूनिवर्सिटी का सीएसएमयू के साथ एमओयू




### छात्रों को प्रतिस्पर्धी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक यूनिवर्सिटी और छत्रपति शिवाजी महाराज यूनिवर्सिटी (सीएसएमयू), नवी मुंबई के बीच आज एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू का उद्देश्य शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार, छात्र विकास, कौशल निर्माण व फैकल्टी एक्सचेंज कार्यक्रमों के माध्यम से दोनों विश्व विद्यालयों के बीच सहयोग को सुदृढ़ करना है।

इस अवसर पर दोनों विश्व विद्यालयों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू के अंतर्गत संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं, छात्र एवं शिक्षक विनिमय कार्यक्रम, औद्योगिक प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, सेमिनार एवं कार्यशालाओं के आयोजन पर सहमति व्यक्त की गई। कुलाधिपति अमित गोयल ने कहा विवेक यूनिवर्सिटी का लक्ष्य सदैव विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और व्यवहारिक शिक्षा प्रदान करना रहा है। यह एमओयू हमारे विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई संभावनाएं खोलेगा। हमें विश्वास है कि यह साझेदारी दोनों संस्थानों के बीच अकादमिक और अनुसंधान संबंधों को मजबूत करेगी तथा विद्यार्थियों को वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करेगी।

प्रो. कुलाधिपति दीपक मित्तल ने कहा आज के युग में शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नवाचार, कौशल विकास और वैश्विक दृष्टिकोण का संगम है। यह समझौता विद्यार्थियों को नई तकनीकों, विचारों और संस्कृतियों से जोड़ने में मदद करेगा। विवेक यूनिवर्सिटी इस सहयोग के माध्यम से छात्रों को प्रतिस्पर्धी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है।

कुलपति प्रो. (डॉ.) एन.के. गुप्ता ने अपने वक्तव्य में कहा छत्रपति शिवाजी महाराज यूनिवर्सिटी के साथ यह सहयोग विवेक यूनिवर्सिटी के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। दोनों संस्थान संयुक्त रूप से अनुसंधान, फैकल्टी विकास, कॉन्फ्रेंस और वर्क शॉप्स जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से शैक्षणिक गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस एमओयू से विद्यार्थियों को उद्योग के साथ जुड़ाव, इंटर्नशिप और प्रायोगिक अनुभव प्राप्त होगा।

वित्तीय सलाहकार अनिल शर्मा ने कहा आज की शिक्षा बहुआयामी हो चुकी है। इस एमओयू के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल तकनीकी ज्ञान प्राप्त होगा, बल्कि वह अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में भी अपनी पहचान स्थापित कर पाएंगे। यह साझेदारी हमारे विद्यार्थियों को वैश्विक शिक्षा के मानकों के अनुरूप तैयार करने में सहायक सिद्ध होगी। कुलसचिव हितेश शर्मा ने कहा दोनों विश्वविद्यालयों के बीच हुआ यह समझौता शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में नए अवसरों के द्वार खोलेगा। विवेक यूनिवर्सिटी निरंतर ऐसे प्रयास करती रहेगी, जिससे विद्यार्थी आधुनिक शिक्षा प्रणाली के अनुरूप अपने कौशल का विकास कर सकें और समाज के निर्माण में योगदान दें।

स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस एण्ड इंजीनियरिंग के डीन प्रो. (डॉ.) हर्ष कुमार ने कहा यह सहयोग तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी सिद्ध होगा। हमारे विद्यार्थियों को अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस और साइबर सिक्योरिटी जैसे आधुनिक विषयों पर संयुक्त प्रोजेक्ट्स और इंडस्ट्री आधारित प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। यह कदम उन्हें भविष्य की डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए तैयार करेगा। इस अवसर पर दोनों विश्व विद्यालयों की ओर से डॉ. विकास कुमार, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, कंप्यूटरसाइंस एण्ड इंजीनियरिंग प्रो. (डॉ.) हर्ष कुमार, ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता पांच वर्षों तक प्रभावी रहेगा और दोनों संस्थान शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में संयुक्त रूप से कार्य करते रहेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. राशि तंवर, ईला सिंह, प्रो. प्रांशु कुमार, प्लेसमेंट ऑफिसर नितिश वर्मा का योगदान रहा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# क्षेत्र पंचायत चुनाव का बिगुल बजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** ग्राम प्रधानी के चुनाव से लेकर क्षेत्र पंचायत चुनाव का भी बिगुल बज चुका है। ग्राम प्रधानी के प्रत्याशियों ने वोटरों से घर-घर जाकर मुलाकात कर उनके दुख दर्द में उनके हालचाल पूछने शुरू कर दिए हैं।

ग्राम प्रधानी के प्रत्याशियों ने ग्राम प्रधानी के चुनाव को लेकर अपनी पुरी ताकत झोक दी है। ग्राम प्रधानी के चुनाव में दलालों की भी मांग बढ़ रही है। कुछ दलालों ने ग्राम प्रधानी के प्रत्याशियों को हारने व जीताने की जिम्मेदारी लें ली है। दलालों ने सुबह उठकर कलफ का कुर्ता पायजामा पहनाकर अपने-अपने घरों से निकल कर प्रत्याशियों की चौखट पर दस्तक देते हैं। दिन भर प्रत्याशियों को हराने जीतने में लगे रहते हैं। ताजपुर ग्राम पंचायत की आबादी लगभग पचास हजार के



आसपास है। यहां वोटर की संख्या पंद्रह हजार है। हिन्दू व मुस्लिम वोट बराबर-बराबर है। हिन्दू समाज से ग्राम प्रधानी के चुनाव में ताल वरिष्ठ भाजपा नेता अंकित शर्मा समाजसेवी प्रदीप त्यागी ठेकेदार मकसूद अंसारी ग्राम प्रधान पति अखिल भारतीय प्रधान संघ उपाध्यक्ष हाजी शमशाद फरीदी अभी तक चार प्रत्याशियों ने अपने पत्ते खोल दी है। अब देखना यह है कि अबकी बार कौन से प्रत्याशी के





## वोटरों से घर-घर जाकर की जा रही मुलाकात

सिर ग्राम प्रधानी का ताज बंधने जा रहा है। ठेकेदार मकसूद अंसारी एक समाजसेवी के साथ सामाजिक व्यक्तियों में गिनती होती है। कई सालों से गरीबों, बेसहारों की मदद करते आ रहे हैं। उनका कहना है कि अगर ग्राम प्रधानी का चुनाव जनता जिताया, तो बस्ती के अन्दर बगैर किसी भेदभाव के विकास कराया जायेगा। सभी धर्मों के लोगों को सम्मान दिया जाएगा। प्रदीप त्यागी एक खुशमिजाज व्यक्ति हैं। उनका कहना है कि ताजपुर बस्ती एक बड़ी बस्ती है। चुनाव जीतने के बाद बस्ती का बगैर किसी भेदभाव के विकास कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि पिछले दफा कम वोटों से हारने का दुख हुआ। मगर अबकि बार जनता



का मन बना लिया है। सभी धर्मों के लोगों की दुआं से चुनाव जीत कर खुब विकास करुंगा। यह मेरा वादा है ग्राम प्रधान पति हाजी शमशाद फरीदी इस बार भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। उनका कहना है कि हमने ग्राम पंचायत में बगैर किसी भेदभाव के विकास कराया है। हम विकास के नाम पर फिर से चुनाव जीत कर दूसरी बार प्रधान बनने जा रहे हैं। हमारे साथ सभी धर्मों व जातियों के लोग हमारे साथ है। भाजपा नेता अंकित शर्मा ने कहा कि ताजपुर की जनता बदलाव चाहती है। बदलाव के साथ ताजपुर का विकास चाहती है इसके लिए हम से अच्छा प्रत्याशी कोई और दूसरा हो नहीं सकता। ग्राम प्रधानी का चुनाव जीतकर हर गली मौहल्लों को साफ सुथरा किया जायेगा। सरकार की हर योजना गरीबों, बेसहारों तक पहुंचाने का काम किया जायेगा। बगैर किसी भेदभाव के विकास किया जायेगा। चारों ग्राम प्रधानी के प्रत्याशियों ने अपने अपने दावे कर दिए हैं। अब देखना है कि ताजपुर की जनता किसके सर पर प्रधानी का ताज रखतीं हैं। यह तो वक्त ही बताएगा। बरहाल इस वक्त वोटरों से दलालों की मौज मस्ती चल रही है। होटलों, गली गलियारों में ग्राम प्रधानी के चुनाव के चर्चा हो रही है। ग्राम प्रधानी प्रत्याशियों के समर्थक एक दूसरे को हारने वह जीताने में लगे हुए है।

# शादी समारोह में शामिल होने जा रहे व्यक्ति की हादसे में मौत

## नहटौर में शोक का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** भतीजे की शादी में शामिल होने नहटौर आ रहे परिवार की कार बड़ौदा के पास दुर्घटनाग्रस्त होने पर मौलाना मुजाहिद कासमी की मौत हो गई। जबकि उनका परिवार घायल हो गया। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर के मौहल्ला दरबार सादात निवासी मौलाना मुजाहिद कासमी कुछ वर्ष पूर्व मुम्बई चले गए थे। वह मुम्बई में रह रहे थे। शनिवार को नहटौर में भतीजे की शादी में शामिल होने के लिए वह परिवार सहित कार से नहटौर आ रहे थे। बताया जाता है



कि रास्ते में बड़ौदा के पास उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार एक पेड़ पर जा चढ़ी। कार में सवार उनकी पत्नी व अन्य सदस्य भी घायल हो गए। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। मौलाना मुजाहिद कासमी की सड़क दुर्घटना में मौत का पता चलने पर नहटौर में शोक छा गया।

# डेढ़ वर्ष बाद कब्र से निकाला युवक का शव

## पत्नी की शिकायत पर मौत का कारण जानने को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांव बैरमपुर खजूरी में करीब डेढ़ वर्ष पूर्व दफनाए गए युवक का शव मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस ने निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उसकी पत्नी ने मृत्यु का कारण जानने के लिए डीएम को प्रार्थना पत्र दिया था।

नहटौर क्षेत्र के गांव बैरमपुर खजुरी निवासी जमशेद पुत्र तौकीर की शादी करीब 6 वर्ष पूर्व स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव रवाना शिकारपुर फरहीन पुत्री मुस्ताक से हुई थी। जमशेद दिल्ली में ड्राइवरी का काम करता था। बताया जाता है कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व गांव आया हुआ था और तालमपुर सरूद्दीननगर के बीच रास्ते में बेहोशी की हालत में मिला था।



उपचार को ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई थी। उसके परिवार वालों ने जमशेद के शव को गांव के कब्रिस्तान में दफना दिया था। उसकी पत्नी ने ससुरालयों पर कई तरह के आरोप लगाते हुए मौत का कारण जानने के लिए 30 जुलाई 2025 को



जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया था, जिसके अनुपालन में एसडीएम धामपुर के आदेश पर शुक्रवार की दोपहर करीब 2:00 बजे नायब तहस. ीलदार राजकमल यादव, कानूनगो सुरेंद्र सिंह, लेखपाल गौरव, थानाध्यक्ष धीरज नागर की मौजूदगी में गांव स्थित कब्रिस्तान से जमशेद का शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि डीएम के आदेश पर मृतक जमशेद का शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# नगीना में बढ़ रहा बंदरों का आतंक

## नगर पालिका परिसर में चौकीदार पर हमला कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कस्बे में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ रहा है, जिससे लोग और सरकारी कर्मचारी दोनों ही परेशान हैं।

शनिवार की शाम को नगर पालिका कर्मचारी को बंदरों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके पहले भी कई बार कई लोग कुत्तों और बंदरों के हमलों से गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद नगर पालिका प्रशासन की ओर से बंदरों को पकड़ने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। नागरिकों व कई सभासद भी प्रशासन से बार-बार बंदरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते रहे हैं।

वार्ड नंबर 15 के सभासद मौ. अहमद के अनुसार शनिवार की शाम को कस्बे के नगर पालिका कार्यालय में एक कर्मचारी शुऐब अहमद पुत्र अजीज निवासी सरायमीर पर बंदरों ने हमला कर दिया। चौकीदार शोएब के



हाथ पर काट कर गहरा घाव कर दिया गया। कर्मचारी ने अपनी जान बचाने के लिए भागकर बचने की कोशिश की। सभासद मौहम्मद अहमद ने बताया कि कार्यालय में बैठे सभासद मौहम्मद अहमद, शानू, संजीव दत्त शर्मा, मौ. तालिब व लिपिक मुनीर आलम शोर सुनकर कमरे से बाहर आए और बामुश्किल चौकीदार को बंदरों से बचाया। घायल कर्मचारी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि कस्बे में बंदरों के झुंड घूमते रहते हैं और आए दिन लोगों पर हमला कर देते हैं। इससे पहले भी बाजार में बंदरों ने कई लोगों को घायल किया है। बंदरों के बढ़ते आतंक से परेशान ग्रामीणों ने कई बार नगर पालिका प्रशासन से बंदरों को पकड़ने की मांग की है, लेकिन प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए और बंदरों व कुत्तों को पकड़ने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए ताकि कस्बे में शांति बहाल हो सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# जीवन प्रमाण पत्र कोषागार में जमा करें पेंशनर्स

**बिजनौर।** वरिष्ठ कोषाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी माह नवम्बर, दिसम्बर में अपना जीवन प्रमाण पत्र कोषागार में जमा कराने के लिए बड़ी संख्या में पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स के आना सम्भावित है। उन्होंने कोषागार बिजनौर से जुडें सभी पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स से अनुरोध किया कि कोषागार में भीड-भाड़ एवं मार्ग की विभिन्न प्रकार की असुविधाओं से बचने के लिए निम्नलिखित पोर्टल www.jeevanpramaan.gov.in पर डिजिटली जीवन प्रमाण पत्र भेज सकते है व संबंधित बैंक के माध्यम से भी जीवन प्रमाण पत्र भी भेज सकते हैं। उन्होंने बताया कि कोषागार में भौतिक रूप से आने की दशा में, अपना आधार कार्ड, नवीनतम फोटोयुक्त बैंक पासबुक एवं नवीनतम फोटो अपने साथ लाना अनिवार्य है।

# महिलाएं और बालिकाएं आत्मनिर्भर और सशक्त बनें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर में एंटी रोमियो टी ने मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया, जिसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त और सुरक्षित बनाना है।

नगर में एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त और सुरक्षित हेतु जागरूक किया गया। इस अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और स्वावलंबन का



सशक्त संदेश दिया गया। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला पुलिस हेल्पलाइन 112, आश्रय गृह 1076, तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी। महिलाओं एवं बालिकाओं को इन नंबरों के प्रयोग की जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा और सहायता के ये नंबर प्रत्येक महिला और बालिका के मोबाइल में सुरक्षित होने चाहिए। यह भी कहा कि मिशन शक्ति का लक्ष्य केवल सुरक्षा नहीं बल्कि महिलाओं के सम्मान, आत्मनिर्भरता और समान अवसरों की दिशा में ठोस परिवर्तन लाना है। इस पहल से महिलाओं और बालिकाओं में सुरक्षा और आत्मविश्वास की भावना बढ़ेगी, जिससे वह अपने जीवन को बेहतर ढंग से जीने में सक्षम हो सकेंगी।

# जनपद स्तरीय मिलेट्स मेला सह प्रदर्शनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता तथा साकेन्द्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत की गरिमापूर्ण उपस्थिति में जिला स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी-2025, जनपद स्तरीय फसल अवशेष प्रबन्धन गोष्ठी-2025 एवं एक दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन काकरान वाटिका बिजनौर में किया गया।

इस अवसर पर कुणाल रस्तौगी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बिजनौर, जय सिंह कुशवाहा डी.एफ.ओ. बिजनौर, डॉ. घनश्याम वर्मा, उप कृषि निदेशक, डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, जसवीर सिंह तेवतिया, जिला कृषि अधिकारी बिजनौर, महेश गौतम वन क्षेत्राधिकारी बिजनौर, डॉ. केके सिंह, कृषि वैज्ञानिक, डॉ. पिन्टू सिंह, कृषि वैज्ञानिक, श्रीमती शिवांगी कृषि वैज्ञानिक एवं लगभग 750 से अधिक कृषक बंधु मौजूद थे।

साकेन्द्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत बिजनौर एवं श्रीमती जसजीत कौर जिलाधिकारी द्वारा किसान मेला/गोष्ठी का फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर, शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा कृषि, कृषि से सम्बद्ध विभागों तथा निजी उर्वरक / कीटनाशक विक्रेताओं द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय एफपीओ मौ.पुर देवमल फैड प्रो. ेक.लि. के अध्यक्ष चौधरी सर्वेन्द्र कुमार को कस्टम हाईरिंग सेन्टर चाबी प्रदान करते हुए प्रोत्साहित किया गया। साकेन्द्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत बिजनौर द्वारा गोष्ठी में उपस्थित सभी किसान भाईयों से अपेक्षा की गयी कि गोष्ठी में उपस्थित कृषि एवं कृषि से सम्बद्ध विभागों एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा जो जानकारी उपलब्ध करायी है उनका अनुश्रवण अवश्य करे साथ ही कृषि में नयी-नयी विधाओं का प्रयोग करते हुए सहफसली खेती करे ताकि अधिक से अधिक लाभ प्राप्त किया जा सके। गोष्ठी में उपस्थित किसान भाईयों से अपने खाने में मिलेट्स को समावेश करने का भी आग्रह किया गया एवं मिलेट्स के गुणों के विषय में भी बताया गया। श्रीमती जसजीत कौर द्वारा रबी उत्पादकता गोष्ठी 2025 में जनपद में रबी सीजन के अन्तर्गत बीज, उर्वरक, मिनीकिट वितरण आदि की उपलब्धता के विषय में जानकारी दी गयी एवं कृषि विभाग में संचालित योजनाओं का लाभ न्याय पंचायत स्तर तक कृषकों को पहुंचाने के लिए गोष्ठी में उपस्थित अधिकारियों/कृषकों से अपेक्षा की गयी कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए जनपद के कृषकों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। कृषि वैज्ञानिक कृषि की नवीनतम तकनीकी जानकारी कृषकों को उपलब्ध करायें, ताकि कृषक कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर लाभान्वित हो सकें। इस सम्बन्ध में कृषि अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों को निर्देश दिये गये कि इस सम्बन्ध में कार्य योजना तैयार कर रबी अभियान को सफल बनाएं। गोष्ठी में पराली प्रबन्धन के विषय में विस्तृत रूप से अवगत कराते हुए अधिकारियों/कृषकों से अपील की गयी कि खरीफ फसलों के अवशेषों को न जलाकर, उन अवशेषों से जैविक खाद का उत्पादन करे तथा जैविक खाद को अपने खेतों में डालकर खेतों की मिट्टी की उर्वरकता बढ़ाये। डीएम द्वारा गोष्ठी में उपस्थित सभी कृषकों एवं अन्य अधिकारियों को कृषि अपशिष्ट न जलाने की शपथ दिलायी गयी। गोष्ठी में उपस्थित कृषकों से अपेक्षा की गयी कि शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के कम में जनपद में फार्मर रजिस्ट्री बनवाने हेतु ग्राग पंचायतों में कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राजस्व एवं कृषि विभाग के कर्मचारी उपस्थित होकर किसान भाईयों की फार्मर रजिस्ट्री करा रहे है।

## एक नजर

### कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जे का प्रयास



**नगीना।** सपा नेता शमशाद रशीद माहीगीर के नेतृत्व में माहीगीर बिरादरी के दर्जनों लोगों द्वारा तहसीलदार अमरपाल सिंह को सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि मौहल्ला सरायमीर में उनकी बिरादरी माहीगीर (मछियारा) का एक कब्रिस्तान था। जिसका खसरा न.112 व रकबा लगभग 1 बीघा है। आबादी के बीच में आने के कारण उसको पंचायत घर का रुप दे दिया गया है तथा कब्रिस्तान दूसरी जगह बना लिया है। ज्ञापन में कहा गया है कि कब्रिस्तान के बराबर की खसरा नं.114 की भूमि उसके मालिकों ने कृपाल सैनी व सलीम को विक्रय कर दी है, जिसमें अब आबादी हो गई है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि मौहल्ला सरायमीर निवासी सलीम अहमद पुत्र हाजी अब्दुल सलाम व मौहल्ला मिलकियान तकी सराय स्योहारा निवासी फैसल मेहताब पुत्र मेहताब अली अपने आपको राजनीतिक नेता बताकर कब्रिस्तान की आराजी पर कब्जा करना चाहते हैं। यदि इन लोगों ने कब्रिस्तान की आराजी पर कब्जा कर लिया तो माहिगीर बिरादरी का नुकसान होगा तथा मामले को लेकर मौके पर कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है। ज्ञापन देने वालों में माहिगीर बिरादरी के फहीम अहमद, अहसान, जमालुद्दीन, गुलजार, जैनुल अबीदीन, सरफराज, नसीम अहमद, नूर अहमद आदि दर्जनों लोग शामिल रहे।

### प्रकाश पर्व के दूसरे निकाली प्रभातफेरी



**धामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में चल रहे पहली पातशाही साहिब श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 13 दिवसीय प्रकाश पर्व के दूसरे दिन निकाली गई प्रभात फेरी में गुरमुख परिवारों ने वाहेगुरु वाहेगुरु की सामूहिक ध्वनि से निर्धारित मार्गो को गुरु वाणी मय बना दिया। प्रभातफेरी का दो स्थानों पर बोले सो निहाल सत श्री अकाल तथा वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह के सामूहिक जयकारों के बीच स्वागत हुआ। वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह तथा प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट एवं सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला के संरक्षण और निर्देशन में समूची संगत के सहयोग से निकाली गई। प्रभात फेरी का दूसरा स्वागत गुरु नानक पब्लिक गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में हुआ। जहां गुलशन लाल छाबड़ा तथा छाबड़ा परिवार की प्रतिभाशाली बिटिया खुशी छाबड़ा ने गुरु वाणी शब्दों की प्रभावी प्रस्तुति से विद्यालय परिसर को गुंजा दिया। जबकि डॉ. अमरजीत सिंह चावला ने आनंद साहिब जी के पाठ का उच्चारण करते हुए पंथ से संबंधित जयकारों को भी उपस्थित संगत से उच्चारित कराया। प्रभात फेरी गुरुद्वारा में पहुंचकर संपन्न हुई।

### निर्वाचक नामावालियों की तैयारी की समीक्षा

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह की अध्यक्षता में आज पूर्वाह्न 11:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों की तैयारियों की कार्यवाही से संबंधित प्राप्त फार्म-19 की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि शिक्षक खण्ड निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण की कार्यवाही 30 सितंबर 2025 से प्रारम्भ हो चुकी है व 06 नवंबर, 2025 तक पात्र व्यक्तियों से फार्म-19 पर आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। तत्पश्चात् तैयार की गयी निर्वाचक नामावलियों का दिनांक 25 नवंबर 2025 को आलेख्य प्रकाशन किया जायेगा तथा 25 नवंबर 2025 से 25 दिसंबर 2025 तक पुन: फार्म 19 पर पात्र व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। 30 दिसंबर 2025 को निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। इस अवसर पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भाजपा से धीर सिंह, बसपा से मौहम्मद सिद्दीक तथा सपा से अखलाक पप्पू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## एक नजर

### मिठास मेले में राधा रानी को सम्मान



**चांदपुर।** महिला स्वयं सहायता समूह ग्राम इस्सेपुर के राधा रानी को मिठास मेला शाहजहांपुर में एक विशेष सम्मान से नवाजा गया। इस समूह को वी.के. शुक्ल निदेशक उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान समूह की गन्ना बीज की सीडलिंग तैयार करने में उल्लेखनीय उपलब्धियों और महिला सशक्तिकरण एवं ग्रामीण विकास में उनके योगदान के लिए दिया गया है। समूह ने अपने क्षेत्र में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और सामुदायिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक वीएम पाठक ने बताया कि समूह ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और सामुदायिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस सम्मान के माध्यम से राधा रानी महिला स्वयं सहायता समूह को अपने कार्य को और अधिक विस्तार से करने के लिए प्रेरणा मिली है। यह जानकारी सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक ने दी।

### शांति समिति की बैठक



**अफजलगढ़।** थाना दिवस के मौके पर शांति समिति की एक बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने की तथा संचालन कस्बा इंचार्ज प्रवीण कुमार ने किया। थाना अध्यक्ष ने कहा थाना दिवस के मौके पर छह शिकायत आई। एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बाकी शिकायत संबंधित अधिकारियों को सौंप दी गई। थाना अध्यक्ष ने कहा सभी फरियादों को गंभीरता से सुना जाएगा। उन्होंने कहा अशांति फैलाने वालों के साथ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्राम प्रधानों से कहा कि छोटी-मोटी बातों को अपने यहां बैठकर निपटाए। फिर भी अगर कोई न माने, तो उसकी सूचना पुलिस को दें। पुलिस कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगी। उन्होंने कहा छोटे बच्चे मोटरसाइकिल न चलाएं, युवक बुलेट में पटाखे न मारे। वरना कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर लेखपाल सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

### शादीपुर में योग शिविर



**कोतवाली देहात।** प्रज्ञा योग एवं मेडिटेशन संस्था द्वारा ग्राम शादीपुर में नि:शुल्क योग शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर योग अभ्यास कराया गया। योगाचार्य निखिल भारद्वाज ने कहा कि योग हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। हम योग के माध्यम से स्वस्थ रह सकते हैं। इस अवसर पर सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भुजंगासन, मयूर आसन, प्राणायाम अनुलोम-विलोम, कपालभाति आदि का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में अशोक प्रधान, ऋतुराज सिंह, शुभम, देवेंद्र मलिक, अमर सिंह कश्यप, सचिन मौर्य, नितिन मौर्य आदि मौजूद रहे।

### क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



**स्योहारा।** बीती रात एमक्यू इंटर कॉलेज के विशाल मैदान में एक शानदार खेल आयोजन का शुभारंभ हुआ। स्वर्गीय हाजी अब्दुल कदीर मंस. ूरी की याद में आयोजित हाजी कदीर मंसूरी मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन नगर के लोकप्रिय युवा समाजसेवी असजद चौधरी ने फीता काटकर किया। तीन दिवसीय इस नाइट टूर्नामेंट में नगर व आसपास के क्षेत्रों की कई टीमें हिस्सा ले रही हैं। पहले दिन कुल 5 रोमांचक मुकाबले खेले गए। मुख्य आकर्षण रहा चौधरियान बनाम उस्मान नगर जूनियर टीम का मुकाबला, जिसमें कड़े संघर्ष के बाद उस्मान नगर जूनियर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया। उद्घाटन समारोह में युवा समाजसेवी असजद चौधरी ने खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को एकता भाईचारे और स्वास्थ्य की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। खेल ही वह माध्यम है जो समाज को जोड़ने का काम करता है। इस अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य लोग और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। मंच पर आतिफ अल्ताफ, आसिफ मंसूरी, फैज सदाकत, साजिद अंसारी, इकबाल अंसारी, इस्लामू सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान मैदान में उत्साह का माहौल रहा और दर्शकों ने खिलाड़ियों का जोश बढ़ाया। आने वाले दिनों में होने वाले सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों को लेकर युवाओं में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरे बड़े पुत्र शुएब खुर्शीद ने परिवार की बिना अनुमति के वर्ष 2020 में कस्बा बढ़ापुर निवासी नाजिया से विवाह किया था व विवाह के बाद से ही मेरा पुत्र शुएब खुर्शीद व उसकी पत्नी नाजिया मेरे व मेरी पत्नी सहित अन्य बच्चों से अभद्र व्यवहार व गाली-गलौच करते रहते है। मेरे पुत्र ने दिनांक:- 29 जुलाई 2025 को मेरे व मेरे परिवार के साथ गाली गलौच सहित मारपीट करते हुए मकान को बेचकर रुपये की मांग की थी। मैं व मेरा परिवार मेरे पुत्र शुएब खुर्शीद व उसकी पत्नी नाजिया से हर तरह के रिश्ते समाप्त करने के साथ-साथ उन्हें घर से बेदखल करता हूं। अब मेरा व मेरे परिवार का शुएब खुर्शीद व उसकी पत्नी नाजिया से कोई लेना देना नहीं है। खुर्शीद अहमद पुत्र शफीक अहमद निवासी मौहल्ला नौमी पश्चिम, वार्ड सं.- 3, नगर पंचायत व थाना बढ़ापुर, तहसील नगीना, जिला बिजनौर।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे द्वारा आईसीएसई बोर्ड से सन् 2011 में सैंट मेरी स्कूल, नगीना से परीक्षा उत्तीर्ण की गई थी। मेरी जन्म तिथि 31.07.1995 है। त्रुटिवश मेरे फादर का नाम INTIZAR AHMAD KHAN लिखा गया है। जबकि मेरे फादर का सही नाम INTAZAR AHMAD KHAN है। मां का नाम SHABNAM PARVEEN है। मेरे फादर (पिता) का सही नाम INTAZAR AHMAD KHAN लिखा, पढ़ा व पहचाना जाए।

NIDA PARVEEN D/o INTAZAR AHMAD KHAN ADDRES :- MOHALLA AKABRAN, NAGINA, DISTTRICT- BIJNOR. UP.

# दो गोवंशों के अवशेष मिलने से मचा हड़कंप

## गोकशी की आशंका: पुलिस जांच में जुटी, अवशेष फोरेंसिक जांच को भेजे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जैतरा में बीती रात गोतस्करों ने दो गोवंशों की हत्या कर उनका मांस ले गए। सुबह जब किसानों ने नहर किनारे अवशेष देखे तो तुरंत स्थानीय गौसेवकों को सूचना दी। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी व कोतवाल मौके पर पहुंचे तथा अवशेष को कब्जे में लेकर फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है।





प्राप्त जानकारी के अनुसार धामपुर अमखेड़ा मार्ग पर नहर की पाल के पास जानवरों के अवशेष पड़े थे। किसी ग्रामीण ने इसकी सूचना गौ सेवकों को दी। जानकारी मिलते ही अग्निवीर गोसेवक गौतम गिरी और राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला महामंत्री प्रियांशु भटनागर मौके पर पहुंचे। इन्होंने वहां देखा कि दो गाय के कटे हुए सिर तथा अन्य अवशेष पड़े हुए हैं। मामला गंभीर देख इन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। अवशेष मिलने की सूचना पर जैतरा तथा अमखेड़ा के ग्रामीण भारी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए। थोड़ी ही देर में सीओ अभय पांडे तथा नवागत एसएचओ मृदुल कुमार पुलिस बल के साथ पहुंच गए और अवशेषों को कब्जे में लेकर फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया।

पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह मामला गोकशी से जुड़ा प्रतीत होता है। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। कोतवाल मृदुल कुमार ने बताया कि जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि घटना में कौन-कौन शामिल थे। घटना की सूचना पर गौ रक्षक संगठन और बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और कड़ी कार्रवाई की मांग की।

इस दौरान छोटेलाल, रितिक शर्मा, विवेक कुमार, प्रियांशु सिंह, सौरभ सैनी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सीओ अभय पांडे ने कहा कि प्रथम दृष्टिक मामला गो हत्या से जुड़ा प्रतीत होता है। अवशेष को एकत्र कर जांच के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। अज्ञात तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## धामपुर में सब्जी मंडी के पास पलटा कंटेनर, बड़ा हादसा टला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर-नहटौर मार्ग पर स्थित बड़ी सब्जी मंडी के पास शनिवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। सड़क चौड़ीकरण के चलते पहले से ही तंग रास्ते पर सामने से आ रही रोडवेज बस को बचाने के प्रयास में एक कंटेनर कच्चे रास्ते में उतर गया और पलट गया।

हादसे के दौरान सड़क पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि कंटेनर के पास से कोई वाहन या राहगीर नहीं गुजर रहा था, वरना बड़ी जनहानि हो सकती थी। कंटेनर चालक को इस दुर्घटना में मामूली चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर चालक को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। बाद में क्रेन की मदद से कंटेनर को सीधा कर सड़क से हटाया गया, जिसके बाद यातायात दोबारा बहाल हो सका।

स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण कार्य के चलते यह मार्ग पिछले कई दिनों से तंग हो गया है, जिससे आए दिन वाहनों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा कराने और वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करने की मांग की है।

## न्याय पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिता संपन्न

### खेलों में रुचि लेने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र के ग्राम बसेड़ा कुंवर के विद्या मंदिर के खेल के मैदान में न्याय पंचायत स्तरीय खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें न्याय पंचायत तीबड़ी के परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों ने प्रतिभाग किया।




कार्यक्रम का शुभारंभ न्याय पंचायत के वरिष्ठ अध्यापक महेश पांडे द्वारा दीप प्रज्वलित कर और अतीक आजाद द्वारा फीता काटकर किया गया। खेलों में 400 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, लंबी कूद और ऊंची कूद प्रमुख रहे। 400 मी. बालिका वर्ग में भावना कंपोजिट विद्यालय तीबड़ी प्रथम, प्रतिज्ञा उच्च प्राथमिक विद्यालय बसेड़ा उबार द्वितीय व इकरा कंपोजिट विद्यालय तीबड़ी तृतीय स्थान पर रही। बालक वर्ग में नैतिक बसेड़ा उबार प्रथम, राजकुमार कंपोजिट विद्यालय तीबड़ी द्वितीय तथा शोएब उच्च प्राथमिक विद्यालय बसेड़ा उबार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मी. बालिका वर्ग में प्रतिज्ञा उच्च प्राथमिक विद्यालय बसेड़ा उबार भावना कंपोजिट विद्यालय तीबड़ी तथा रिया उच्च प्राथमिक विद्यालय बसेड़ा उबार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में हुजैफा कंपोजिट विद्यालय तीबड़ी प्रथम, साजन उच्च प्राथमिक विद्यालय बसेड़ा कुंवर द्वितीय तथा शोएब उच्च प्राथमिक विद्यालय बसेरा कुंवर तृतीय स्थान पर रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी मुन्नालाल त्रिवेदी ने अपने संबोधन में खेलों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए छात्रों के लिए इन्हें सर्वांगीण विकास में सहायक बताया और खेलों में अधिक से अधिक रुचि लेने का आह्वान किया। खेलों के आयोजन में श्रीमती शाजिया, श्रीमती किरण लता, धर्मेंद्र कुमार भारती, अनुज कुमार, दयाराम, सुनील राणा, राहुल कुमार, आलोक कुमार, दिनेश कुमार आदि ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शेफाली सिंह तथा अध्यक्षता अतीक आजाद ने की।

## सुबहान रविउद्दीन की लोकप्रियता ने चौंकाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** साथी फाउंडेशन की ओर से सर सैय्यद डे पर आयोजित कार्यक्रम को पुलिस प्रशासन ने बिना अनुमति के होने के कारण बीच में ही रुकवा दिया, लेकिन कार्यक्रम रुकवाए जाने के बाद जो नजारा स्योहारा में देखने को मिला उसने सबको हैरान कर दिया।



कार्यक्रम के संयोजक सुबहान रविउद्दीन निवासी मौहल्ला मिल्कियान की लोकप्रियता का असर ऐसा था कि भीड़ कार्यक्रम स्थल से सीधे उनके घर पर उमड़ पड़ी। नगर के विभिन्न मौहल्लों से लेकर दूर-दराज के गांवों तक से लोग बड़ी तादाद में सुबहान रविउद्दीन के आवास पर पहुंचे। लोगों ने वहां जलपान किया और संयोजक के साथ अपनी हमदर्दी जताई। इस दौरान माहौल पूरी तरह मिलनसार और भाईचारे से भरा रहा।

कहा जाता है कि सच्चा नेता वही होता है जिसके बुलावे पर लोग खुद चलकर आ जाएं और शुक्रवार को स्योहारा में यही दृश्य देखने को मिला। नगर के कई बुजुर्गों और समाज सेवियों में चर्चाएं हो रही है कि एक युवा नेता ऐसा भी है कि उसके किसी भी कार्यक्रम में इतनी भारी भीड़ अपने आप नहीं जुटी, जितनी इस बार सुबहान रविउद्दीन के बुलावे पर भीड़ उमड़ी लोगों में चर्चा रही कि सुबहान रविउद्दीन की शख्सियत में वह सादगी और अपनापन है जो सीधे लोगों के दिल को छू जाता है। उनकी बातों और उनके व्यवहार में एक ऐसी दिल को छू लेने वाली सच्चाई है, जिसकी वजह से लोग उनसे खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। भले ही कार्यक्रम प्रशासनिक कारणों से रोका गया, लेकिन सुबहान रविउद्दीन ने इस मौके को संवाद और एकता के प्रतीक के रूप में बदल दिया। उन्होंने सभी आगंतुकों का स्वयं स्वागत किया और संयम के साथ सभी से मुलाकात की।

इस घटना के बाद स्योहारा की गलियों, चौराहों और चाय की दुकानों पर बस एक ही चर्चा सुनाई देने लगी कि अब स्योहारा में एक नए युवा नेता की दस्तक हो चुकी है। लोगों का कहना है कि जिस तरह सुबहान रविउद्दीन ने सामाजिक और जनसंपर्क के माध्यम से अपनी पहचान बनाई है, वह आने वाले निकाय चुनाव में एक बड़ा परिवर्तन साबित हो सकता है।

## राजपाल सिंह चौहान और अनुराग सिंह चौहान क्षेत्र में सेवा, शिक्षा और नेतृत्व के प्रतीक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र में लक्ष्य ग्रुप एवं लक्ष्य कॉलेज के संस्थापक वरिष्ठ भाजपा नेता एवं मुरादाबाद मंडल के भाजपा अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान का नाम आज किसी परिचय का मोहताज नहीं रहा। अपनी सक्रियता, संगठन क्षमता और समाज सेवा की भावना के कारण वे न केवल स्योहारा बल्कि आस-पास के विधानसभा क्षेत्रों में भी लोकप्रिय चेहरा बन चुके हैं।



राजपाल सिंह चौहान भाजपा के सच्चे और वफादार सिपाही हैं जो पार्टी की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य निरंतर कर रहे हैं। चाहे क्षेत्रीय मुद्दे हों या संगठन की मजबूती का प्रश्न वे हमेशा अग्रणी भूमिका निभाते नजर आते हैं। स्थानीय जनता का कहना है कि चौहान परिवार का स्योहारा और आस-पास के क्षेत्र में भी एक विशेष सम्मान है। सामाजिक, शैक्षिक और राजनीतिक कार्यक्रमों में लोगों द्वारा राजपाल सिंह चौहान और उनके पुत्र अनुराग सिंह चौहान को विशेष आमंत्रण दिया जाता है जो इस बात का प्रमाण है कि जनता के दिलों में इन की अलग जगह बन चुकी है।

वहीं अनुराग सिंह चौहान जो लक्ष्य कॉलेज के संचालन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। युवाओं के बीच नई ऊर्जा और शिक्षा सुधार का प्रतीक बन चुके हैं। वे कॉलेज में रहकर छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा दिलाने और उनके उज्जवल भविष्य के निर्माण में लगातार योगदान दे रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उनकी सोच आधुनिक और व्यावहारिक है, जिसके चलते कॉलेज का नाम पूरे क्षेत्र के साथ साथ पूरे मुरादाबाद मंडल में सम्मान के साथ लिया जाता है। राजपाल सिंह चौहान और अनुराग सिंह चौहान जनता के दिलों में नई मिसाल बन चुकी है। एक तरफ जहां पिता राजनीति और समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं, वहीं पुत्र शिक्षा जगत में युवाओं के मार्गदर्शक बनकर उभर रहे हैं। इन दोनों की लोकप्रियता का आलम यह है कि क्षेत्र के किसी भी सामाजिक या राजनीतिक कार्यक्रम में उनकी मौजूदगी चर्चा का विषय बन जाती है। लोगों का कहना है कि ऐसे जनसेवी और शिक्षाविद ही सच्चे अर्थों में समाज और राष्ट्र की रीढ़ हैं, जो निःस्वार्थ भाव से सेवा करते हुए नई पीढ़ी को सही दिशा दे रहे हैं।

## बच्चों से स्कूल में झाड़ू लगवाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** क्षेत्र के गांव शफीपुर हीरा स्थित प्राथमिक विद्यालय एक बार फिर सुर्खियों में है। विद्यालय परिसर में बच्चों से झाड़ू लगवाकर सफाई कराए जाने का मामला सामने आने के बाद ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है।

शफीपुर हीरा के प्राथमिक विद्यालय में कुल 68 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। आरोप है कि विद्यालय में सफाई व्यवस्था बनाए रखने के बजाय शिक्षकों ने नन्हे बच्चों से झाड़ू लगवा कर परिसर की सफाई कराई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। उनका कहना है कि एक ओर सरकार बच्चों की शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। वहीं दूसरी ओर इस तरह की घटनाएं शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने सफाई देते हुए कहा कि यह गतिविधि 'स्वच्छता पखवाड़ा' अभियान के अंतर्गत बच्चों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कराई गई थी।

## शराब पीने से मना करने पर हमला, दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**धामपुर।** ग्राम मौजमपुर जैतरा में शराब पीने से मना करने पर दो युवकों ने एक व्यक्ति पर चाकू और सरिए से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित सुरेश कुमार पुत्र हजारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि घटना 19 अक्टूबर की रात करीब नौ बजे रविद. ास धर्मशाला के पास की है। सुरेश कुमार खेत में बैठे थे, तभी गांव के ही दो युवक वहां पहुंचे और शराब पीने का दबाव बनाने लगे। मना करने पर दोनों भड़क गए और चाकू से सुरेश के दाहिने हाथ पर वार किया, जिससे गहरा घाव हो गया। इसके बाद सरिए से बाईं आंख और नाक पर भी प्रहार किया गया। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए शिक्षक व कर्मचारी लामबंद

### महारैली की सफलता के लिए कई संगठनों की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश जनपद शाखा बिजनौर के बैनर तले 25 नवंबर दिल्ली महारैली को लेकर सभी संगठन की संयुक्त बैठक उत्तर प्रदेश संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के जिला संरक्षक देशराज सिंह की अध्यक्षता एवं अटेवा जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत के संचालन में सिंचाई विभाग में स्थित फील्ड हॉस्टल में हुई।




बैठक को संबोधित करते हुए अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए अब सभी शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद हैं, जिसके लिए निरंतर संघर्षरत भी है। संघर्ष के क्रम में आगामी 25 नवंबर को दिल्ली में महारैली राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में आयोजित की जाएगी। जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। मंडलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने सभी विभागीय संगठनों से आगामी महारैली के सफल बनाने का आह्वान किया। अब जरूरत है संगठित होकर संघर्ष करने की।

इस अवसर पर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार रवि एवं सिंचाई संघ के जिला अध्यक्ष शूरवीर सिंह ने कहा कि अटेवा ईमानदारी से संघर्षरत है। वे इस आंदोलन को सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को लामबंद कर के कर रहे हैं, जो अत्यंत सराहनीय हैं। राजकीय वाहन चालक महासंघ के क्षेत्रीय मंत्री संजीव कुमार, जिला कोषाध्यक्ष राजीव कुमार एवं राजकीय वाहन चालक संघ के जिला मंत्री नरेंद्र कुमार ने महारैली को पूर्ण समर्थन देते हुए कहा कि पुरानी पेंशन हमारा अधिकार है, जिसके लिए हम अटेवा के साथ हैं।

आईटीआई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष ब्रह्मपाल सिंह, भंडार पाल कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष शिवकुमार दिवाकर ने कहा कि 25 नवंबर की महारैली में देश के शिक्षक-कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे, जो विगत 2018 की महारैली के रिकॉर्ड को भी तोड़ने का कार्य करेंगे। इरिगेशन मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार कलेक्ट्रेट मिनि. कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, ड्राइंग स्टाफ एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष उमेश कुमार रवि ने आगामी महारैली को पूर्ण समर्थन देते हुए कहा कि अटेवा निरंतर ईमानदारी से संघर्षरत है। जिला महामंत्री सुभाष चंद्र यादव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए संगठित रहने का आह्वान किया।

इस अवसर पर राकेश कुमार रवि, कृष्ण कुमार, अबरार हुसैन, सुनील कुमार, दिवाकर चौधरी, कामता प्रसाद, दिनेश कुमार, अनिल कुमार, कमाल अहमद, जगदीश सिंह आदि ने संबोधित किया।

## दुर्गा विहार कॉलोनी में सुंदरकांड का आयोजन

**धामपुर।** नगीना मार्ग स्थित दुर्गा विहार कॉलोनी में कुंवर अनिल राजपूत के सौजन्य से भव्य सुंदरकांड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ के पदाधिकारियों ने सुंदरकांड आयोजन समिति को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कुंवर आशीष राजपूत ने अपने मिनी बैंक्वेट हॉल का उद्घाटन भी किया। भजन गायकों ने सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा परिसर भक्ति रस में डूब गया। इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष राजू गुप्ता, कुंवर निहाल सिंह, अशोक कुमार, अनिल कुमार, आशीष राजपूत, दीपेंद्र सिंह चौहान, नागेश्वर दयाल गहलोत और श्याम सिंह, भूपेंद्र सिंह चौहान पूनम चौहान सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### चिकित्सा शिविर में मरीजों की जांच



**बिजनौर।** ग्राम कड़ापुर में आज एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। इस शिविर का आयोजन ग्राम प्रधान विनीत कुमार एवं संजय कुमार के सहयोग से किया गया। शिविर में अनुभवी चिकित्सक डॉ. इमरान, डॉ. सोमेंद्र, डॉ. मनीषा, और डॉ. भावना ने मरीजों की जांच की तथा आवश्यक परामर्श दिया। स्वास्थ्य सेवाओं में नर्स स्वाति और मनीषा राणा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही बी.ए.एम.एस. के छात्र मौहम्मद अर्बाज और मौहम्मद सज्जाद ने भी शिविर में सक्रिय भागीदारी निभाई और ग्रामीणों की सहायता की। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच कराई और निःशुल्क दवाओं का लाभ उठाया। ग्राम प्रधान ने बताया कि ऐसे शिविर भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ सके।

### क्रिसेंट में जागरूकता कार्यक्रम



**चांदपुर।** क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में मिशन शक्ति के अंतर्गत एक विशेष प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम के तहत छात्राओं को आत्मरक्षा, कानून में महिलाओं के अधिकार, साइबर सुरक्षा, और समाज में उनके योगदान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। प्रधानाचार्या ने बताया कि मिशन शक्ति जैसे कार्यक्रम न केवल छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें समाज में अपनी भूमिका को बेहतर तरीके से समझने का अवसर भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी पहल से बेटियां निडर बनेंगी और किसी भी परिस्थिति में स्वयं का बचाव कर सकेंगी। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापकगण, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहें। साथ ही छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक, भाषण, और पोस्टर प्रस्तुति जैसी गतिविधियों के माध्यम से महिला सुरक्षा और समानता का संदेश दिया जाएगा।

### रुस्तमपुर ढाकी में शूटिंग बॉल टूर्नामेंट



**चांदपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम रूस्तमपुर ढाकी में रालोद युवा नेता हनी तोमर द्वारा शूटिंग बॉल टूर्नामेंट का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस मौके पर युवा राष्ट्रीय लोकदल के अरुण कलेर, राहुल सिरोही और कुलदीप प्रजापति आदि उपस्थित रहे। शानदार कार्यक्रम के लिए मास्टर अनिल सिरोही और उनके साथी आयोजकों को बधाई भी दी गई और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों से खेल को खेल की भावना से खेलने हेतु प्रेरित किया गया।

### टीम ने जांची शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता



**स्योहारा।** द्वादश मंडल संयुक्त शिक्षा निदेशक मुरादाबाद की टीम ने बिरला पब्लिक कन्या इंटर कॉलेज, आरएसपी इंटर कॉलेज और एमक्यू इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने परख पोर्टल ऐप पर निर्धारित शिक्षा मानकों के अनुसार विद्यालयों के भौतिक संसाधनों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, फर्नीचर, कक्षाओं, खेल मैदान, छात्र संख्या, अध्यापक उपस्थिति पंजिका, परीक्षा परिणाम, एनसीसी, एनएसएस और मिड डे मील की गुणवत्ता आदि का बारीकी से परीक्षण किया। टीम ने व्यवस्था में सुधार हेतु विद्यालय प्रबंधनों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस निरीक्षण में संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रतिनिधि प्रीतम सिंह बहुखंडी तथा अन्य अधिकारी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों की ओर से मधुबाला शर्मा प्रधानाचार्य शील सिंह बिरला पब्लिक, इसरत मंसूर सिद्दीकी प्रधानाचार्य एम.क्यू. इंटर कॉलेज, रघुवीर सिंह परीक्षा प्रभारी, उपेश कुमार गौतम, पंकज छाबड़ा, परीक्षा सह प्रभारी कांता प्रसाद पुष्पक, विनेश यादव, राजीव वत्स आदि शिक्षकों ने सहयोग प्रदान किया।

### गंगा स्नान मेला स्थल का निरीक्षण



**चांदपुर।** एसडीएम नितिन तेवतिया, पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक वर्मा, पुलिस कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने संयुक्त रूप से नारनौर गंगा घाट पर लगने वाले गंगा स्नान के मेले के स्थान एवं गंगा घाट का निरीक्षण किया। पंडित अजय कुमार कौशिक ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला समिति मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था बनाएं हुए हैं। मेला स्थल के निरीक्षण के दौरान मेला कमेटी की ओर से मेला कमेटी अध्यक्ष अजय कुमार कौशिक, प्रबंधक नीरीश गुप्ता उर्फ बिल्लू गुप्ता, समिति के सदस्य यशपाल सिंह, सतीश कुमार, रितिक कुमार, तरूण शर्मा, विवेक कुमार आदि उपस्थित रहे। साथ ही गंगा स्नान के मेले को भव्यतम रूप में सफल बनाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य शुरू कर दिये गये है। इससे पहले मेला प्रबंधक कमेटी की ओर से अधिकारियों का मेला स्थल पहुंचने पर स्वागत सम्मान किया गया तत्पश्चात मेला स्थल निरीक्षण के दौरान विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई। कल अधिकारियों के मेला क्षेत्र के भ्रमण के बाद आज समिति ने गंगा जी पर जाने वाले रास्ते पर दलदल को स्केपर से खिंचवाया गया। दो स्थानों पर दलदल बुरी तरह से बनी हुई है।



सम्भल- नैमिषारण्य तीर्थ प्रभम पड़ाव पर दर्शन करते तीर्थ परिक्रमा यात्री।

जगह-जगह फूलमालाओं से स्वागत, प्रसाद का वितरण, परिक्रमा समिति के पदाधिकारी स्वागत सत्कार के लिए डटे

# जय कल्कि जय जगतपते के गगनभेदी नारों संग तीर्थ यात्रा शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** तीर्थ परिक्रमा में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। जय कल्कि जय जगतपते पद्मापति जय रमापते के गगन भेदी नारों के साथ 24 कौसीय परिक्रमा फेरी का शुभारम्भ हुआ।

68 तीर्थ और 19 कूपों की परिक्रमा का शुभारम्भ वंश गोपाल तीर्थ से श्रृद्धा और भक्ति भावना के साथ किया गया। परिक्रमा फेरी में शामिल होने वाले यात्रियों का बीती सांय ही ग्राम बेनीपुरचक स्थित वंशगोपाल तीर्थ पर पहुंचना शुरू हो गया था। जबकि शनिवार की भोर से श्रृद्वालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी। तीर्थ से शुरू होने वाली परिक्रमा का आरम्भ महंत स्वामी भगवत प्रिंय ने तीर्थ यात्रियों को तिलक लगाकर आर्शीवाद दिया।तीर्थ परिक्रमा में शामिल विभिन्न रास्तों से होते हुए ग्राम नाहरठेर पहुंचे। यहां उनका स्वागत किया गया। परिक्रमा मार्ग पर पड़ने वाले 68 तीर्थ स्थलों के दर्शन करते हुए चल रहे श्रृद्वालुओं ने नैमिषारणय तीर्थ पहुंचकर दर्शन किए और कुंड में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। नैमिषारणय तीर्थ के महंत बाल योगी दीनानाथ ने परिक्रमा पर श्रृद्वालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को तीर्थ नगरी सम्भल की परिक्रमा करने का विशेष महत्व है। बाल योगी दीनानाथ ने बताया कि इसी तिथि पर महर्षि दधीचि ने प्रथम बार भव्य परिक्रमा की थी। उन्होंने कहा भगवान का चिंतन करते हुए चौबीस कोसी परिक्रमा करने से मनुष्य भवसागर से पार हो जाता है। उन्होंने उन श्रृद्वालुओं से आहवान करते हुए कहा कि वार्षिक परिक्रमा में शामिल नहीं हो पाए, कि वे मासिक परिक्रमा में भाग लेकर तीर्थ नगरी सम्भल का पुण्य लाभ प्राप्त करें। उन्होने परिक्रमा की व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन और सरकार का आभार जताया। पहल दिन परिक्रमा यात्रियों का जत्था ग्राम चंद्रायन स्थित चन्द्रेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंचकर रात्रि विश्राम किया।यहां श्रृद्वालुओं के लिए भोजन और विश्राम के लिए व्यवस्था की गयी थी।

# परिक्रमा के पहले पढ़ाव पर डीएम एसपी ने लिया जायजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** 24 कोसीय तीर्थ परिक्रमा के पहले दिन जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जबकि सम्बधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैनीपुर चक स्थित श्री वंश गोपाल तीर्थ से आरम्भ हुई तीर्थ परिक्रमा यात्रा का जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने परिक्रमा के पहले पड़ाव स्थल नैमिषारण्य तीर्थ (क्षेमनाथ तीर्थ) पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा नैमिषारण्य तीर्थ पर नगर पालिका द्वारा विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प विजन डाक्यूमेंट /2047 के सुझाव फीडबैक के लिए 5 सदस्यीय एक भी टीम भी लगायी। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल को निर्देशित करते हुए कहा कि टीम के द्वारा अधिक से अधिक लोगों के सुझाव प्राप्त किये जाएं। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



सम्भल-बाबा क्षेमनाथ तीर्थ पर बाल योगी दीनानाथ संग जायजा लेते डीएम एसपी।

# मुरादाबाद मार्ग पर खेतिहर भूमि पर प्लाटिंग की तैयारियां तेज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** खेतिहर भूमियों पर अवैध रूप से प्लाटिंग करने का चरम पर धंधा थम नहीं रहा है। बड़े स्तर पर हो रही अवैध प्लाटिंग कार्य करने में जुटे कोलोनाइज़रों ने एक और बेशकीमती खेतिहर भूमि पर प्लाटिंग करने का कार्य शुरू कर दिया है। मुरादाबाद मार्ग स्थित भूमि के सामने स्थित झाड़ झंकाड़ को हटाया जाने लगा है।

मुरादाबाद मार्ग पर रोडवेज बस अडडे का निर्माण कार्य तेज होते ही यहां की ज़मीनों की कीमते सातवें आसमान पर पहुंच गयी हैं। जबकि अवैध रूप से प्लाटिंग करने वाले कोलोनाइज़र भी बेशकीमती हो चुकी खेतिहर भूमि पर प्लाटिंग के धंधे को तेज कर दिया है। मुरादाबाद मार्ग पर वर्तमान में बिना

**○झाड़ झंकाड़ साफ कराने में जुटे कोलोनाइजर**

ले आउट पास कराये प्लाटिंग कार्य किया जा रहा है लेकिन हर समय आला अधिकारियों के इस मार्ग पर आवागमन करने के बाद भी खेतिहर भूमि को कम करने और उन पर प्लाटिंग करने के गोरखधंधे पर कोई रोक नहीं है। नवनिर्माणाधीन रोडवेज बस अडडे के समीप प्लाटिंग कार्य का मामला उजागर होने के बाद कोई कार्यवाही नहीं करने से अब वाजिदपुरम के निकट खेतिहर भूमि पर प्लाटिंग कार्य करने के लिए भूमि को समतल कराने के साथ उसके आसपास झाड़ झंकाड़ को साफ कराया जाने लगा है। जबकि इसी के सामने भूमि पर तेजी के साथ भराव का कार्य कराया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अवैध खनन कर जमीन पर भराव का कार्य हो रहा है। जबकि इसके लिए खनन विभाग और विनियमित क्षेत्र से भी कोई अनुमति नहीं ली गई है।

# लौह पुरुष की जयंती पर स्वदेशी मेलों का होगा आयोजन



सम्भल- भाजपा कार्यालय पर बैठक को सम्बोधित करते राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति।

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय जनता पार्टी, जिला कार्यालय पर सरदार पटेल जी की 150 वी जयंती एक भारत आत्मनिर्भर भारत पर जिला योजना बैठक का आयोजन किया गया।

एकता विहार कॉलोनी स्थित कार्यालयपर आयोजित बैठक व पत्रकार वार्ता में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्डस एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति ने बैठक की शुरूआत भारतमाता, दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया। योजना बैठक का प्रस्ताव जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने रखा उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 भारत के प्रथम ग्रहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती का वर्ष हैं। इस अवसर पर देश भर में 31 अक्टूबर से 06 दिसंबर 2025 तक तीन प्रकार की सरदार/यूनिटी मार्च पदयात्रा व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यात्रा तीन चरणों में संपन्न होगी। लोकसभा के अंतर्गत आने वालीं सभी विधानसभाओं में 1 नवंबर से 25 नवंबर के मध्य 8 किलोमीटर की पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रभारी हेमंत राजपूत ने कहा कि भारत पदयात्राएं पहल का उद्देश्य युवाओ में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावना को मजबूत करना है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन भागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। इसमें युवा से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक मिलकर देश के इतिहास को याद करते हैं और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाते हैं धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि हर संसदीय क्षेत्र के सभी जिलों में 3 दिन तक 8-10 कि.मी लंबी पदयात्रा होगी पदयात्रा से पहले स्थानीय लोगों में माहौल बनाने के लिए स्कूल, कालेजों में अगल-अलग प्रि इवेंट गतिविधियां, निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, सरदार पटेल जी के जीवन पर संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक का आयोजन करवाया जायेगा। इसके साथ ही युवाओं के बीच नशामुक्त भारत शपथ, संस्थानों में स्वदेशी मेलों का आयोजन, गर्व से स्वदेशी संकल्प भी दिलाए जाएंगे इस दौरान योग एवं हेल्थ शिविरों के साथ क्षेत्र में स्वच्छता अभियान का भी आयोजन होगा। बैठक का संचालन हरिओम शर्मा एवं अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने किया। योजना बैठक में डाक्टर अनामिका यादव, चंद्रपाल सिंह, औमवीर खड़गवंशी, भीष्म शर्मा, डाक्टर नरेंद्र सिंह, राजेश शंकर राजू, मंजू दिलेर, कौसर अब्बास, कार्यक्रम संयोजक विपिन गुप्ता, सह संयोजक जयप्रकाश गुप्ता, विपिन राघव, विरलेश यादव, पंकज गुप्ता, सुधीर मेहरोत्रा, दीपक यादव, मुकुल कुमार रस्तोगी, प्रभात शर्मा, मनोज अजीमत पलं, योगेन्द्र त्यागी, कुमुद वार्ष्णेय, अवधेश प्रताप, अंकित जेन, सौरभ गुप्ता, सोनू चहल, हिमांशु कश्यप, आलोक भारती आदि उपस्थित रहे।

# अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद भाजपा नेता समेत हमलावरों पर रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भाजपा नेता की दबंगता और महिला के साथ मारपीट में अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के अमन कुमार पुत्र स्व. शिवकुमार निवासी मौहल्ला सराय गुन्नौर अपने भाई अतुल कुमार उर्फ गोविंद वार्ष्णेय के साथ 19 अक्टूबर की सुबह 7 बजे सदर बाज़ार स्थित परचून दुकान पर ग्राहकों को सामान दे रहे थे। आरोप है कि कुमोद कुमार पुत्र रामभरोसे व उनका बेटा हर्षित और भाई सुबोध एवं विनोद झगड़ा करने लगे। दुकानदार का भाई अतुल कुमार उर्फ गोविंद वार्ष्णेय ने कहा कि दीपावली के त्यौहार है झगड़ा क्यों कर रहे हो। इसी बीच उसकी मां ब्रजेश रानी पत्नी स्व. शिवकुमार वहां आ गयी। आरोप है कि सभी आरोपियों ने मिलकर अतुल कुमार उर्फ गोवदिं वार्ष्णेय व ब्रजेश रानी को जान से मारने की नीयत से दुकान में घुसकर लाठी डंडे और लोहे की राड तथा

**○हमले में घायल महिला की हालत चिंता जनक बनी**

धारदार हथियार से बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट में लोहे की रांड मां के सर पर लगने से वह बेहोश हो गयी थी और होश आने पर अपनी चेता खो बैठी। जबकि शरीर के बांय हिस्से ने भी काम करना बंद कर दिया। चिंता जनक हालत में महिला को अलीगढ़ मेडिकल में उपचार के लिए ले जाया गया। महिला को चोट लगने से ब्रेन हेमरोज होने और उसकी हालत चिंता जनक बनी हुई होना बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि हमले का एक आरोपी भाजपा का नेता है। इसलिए उसकी रिपोर्ट दर्ज कराने में परेशानी आ रही थी। मामला अधिकारियों के पास पहुंच तब अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद कुमार कुमार पुत्र रामभरोसे व हर्षित पुत्र कुमोद कुमार, सुबोध पुत्र रामभरोसे, और विनोद पुत्र राम भरोसे के लिए रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## एक नज़र इधर भी

### काउंसलरों के प्रयासों से नौ परिवार हुए एक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की मीटिंग सेल प्रभारी डा. रुकम पाल सिंह की देखरेख में पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में संपन्न हुई। बैठक में पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलरो द्वारा किया गया। बैठक में 152 पत्रावली सुनकर 37 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। जबकिं 9 परिवारों को मिलाया गया। तथा 5 पत्रावलियों में विधिक कार्यवाही करने तथा 23 पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद करने की संतुति की गई इस अवसर पर विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट,श्वेता गुप्ता कंचन महेश्वरी कांस्टेबल शहजाद मलिक रश्मि गहलोत ज्योति रुचि आदि उपस्थित रहे।

### गंधक पुटास की नाल से बालक घायल

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** दीपावली पर गंधक पटास मिलाकर पटाखा छोड़ने वाली नाल से आठ वर्षीय बालक के सीधा हाथ बुरी तरह ज़ख्मी हो गया। उसको हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है गुन्नौर कोतवाली के गांव अकबरपुर निवासी शिवांग 7 वर्ष पुत्र सोमवीर घर पर एक और बच्चा के साथ में था। दोनों बच्चों में झगड़ा हो रहा था कि पहले मैं छोड़ूंगा कि मैं छोड़ूंगा इसी के चलते लोहे की नाल से पटाखा चल गया। परिवार के लोग खेत पर गये हुए थे। जब खेत से वापस लोटे तो देखा तो बच्चा गंभीर रूप से घायल था। परिजनों ने बताया कि गंधक पुटास को मिलाकर लोहे की नाल से पटाखा छोड़ने पर सात वर्षीय बालक का सीधा हाथ बुरी तरह घायल हुआ है। परिजन सामुदायिक स्वास्थ केंद्र गुन्नौर लेकर पंहुचे जहां डाक्टर ने हालात गंभीर देखते हुए हायर सेंटर को रेफर कर दिया।

### माल वाहक वाहन से बाइक सवार घायल

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** गाड़ी ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसको एंबुलेंस से अस्पताल गुन्नौर लाया गया। शनिवार को मेरठ बदायूं राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव हिमायूपुर के पास कर माल वाहक गाड़ी ने बाइक सवार मनोज पुत्र मानसिंह निवासी नगला अजमेरी थाना जुनावई से रजपुरा कुछ काम से जा रहा था। तभी हिमायूँपुर के समीप माल वाहक गाड़ी ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया। गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया।

### समिति की बैठक में प्लास्टिक अपशिष्ट पर चर्चा

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** जिला पर्यावरणीय समिति जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक में ठोस अपसिष्ट एवं प्लास्टिक अपशिष्ट पर चर्चा की गई। अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में ठोस अपशिष्ट एवं प्लास्टिक के प्रयोग की रोकथाम के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। बैठक में खण्ड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों नगर पालिका एवं नगर पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने क्षेत्रों में इस पर कार्य करें तथा लोगों को जागरूक करें। बायो मैडीकल वेस्ट के निस्तारण को लेकर की गई चर्चा में स्वास्थ्य विभाग एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से संबंधित अधिकारी इस पर मिलकर कार्य करें। वृक्षारोपण को लेकर की गई चर्चा में जियो टैग को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रभागीय वनाधिकारी ने कहा कि जो भी पौधे सूख गये हैं उनको हटाकर अन्य पौधे लगाये जाएं। उन्होंने ग्रीन चौपाल के बारे में बताते हुए कहा कि प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को ग्रीन चौपाल का आयोजन किया जाता है इसमें ग्राम प्रधान अध्यक्ष होते हैं। प्रभागीय वनाधिकारी ने कहा कि ग्राम सचिव भी ग्रीन चौपाल में रहें। ओडीएफ एवं ओडीएफ प्लस पर चर्चा की गयी। घाटों के रखरखाव को लेकर चर्चा की गयी। घाटों की साफ सफाई को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# जयंती समारोह अभियान की तैयारियों में जुटें भाजपा कार्यकर्ता

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह अभियान की तैयारियों में भाजपा कार्यकर्ता जुट जाये। भाजपा नेता विनय वार्ष्णेय ने कहा 31 अक्टूबर से छह दिसंबर तक चलने वाले अभियान के तहत रन फॉर यूनिटी, पदयात्रा, श्रृद्धांजलि कार्यक्रम, शैक्षणिक प्रतियोगिताएं, नशा मुक्ति अभियान, स्वदेशी अपनाओं अभियान आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

31 अक्टूबर को सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर हर जिले में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कई लोग भाग लेंगे। इसका उद्देश्य युवाओं में एकता और देशभक्ति की भावना को जागृत करना है। भाजपा जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय ने कहा कि 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती के दिन जिले में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कार्यकर्ताओं के साथ जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी, युवा, महिलाएं, व्यापारी, किसान, मजदूर, शिक्षक, अधिवक्ता और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावना को मजबूत करना है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन भागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। इस दौरान सभासद मीना गुप्ता,अनुपमा, सुखदेव वार्ष्णेय, उमेश चन्द्र आदि रहे।

# मिलावटी खाद बेचने की सूचना पर नगर मजिस्ट्रेट ने छापा मारा

**○ दुकान स्वामी न मिलने पर कृषि अधिकारी ने बाहर से ताला ठोंका**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** खाद की कालाबाजारी और निर्धारित मूल्य से अधिक में बिक्री पर अंकुश लगाने को किये जा रहे निरीक्षण में नगर मजिस्ट्रेट को खाद के कटटे कटे मिले। जबकि अधिक भंडारण मिलने पर खाद दुकानदार से स्पष्टीकरण मांग का। जबकि दूसरा दुकानदार दुकान बंद कर भाग गया। नगर मजिस्ट्रेट ने दुकानदार को तलब कर जांच करने के निर्देश दिए।

शनिवार को नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने जिला कृषि अधिकारी, सम्भल के साथ रायसत्ती में अवस्थित ताहिर खाद भण्डार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षणोपरांत ताहिर खाद भण्डार में लिखित भण्डारण के सापेक्ष 12.32.16 एनपीके खाद के 24 कट्टे अधिक मिलने पर जिला कृषि अधिकारी द्वारा ताहिर खाद भण्डारण से स्पष्टीकरण मांगा गया। जबकि स्पष्टीकरण मिलने तक दुकान को बंद करने के निर्देश दिए। इसके अलावा दुकान के पास अवस्थित अनीस खाद भण्डार के मालिक अपनी दुकान को बन्द कर भाग जाने पर जिला कृषि अधिकारी सम्बन्धित को तलब कर दुकान की जांच करेंगे। इसी दौरान मल्ली सराय स्थित कुरैशी खाद भण्डार में मिलावटी खाद बेचे जाने की सूचना पर मौहल्ला मल्ली सराय में कुरैशी खाद भण्डार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में दुकान के आस-पास के लोगो ने दुकानदार को अभी खाना खाने जाने की जानकारी दी। जिस पर दुकान के मालिक को दूरभाष पर उपस्थित होने के लिए कहा गया, लेकिन लगभग 1 घंटा इंतजार करने के पश्चात भी दुकानदार मौके पर नहीं आए। दुकान संदिग्ध प्रतीत होने पर दुकान को बाहर से जिला कृषि अधिकारी द्वारा ताला लगाकर बंद कर दिया गया।



सम्भल- बंद मिली खाद दुकान पर बाहर से ताला लगवाते नगर मजिस्ट्रेट।

# लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण में लाएं तेज़ी



सम्भल-असमोली थाने के निरीक्षण के दौरान शस्त्रों को देखते एएसपी।

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** वार्षिक निरीक्षण में अपर पुलिस अधीक्षक ने लम्बित विवेचनाओं में देरी पर नाराजगी जतायी और निस्तारण ग्राफ में तेजी लाने के निर्देश दिए।

शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी कुलदीप सिंह असमोली थाने का वार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान एएसपी

**○एएसपी उत्तरी ने असमोली थाने का किया निरीक्षण**

ने थाने के अभिलेखों, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, आदि का गहन निरीक्षण किया। जबकि परिसर और बैरक व भोजनालय आदि में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान थाने पर उपस्थित पुलिस कर्मियों को कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, पीड़ितों के साथ मृद व्यवहार, एवं लंबित प्रकरणों के निस्तारण में तेजी लाने के दिशा-निर्देश दिए। साथ ही महिला हेल्प डेस्क की सक्रियता, मिशन शक्ति, जनसुनवाई व थाना परिसर की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

# सतयुग से दिव्य शक्तियों से जनमानस की मनोकामनाएं पूर्ण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रृंखला के तहत अठरादेव अठराक्षरी महाजाप के बाद तीर्थ परिक्रमा पर चर्चा की गई।

पंजू सराय स्थित कैम्प कार्यालय दुर्गा भवन श्रीमाली निवास पर चली चर्चा में श्रीकल्कि नगरी संभल के दिव्य 68 तीर्थो की चौबीस कोसिये परिक्रमा का दिव्य फलदायी महत्व बताते आध्यात्मिक गुरु पं राधेश्याम श्रीमाली ने कहा की सतयुग से लेकर आज तक श्रीकल्कि नगरी सम्भल के अडसठ तीर्थ अपना अस्तित्व बचाने की लडाई लडते हुए तिथि विशेष पर पूजन दर्शन करने पर जनमानस की मनोकामनाएं पूर्ण करते रहे हैं। और श्रीकल्कि के शीघ्र प्राकटय की प्रतिक्षा मे तीर्थो के देव तपस्या भी कर रहे है। उन्होने कहा आदिशक्ति माँ पृकृति देवी देवता और पितृ तपस्वी आध्यात्मिक और भक्त जनो द्वारा प्रदान किये गये यज्ञ योग जाप सेवा दान धयान से उतपन्न हव्य, ख्रव्य, तर्पण समर्पण से पुष्टि संतुष्टि पाकर प्रसन्न होते है और सदैव सृष्टि हित में लगे रहते है। नैमिषारण्य तीर्थ जिसे क्षेमनाथ के नाम से जानते हैं वहां भगवान श्री गोरखनाथ ने प्रथम पडाव डाला था।

# गंगा मेला प्लास्टिक फ्री रहने को करें जागरूक

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** गंगा मेले की तैयारियां तेज होने लगी है। मेले में आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर डीएम के निर्देश पर एडीएम ने गंगाघाट पर बैठक का आयोजन किया।

विकासखंड रजपुरा के ग्राम सिसौना डांडा में लगने वाले गंगा मेले को लेकर आयोजित बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि मेला स्थल प्लास्टिक फ्री रहे इसके लिए लोगों में जागरूकता फैलायें। जबकि बबराला से गवां तक सड़क निर्माण पर अपर जिलाधिकारी ने जानकारी ली। मेले की साफ सफाई तथा विभागों की शासन की योजनाओं से संबंधित लगायी जाने वाली स्टालों तथा मोबाइल टायलेट, स्वास्थ्य कैम्प, को लेकर चर्चा की।जबकि अपर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि मेले में प्रकाश की उचित व्यवस्था रहे। मेले में सीसीटीवी कैमरे, बैरीकेडिंग, बसों की व्यवस्था, आदि को लेकर चर्चा की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला विकास अधिकारी राम आशीष तथा डिप्टी कलक्टर वंदना मिश्रा आदि मौजूद रहीं।



सम्भल।- जिला गंगा समिति की सिसौना डांडा घाट पर बैठेक लेते एडीएम।

# होटल में हुई जमकर मारपीट



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। जनपद के कटघर थाना क्षेत्र के रामपुर दोराहा स्थित ख्वाजा गरीब नवाज होटल में उस वक्त हंगामा मच गया, जब खाना मंगाने और बिल को लेकर ग्राहकों और होटल कर्मियों के बीच विवाद शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि मामूली कहासुनी कुछ ही मिनटों में बवाल में बदल गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों में लात-घूंसे, कुर्सियों और बर्तनों से जमकर मारपीट होने लगी। इस दौरान होटल में अफरातफरी मच गई और वहां मौजूद अन्य ग्राहक जान बचाकर बाहर निकल गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद तब शुरू हुआ जब कुछ ग्राहकों ने खाने की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए बिल चुकाने से इनकार कर दिया। होटल स्टाफ ने जब बिल भुगतान का दबाव बनाया तो दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक होने लगी। कुछ ही देर में मामला इतना बढ़ गया कि होटल के अंदर कुर्सियां और टेबल तक फेंकी जाने लगीं। झड़प में कई ग्राहक और कर्मचारी घायल हो गए।घटना का पूरा वीडियो मौके पर मौजूद अन्य ग्राहकों ने अपने मोबाइल फोन से रिकॉर्ड कर लिया। कुछ ही देर में यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसमें होटल के अंदर की मारपीट के दृश्य साफ दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में कई लोग एक-दूसरे पर हमला करते और सामान फेंकते नजर आ रहे हैं।वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई। कटघर थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। होटल संचालक और संबंधित पक्षों से पूछताछ की जा रही है।

# समाधान दिवस पर सुनी गई शिकायतें कई मामलों का मौके पर हुआ निस्तारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सिविल लाइन्स थाने में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुनने और उनका त्वरित समाधान करने के लिए अधिकारियों ने गंभीरता दिखाई। सिविल लाइन्स इंस्पेक्टर मनीष सक्सेना और एसआई विनीत चौधरी ने संयुक्त रूप से फरियादियों की शिकायतें सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया। समाधान दिवस के दौरान बड़ी संख्या में फरियादी थाने पहुंचे और अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकतर शिकायतें भूमि विवाद, पारिवारिक झगड़े, बिजली-पानी की समस्या, राजस्व विभाग और नगर निगम से संबंधित थीं। पुलिस अधिकारियों ने सभी शिकायतों को सुना और जिन मामलों



का निस्तारण तत्काल संभव था, उन्हें मौके पर ही सुलझा दिया गया।इंस्पेक्टर मनीष सक्सेना ने बताया कि समाधान दिवस का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित कर त्वरित न्याय दिलाना है। उन्होंने कहा कि कई विभागों से संबंधित शिकायतें दर्ज की गई हैं, जिनमें से कई का समाधान मौके पर कर दिया गया है। बाकी शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं।उन्होंने यह भी कहा कि समाधान दिवस पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से लिया जा रहा है, ताकि लोगों को न्याय के लिए बार-बार थाने के चक्कर न लगाने पड़ें।

## एक नजर

### जमीन के कब्जे को लेकर दबंगो और पुलिस की डीआईजी से शिकायत

**कांठ( शाह टाइम्स )** किसान ने जमीन के कब्जे को लेकर दबंग एवं पुलिस की डीआईजी को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की है सलेमपुर गांव निवासी सुशील कुमार पुत्र रामपाल सिंह का आरोप है कि उसकी पत्नी के नाम कृषि भूमि का पट्टा है। जिसको दो माह पहले लेखपाल ने कब्जा मुक्त कराया था इस पर उसने लिप्टिस के पेड़ लगाकर सरसों की बुवाई की थी लेकिन शाहनवाज जीशान भूरा साकिब फैसल आदि दर्जन भर लोगों ने उसके पेड़ों को उखाड़ कर फसल को जोडत दिया। उसने इस भूमि पर दोबारा पेड़ लगाए तो यह लोग इकट्ठा होकर मौके पर पहुंच गए और हमला कर दिया उसने वहां से छिपकर अपनी जान बचाई और पुलिस को फोन किया पीड़ित का कहना है कि थाने से हल्का के दरोगा मौके पर पहुंचे और उसे ही खेत पर जाने को मना करते हुए जेल भेजने की धमकी देनी शुरू कर दी। पीड़ित ने डीआईजी को प्रार्थना पत्र देकर पुलिस और दबंगो से जान का खतरा बताते हुए कार्यवाही की मांग की है।

### थाना समाधान दिवस में सुनी पीड़ितों की शिकायतें



**कांठ( शाह टाइम्स )** सर्कल के थाना छजलैट और कांठ में आज समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने अपनी अपनी शिकायतें दर्ज कराकर समाधान कराए जाने की मांग उठाई। कांठ थाने में थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह ने पीड़ितों की शिकायतों को सुनकर उन्हें समाधान करने का भरोसा दिलाया।

इस मौके पर आई शिकायतो का निस्तारण करने के लिए उन्होंने मातहतो को समय रहते निस्तारित करने के निर्देश दिए और कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक होना चाहिए। इस मौके पर हल्को के दरोगा कानूनगो लेखपाल आदि मौजूद रहे।

### लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में कई पर एफआईआर

**कांठ ( शाह टाइम्स )** लड़की को बहला फुसलाकर कर ले जाने के मामले में छजलेट पुलिस ने कई के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के गांव फूलपुर निवासी का कहना है कि उसकी पुत्री की उम्र 17 साल है 24 अक्टूबर को वह घर पर अकेली थी तभी गांव का अजय बाइक से घर आया और उसको बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया पता लगने पर जानकारी की तो अजय नीरज त्रिलोक गुड्डू ने पीड़ित के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित थाने पहुंचा और थाने में तहरीर दी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ रबी कृषक गोष्ठी 'संवर्धन' का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजी. नियरिंग की ओर से रबी कृषक गोष्ठी ''संवर्धन-2025'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्व विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल एवं उप निदेशक कृषि ई संतोष कुमार द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकानाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय गोद लिए गए ग्रामों के किसानों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहता है। गांव के किसानों को कृषि के लिए नई तकनीक को अपनाना चाहिए, ताकि उनकी आय दोगुनी-तिगुनी हो सके। किसानों को कृषि आय बढ़ाने के लिए वार्षिक वृद्धि दर को तेज करने की आवश्यकता है, जिसके लिए सरकार की ओर से भी विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं के माध्यम से नित नए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने सलाह दी कि हर किसान को अपने लिए एक छोटा सा किचन गार्डन अवश्य बनाना चाहिए, जिससे कि उन्हें शुद्ध खाद्य पदार्थ मिल सके। साथ ही उन्होंने किसानों को अपने खेत में पॉलीहाउस लगाने की सलाह दी, ताकि वे हर मौसम मे हाई वैल्यू सब्जियां उगा सके, इस प्रकार किसान अपने उत्पाद बाजार में बेचकर अधिक मुनाफा कमा सकते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि सभी किसान भाई किसी भी समय विश्व. विद्यालय से कृषि उत्पादन और व्यवसाय से संबंधित कोई भी सहायता और सलाह प्राप्त कर सकते है। इस मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. धीर सिंह एवं डॉ. वाई.वी. सिंह ने सभी किसानों को सरसों एवं गेहूं की खेती के साथ रबी के मौसम में उगाई जाने वाली



सब्जियों की खेती के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी एवं किसानों ने भी अपने-अपने विचार साझा किये। मुख्य अतिथि ई. द्विवेदी ने किसानों को खेती करने से पहले मिट्टी और पानी की जांच कराने की सलाह दी, ताकि अगर मिट्टी और पानी में कोई कमी हो तो समय से पहले उनका निवारण किया जा सके, जिससे कि फसल खराब न हो और फसल की पैदावार अच्छी हो सके। उन्होंने किसानों को पराली प्रबंधन के बारे में जानकारी दी तथा कहा कि इसके प्रबंधन से मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाए रखना में बहुत मदद करती है। ई. द्विवेदी ने किसानों को जैविक खेती एवं मोटे अनाज जैसे कि जौ, बाजरा, काकुन, सावा, कोदो आदि को उगाने के बारे में जानकारी दी। वहीं भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार ने कहा कि जिस प्रकार हमारा स्वास्थ्य कार्ड होता है, ठीक उसी प्रकार किसानों के पास मृदा स्वास्थ्य कार्ड का भी होना जरूरी है। उन्होने बताया कि किसानों को अपने खेतों में यूरिया आदि खादों का प्रयोग ज्यादा नहीं करना चाहिए, और जैविक खेती करनी चाहिए व वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग और कम्पोस्ट खाद का उपयोग करना चाहिए। साथ ही उन्होंने खेत की मेढ़बंदी करने पर सरकार की ओर से मिलने वाले अनुदान की भी जानकारी दी। कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजी. नियरिंग के निदेशक डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने जानकारी दी कि इस मौके पर सभी किसानों को रबी फसलों के लिए उत्तम किस्म के बीज का चयन, विविध अनुदान, विभिन्न सरकारी योजनाओं और कृषि फसलों की उन्नत खेती के बारे में जानकारी दी गई। एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश पाल ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियो के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। गोष्ठी के सफल आयोजन में स्कूल के डॉ. विनोद कुमार धांगड़ एवं श्री अभय सैनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। गोष्ठी का संचालन डॉ. सुलेखा ने किया। गोष्ठी के दौरान 80 से अधिक किसानों ने प्रतिभाग किया।

# आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं युवा: पंकज सिंह

■ भाजयुमो के युवा सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की ओर से शनिवार को दिल्ली रोड स्थित एक होटल में "आत्मनिर्भर भारत अभियान" के तहत भव्य युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में नोएडा विधायक एवं बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर भारत अभियान से जोड़ना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के अनुरूप उन्हें रोजगार, स्वदेशी उत्पाद, स्टार्टअप और नवाचार की दिशा में प्रेरित करना रहा।सम्मेलन में युवाओं की भारी उपस्थिति रही। इस दौरान पंकज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से प्रगति कर रहा है और सरकार का लक्ष्य "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मंत्र के साथ हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ना है।




उन्होंने कहा कि आज का युवा देश की सबसे बड़ी ताकत है, जो आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभा रहा है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर युवा को रोजगार और अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों से लाखों युवाओं को नई दिशा मिली है। पंकज सिंह ने कहा कि युवाओं में आज आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना बढ़ी है, वह प्रधानमंत्री मोदी के हर आह्वान को पूरे समर्पण से पूरा कर रहे हैं।कार्यक्रम में भाजयुमो पदाधिकारियों ने भी युवाओं को आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। मंच से वक्ताओं ने कहा कि युवा ही राष्ट्र निर्माण की नींव हैं और उनका योगदान भारत को विश्वगुरु बनाने में महत्वपूर्ण रहेगा।कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि पंकज सिंह का भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से स्वागत किया और उनके मार्गदर्शन में आत्मनिर्भर भारत अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# ग्रामीण ने परिजनों पर जानलेवा हमला करने का लगाया आरोप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के मझोला थाना क्षेत्र से पारिवारिक विवाद का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। क्षेत्र के सिरकोई भूड़ निवासी एक ग्रामीण ने अपनी पत्नी, पुत्र और पुत्रवधू पर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया है। पीड़ित घायल अवस्था में थाने पहुंचा, जहां से पुलिस ने उसे उपचार और मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। फिलहाल पीड़ित का उपचार जिला अस्पताल में जारी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित शंकर लाल का आरोप है कि मकान के विवाद को लेकर उसकी पत्नी शीला, बेटा अजय और बहू रीना उससे आए दिन झगड़ा करते हैं। पीड़ित के अनुसार, बीती 24 अक्टूबर की रात वह घर में सो रहा था, तभी तीनों ने मिलकर उस पर हमला कर दिया और लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान हमलावरों ने उसके गुप्तांग पर भी चोट पहुंचाई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल शंकर लाल किसी तरह खुद को बचाकर थाने पहुंचा और पुलिस से मदद की गुहार लगाई। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है।थाना मझोला पुलिस का कहना है कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हो गई है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

● आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ साइंसेज में

# 'कंटेम्पोररी एप्रोचेज इन साइंस एजुकेशन रिसर्च' विषय पर आयोजित हुई इंट्रेक्टिव व्याख्यान श्रृंखला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ साइंसेज की ओर से "कंटेम्पोररी एप्रोचेज इन साइंस एजुकेशन रिसर्च" विषय पर इंट्रेक्टिव व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने सत्र के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह व्याख्यान अत्यंत ज्ञानवर्धक और विचारोत्तेजक रहेगा। पहला व्याख्यान रसायन विज्ञान विभाग के डॉ. तरूण कान्ति सरकार ने "अनुप्रयुक्त विज्ञान में शोध हेतु सॉफ्टवेयर के प्रयोग" विषय पर दिया, जो कि बहुत सफल रहा था। दूसरे व्याख्यान श्रृंखला को भौतिकी विभाग की ओर से "हरित ऊर्जा की नव प्रगति और भविष्य की संभावनाएं" विषय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भौतिकी विभाग के डॉ. नरेंद्र सिंह ने हरित ऊर्जा के उत्पादन और मानव एवं पर्यावरण के लिए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नवीकरणीय ऊर्जा



निरंतर और प्राकृतिक रूप से नवीनीकृत होने वाले उन स्रोतों से आती है।यह किसी भी राष्ट्र के विकास का मुख्य कारक है और इसके बिना भविष्य का विकास संभव नहीं है।

इस मौके पर स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह ने मुख्य वक्ता डॉ. नरेंद्र सिंह का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार सृजन का एक प्रमुख स्रोत हैं। नवीकरणीय ऊर्जा के नवीनतम विकास को समझने से कोई भी इस बढ़ते हुए क्षेत्र में नई नौकरियों और कॅरियर में प्रगति के लिए अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकता है। डॉ. सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर मिला कि हरित ऊर्जा प्रणालियाँ काम कैसे करती हैं। इस अवसर पर स्कूल के विभिन्न विभागों के शिक्षक डॉ. अशोक कुमार, डॉ. रिद्धि गर्ग, डॉ. संजना तिवारी, डॉ. सारिका अरोरा, डॉ. राजन सिंह, डॉ. बाल कृष्ण यादव, डॉ. शिव प्रताप सिंह समेत कई अन्य शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## जरूरतमंद महिला को दी आर्थिक सहायता


**चन्दौसी।** समर्पण वेलफेयर सोसाइटी द्वारा एक जरुरतमंद महिला की मदद की गई जिसके पति का निधन हो चुका है। समर्पण ग्रुप के निरंतर चल रहे सेवा प्रयासों से प्रेरित होकर एक दानकर्ता ने पहल करते हुए संस्था के माध्यम से इस महिला की आर्थिक मदद की। दानकर्ता ने कहा कि संस्था द्वारा किए जा रहे सतत समाजसेवी कार्यों ने उन्हें यह कदम उठाने की प्रेरणा दी है। सचिव अभिलाषा प्रजापति ने बताया कि आज समाज को ऐसे व्यक्तित्व की अत्यंत आवश्यकता है जो वंचित और अल्पसुविधा प्राप्त लोगों की सहायता के लिए आगे आएं, ताकि वे भी समाज के समान जीवन स्तर और अधिकारों का आनंद ले सकें। उन्होंने कहा कि समर्पण ग्रुप इसी दिशा में लगातार कार्य कर रहा है और भविष्य में भी जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर रहेगा। इस दौरान काजल अरोड़ा, रंजना शर्मा, माला मिश्रा, नीलम कश्यप, रश्मि वर्मा, सपना गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

# बिग ऑनर: टीएमयू के सीनियर रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी का ग्लोबल रेडिएशन सेफ्टी प्रोग्राम के लिए चयन

■ टीएमयू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के प्रो. राजुल रस्तोगी अब तक 15 देशों की विजिट के संग-संग करीब 125 विभिन्न नेशनल और इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में लगभग 210 से अधिक रिसर्च पेपर्स का प्रजेंटेशन उनकी झोली में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की झोली में एक और बड़ा सम्मान आया है। टीएमयू हॉस्पिटल में रेडियोलॉजी विभाग के सीनियर रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी को अमेरिका के हार्वर्ड मेडिकल स्कूल की ओर से ग्लोबल रेडिएशन सेफ्टी प्रोग्राम में शामिल होने के लिए चुना गया है। प्रो. रस्तोगी को प्रतिष्ठित और वैश्विक तौर मान्यता प्राप्त गाइड्स के संग काम करने का सुअवसर मिलेगा। टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन कहते हैं, इस सम्मान के लिए प्रो. राजुल रस्तोगी सच में पात्र हैं, क्योंकि वह विलक्षण प्रतिभा के धनी हैं। उन्होंने अमेरिका के




हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के चयनकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा, इससे तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर और हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के बीच न केवल एक मजबूत सेतु बनेगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर रेडियोलॉजी में शोध के नए आयाम बनेंगे। कुलाधिपति श्री जैन ने प्रो. रस्तोगी के संग-संग मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके सिंह, निद.ेशक प्रशासन श्री अभिषेक कपूर को भी बधाई दी है। प्रो. राजुल के नाम अब तक नेशनल और इंटरनेशनल स्तर की तमाम उपलब्धियां हैं। इस खुशी से लबरेज प्रो. रस्तोगी इस बड़े सम्मान का श्रेय ईश्वर के संग-संग तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के आला प्रबंधन को देते हैं। रेडियोलॉजी विभाग के एचओडी प्रो. वीपी सिंह कहते हैं, डॉ. राजुल रस्तोगी पर हम सबको नाज है। उल्लेखनीय है, प्रो. रस्तोगी मौजूदा समय में टीएमयू मेडिकल कॉलेज की रिसर्च कमेटी के चेयनमैन के पद को भी सुशोभित कर रहे हैं। उल्लेखनीय है, प्रो. रस्तोगी को रेडियोलॉजी में 25 सालों का लंबा अनुभव है। वह 10 बरस से टीएमयू में अपनी सेवाएं दे रहे है। प्रो. रस्तोगी 2024 में यूरोपियन कॉग्रेंस ऑफ रेडियोलॉजी-ईसीआर की ऑस्ट्रिया, इंटरनेशनल कॉग्रेंस ऑन एमआरआई- आईसीएमआरआई की साउथ कोरिया में इंटरनेशल कॉन्फ्रेंस के संग-संग आरआईसीओएन- 2024 की स्टेट कॉन्फ्रेंस, एशियन ओशियनियन कॉग्रेंस ऑफ रेडियोलॉजी- एओसीआर एवम् इंडियन रेडियोलॉजिकल इमेजिंग एसोसिएशन- आईआरआईए- 2025 की चेन्नई की नेशनल कॉन्फ्रेंस में अपने रिसर्च पेपर्स/व्याख्यान दे चुके हैं। प्रो. राजुल ने हाल ही में आईआईआईटी, हैदराबाद से एआई इन हैल्थकेयर का सर्टिफिकेट कोर्स भी किया है। उल्लेखनीय है, प्रो. रस्तोगी के 215 पब्लिकेशन्स भी नेशनल और इंटरनेशनल स्तर पर प्रकाशित हो चुके हैं। लगभग 807 से अधिक शोधार्थी इनका संदर्भ ले चुके हैं। इसके अलावा रेडियोलॉजी एंड दीगर सब्जेक्ट्स बुक्स पर प्रो.राजुल के करीब 15 टेक्सट बुक्स में करीब 50 चौप्टर्स भी प्रकाशित हैं। इंटरनेशनल स्तर के छह और नेशनल स्तर के करीब एक दर्जन से अधिक अवार्ड भी प्रो. रस्तोगी की झोली में शामिल हैं। प्रो. राजुल अब तक 15 देशों की विजिट कर चुके हैं। वह करीब 125 विभिन्न नेशनल और इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में लगभग 210 से अधिक रिसर्च पेपर प्रस्तुत कर चुके हैं।

## कुढ़फतेहगढ़ निवासी का शव भूड बिसौली के जंगल में मिला

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** तहसील चन्दौसी अन्तर्गत कुढ़ फतेहगढ़ गांव निवासी सुरेंद्र (50) पुत्र रामस्वरूप का शव शनिवार को बदायूं जनपद की सीमा में भूड बिसौली गांव के जंगल में मिला है। सूचना पर थाना फैजगंज बेहटा पुलिस के मौके पर पहुंचने पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। कुढफतेहगढ ग्राम प्रधान पति हरवीर सिंह उर्फ पप्पू यादव एवं छोटा भाई राम बहादुर ने शव की शिनाख्त की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सुरेंद्र मंदबुद्धि था और एक सप्ताह से गायब था, परिजन तलाश कर रहे थे। शनिवार को भूड बिसौली में शव मिलने की सूचना पर पहुंचे तो सुरेंद्र का शव निकला।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र वेदप्रकाश व उसकी पत्नी श्रीमती ज्योति को गलत आचरण एवं गलत संगत मे पड़ जाने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से एवं सामाजिक रिश्तों से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया हैं। अब किसी भी कृत्यों व लेनदेन के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। अब इनसे मेरा कोई तालुक व वास्ता नहीं है।

**कल्लू पुत्र स्व. गंगाराम निवासी ग्राम समाथल पोस्ट व थाना पाकबड़ा जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैंने अपनी पुत्री उममे हबीबा (आधार नं0 950271487943) को अपनी मर्जी से शादी व मनमानी करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद समाप्त कर लिए हैं। भविष्य में उममे हबीबा के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**हाजी अराफीन मदनी पुत्र हाजी मोहम्मद सईद मदनी निवासी पार्षद हाउस असालतपुरा बड़ी मस्जिद के पीछे असालतपुरा, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

# छात्रा से वर्जिनिटी सर्टिफिकेट मांगने के मामले में जांच को पहुंची प्रशासनिक अधिकारियों की टीम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** छात्रा से वर्जिनिटी सर्टिफिकेट मांगे जाने के मामले ने अब गंभीर रूप ले लिया है। मामला उजागर होने के बाद पुलिस और प्रशासन दोनों हरकत में आ गए हैं। पुलिस ने आरोपों की जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं शनिवार को जिला अधिकारी के निर्देश पर प्रशासनिक स्तर पर भी विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।एसडीएम सदर राममोहन मीणा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच टीम ने पाकबड़ा क्षेत्र स्थित जामिया असानुल बनात गर्ल्स मदरसे का निरीक्षण किया। टीम में एसडीएम सदर के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) देवेंद्र



कुमार पांडेय और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार (संभल) शामिल थे। अधिकारियों ने मदरसे पहुंचकर प्रबंध तंत्र से विस्तृत पूछताछ की और छात्राओं से भी बातचीत की।सूत्रों के मुताबिक, जांच टीम ने प्रवेश प्रक्रिया, प्रबंधन की कार्यप्रणाली और छात्राओं के रजिस्टर से संबंधित कई दस्तावेजों की जांच की। टीम ने मदरसे में पढ़ाई के साथ-साथ वहां की सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था का भी जायजा लिया। बताया गया है कि छात्रा के परिजनों ने आरोप लगाया था कि प्रवेश से पहले प्रबंधन ने 'वर्जिनिटी सर्टिफिकेट' की मांग की थी, जिसका विरोध करने पर छात्रा को प्रवेश से वंचित कर दिया गया।अधिकारियों ने कहा कि जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट जिला अधिकारी को सौंपी जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। इस प्रकरण से जिले में शिक्षा संस्थानों की कार्यप्रणाली पर भी कई सवाल खड़े हो गए हैं। फिलहाल प्रशासन पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दे रहा है।

# घर वापस लौट रहे बुजुर्ग की सड़क हादसे में मौत, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव तेवर खास का रहने वाला तस्लीम अपने पिता 70 वर्षीय मटरु के साथ शनिवार की शाम 4 बजे जिला संभल के बनियाठेर गांव में अपने रिश्तेदारी में गया था। जहां से वह वापस लौट रहा था।

बिलारी बस स्टैंड के पास स्थित शिव मंदिर पर भीड़ होने के कारण पीछे से आए कंटेनर ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसके बाद बाइक के पीछे बैठा पिता मटरू सड़क पर नीचे जा गिरा और कंटेनर के पिछले पहिए में आ गया। कंटेनर करीब 20 मीटर तक मटरू को घसीटता हुआ ले गया, तस्लीम के सामने ही उसके पिता की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में ग्रामीण बुरी तरह से कुचल गया। मौके पर पुलिस बल ने भाग कर ट्रक ड्राइवर को राहगीरों की मदद से पकड़ लिया और उसे ट्रक सहित थाने ले आई। हादसे के बाद ग्रामीण ट्रक के पिछले पहिए में फंस गया। लिहाजा पुलिस और लोगों ने धक्का लगाकर ट्रक को पीछे किया तब नीचे दबे शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद मौके पर भारी जाम लग गया। पुलिस ने जाम को खुलवाया बेटे तस्लीम के सामने ही उसके पिता मटरू की दर्दनाक मौत हो गई, पिता का शव देखकर वह बुरी तरह से बेहाल हो गया। परिवार के लोगों को सूचना दी। परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सभी का रोरोकर बुरा हाल था।

## सर्वसमाज रसोई ने खिचड़ी प्रसाद का किया वितरण

**बिलारी।** नगर के बच्चा बाग शिव मंदिर के पास बड़ी सोच प्रयास फाउंडेशन ट्रस्ट रजिस्टर्ड के तत्वाधान में आयोजित सर्व समाज रसोई मैं खिचड़ी के प्रसाद का वितरण किया गया। महीने के चौथे शनिवार को सर्व समाज रसोई के तत्वाधान में समाजसेवी राजू गुप्ता एडवोकेट के निर्देशन में बड़ी सोच प्रयास फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया।इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर राजपाल सिंह ने पंच कन्याओं को सर्वप्रथम प्रसाद दिया और कार्यक्रम का शुभारंभ किया।खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम में सर्वप्रथम आचार्य ओम शास्त्री द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई और प्रथम भोग भगवान के चरणों में रखा गया। बाद में सभी राहगीरों को खिचड़ी प्रसाद का वितरण बांटा गया। इस दौरान कार्यक्रम में डॉ धनंजय कठैत , विश्वास यादव उर्फ लवली यादव ,मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, नगर महामंत्री मनोज ठाकुर, राजकुमार कश्यप सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# एमडीए की जमीन पर किया अवैध निर्माण जल्द होगी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विकास प्राधिकरण द्वारा शिवालिक नगर नाम से एक टाउनशिप का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है. एमडीए द्वारा 11 गांव की भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है. जिसमें मुख्य रूप से तीन गांव की भूमि किसानों की आपसी सहमति के आधार पर अधिग्रहण की जा रही है. जिसमें ग्राम डिडोरी, डिडोरा, रसूलपुर सुनवाती शामिल है। डिंडोरी गांव के अनिल शर्मा पर आरोप है कि उन्होंने एमडीए द्वारा अधिग्रहण की गई जमीन पर अवैध निर्माण कर लिया है. जिसकी एक ग्रामीण द्वारा एमडीए में लिखित शिकायत दी गई थी। जिसपर मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने जांच के बाद कार्यवाही करते हुए नोटिस जारी कर दिए थे। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह ने जानकारी दी है कि अवैध निर्माण करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा. अब अवैध



निर्माण करने वाले अनिल शर्मा के अवैध निर्माण पर जल्द ही एमडीए बुलडोजर से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करेगा। अनिल शर्मा पर आरोप है उन्होंने एक मकान अपनी पत्नी अंजना कुमारी के नाम से लिया है. साथ ही यह मकान अनुस. ूचित जाति जनजाति की महिला से नियम विरुद्ध खरीदा गया है. जबकि अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों की जमीन खरीदने से पहले जिला अधिकारी की परमिशन लेनी होती है. लेकिन अनिल शर्मा ने बिना परमिशन के इसे खरीदकर अवैध निर्माण किया है. अनिल शर्मा पर आरोप है उसने कई बेनामी संपत्ति अनुसूचित जाति के लोगों से खरीदी है. जो बिना परमिशन के खरीदी गई है. जिस पर जांच चल रही है। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा इस मकान की फाइल ध्वस्तीकरण में चल रही है. जल्द ही इस पर बुलडोजर की कार्रवाई की जाएगी।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट, आधा दर्जन लोग घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** मुरादाबाद जनपद के कुन्दरकी थाना क्षेत्र के ढकिया जुम्मा गांव में जमीन के विवाद को लेकर शनिवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। बताया जा रहा है कि काफी समय से दोनों पक्षों के बीच जमीन की मेढ़ को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार को एक पक्ष द्वारा खेत में काम किए जाने पर दूसरे पक्ष ने आपत्ति जताई, जिसके बाद देखते ही देखते दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। इस झगड़े में करीब आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही कुन्दरकी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को किसी तरह शांत कराया। घायलों को सीएचसी कुन्दरकी में भर्ती कराया गया, जहां से कुछ को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। थाना प्रभारी कुन्दरकी ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच जारी है। पुलिस ने गांव में एहतियातन बल तैनात कर दिया है।

# महिलाओं और बालिकाओं को मिशन शक्ति 5.0 के तहत किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे, पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के दृष्टिगत महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी व महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वीमेन पावर लाइन (1090) पुलिस आपातकालीन सेवा (112), सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076), चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098), वन स्टाप सेन्टर




(181),साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930), स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102), एम्बुलेन्स सेवा (108), जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन-शक्ति-अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला/चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं व छात्राओं को जागरुक किया गया।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ठाकुरद्वारा के ब्लॉक मंत्री को राष्ट्रीय सचिव के पद पर किया मनोनित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नई दिल्ली में कांस्टीट्यूशन क्लब आफ इंडिया में आल इंडिया टीचर्स फेडरेशन की एक बैठक सम्पन्न हुई,जिसमें उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र शर्मा को सर्वसम्मति से आल इंडिया टीचर्स फेडरेशन का राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ठाकुरद्वारा के ब्लॉक मंत्री त्रिवेंद्र कुमार को राष्ट्रीय सचिव के पद पर चुना गया है।

ज्ञात हो सुप्रीम कोर्ट के कार्यरत शिक्षकों के लिए टेट अनिवार्यता का जो फैसला आया है,उसी के मद्देनजर देश भर के शिक्षक टीईटी के खिलाफ लामबंद




हो रहे हैं। टीईटी के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर लड़ाई लड़ने के लिए प्रदेश अध्यक्ष,उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ डॉक्टर दिनेश चंद शर्मा को ऑल इंडिया टीचर्स फेडरेशन का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है जिससे राष्ट्रीय स्तर पर संगठन संघर्ष कर सके और शिक्षकों का भविष्य अंधकार में जाने से बचा सके।

नई दिल्ली में हुई इस मीटिंग में विकासखंड ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद के मंत्री त्रिवेंद्र कुमार को राष्ट्रीय सचिव के पद की जिम्मेदारी दी गई है जिससे शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। मांडलिक मंत्री सर्वेश कुमार शर्मा ने डॉक्टर दिनेश. चंद शर्मा और त्रिवेंद्र कुमार को बधाई देते हुए कहा कि इससे संगठन को मजबूती मिलेगी और शिक्षकों की विजय होगी। त्रिवेंद्र कुमार लगातार शिक्षक हित में लड़ाई लड़ते रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा ने बताया कि आगामी 21 नवंबर 2025 को देश भर के शिक्षक रामलीला ग्राउंड दिल्ली में एक विशाल धरना प्रदर्शन टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ करेंगे।

मांडलिक मंत्री सर्वेश शर्मा ने बताया कि आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा 26 अक्टूबर 2025 को 4 बजे होटल ड्राइव इन 24 दिल्ली रोड मुरादाबाद में पधारकर शिक्षकों से आगामी रणनीति पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में सर्वेश शर्मा मांडलिक मंत्री,वीर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष ठाकुरद्वारा, अनुज कुमार चौहान तहसील प्रभारी,विशाल चौधरी प्रचार मंत्री ठाकुरद्वारा सहित पूरे देशभर से हजारों शिक्षक उपस्थित रहे।

# एसडीएच इंटर कॉलेज से इनवर्टर चोरी

**ठाकुरद्वारा।** नगर के सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज मे रखा इनवर्टर अज्ञात चोर चोरी कर फरार हो गए । कार्यवाहक प्रधानाचार्य अनुज कुमार गुप्ता नेपुलिस को तहरीर देकर कहा कि 19 अक्टूबर से 23 अक्टूबरतक दीपावली की छुट्टी होने के कारणविद्यालय पूर्ण रूप से बंद थाविद्यालय के कक्ष संख्या एक में एक इनवर्टर में दो बैटरी रखी हुई थी । अज्ञात चोर सिर्फ इनवर्टर चोरी कर फरार हो गया।

24 अक्टूबर को विद्यालय खुलने पर घटना की जानकारी मिली । प्रधानाचार्य ने पुलिस को तहसील देकरकानूनी कार्यवाही की मांग की। वही कार्यवाहक प्रधानाचार्य अनुज कुमार गुप्ता ने विद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीयो को आदेशित किया है कि 27 अक्टूबर सोमवार को अनिवार्य रूप से विद्यालय मैं उपस्थित हो। किसी भी प्रकार का अवकाश दे नहीं होगा ।विद्यालय के कक्षा एक से इनवर्टर की चोरी हो गई है । पुलिस ने जांच करने के बादशक जताया है कि यह काम किसी चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों द्वारा किया गया है।

2 दिन का समय दिया गया है किया तो वह इनवर्टर को विद्यालय में इस स्थान पर रख दे अन्यथा कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## पुत्र की तहरीर पर मां की गुमशुदगी दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** घर से बिना बताए चली जाने पर पुत्र की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बैजनाथपुर निवासी समरपाल पुत्र खमानी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसका माँ परमेश्वरी उम्र 70 वर्ष 23 अक्टूबर 2025 को घर से बिना बताए कहि चली गई है।उनकी मानसिक स्थिति ठीक नही है। जिनको काफी तलाश करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला है। जीसपर कोतवाली पुलिस ने पुत्र की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैने अपने सगा भतीजा नासिम पुत्र मोहम्मद शफी को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में नासिम के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**शमशेर पुत्र ताफसिर निवासी ग्राम बढ़ेरा मुस्तापुर थाना डिलारी, जिला मुरादाबाद।**

मोबाइल नंबर-975644836

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

**न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज/लघुवाद न्यायाधीश, महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**

**विविध वाद संख्या-:** 09 सन् 2021

**तारीख पेशी:** 29.010.2025

**जितेन्द्र सिंह बनाम कु० आईरिस पन्त आदि।**

**बनाम**

1. कु0 आईरिस पन्त पुत्री श्री ई.जे. पन्त निवासनी मैथोडिस्ट गर्ल्स कॉलिज परिसर स्थित सिविल लाईस मुरादाबाद (मृतका), 1/1-श्री सुजय सिंह उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र श्री अरूण सिंह निवासी भवन संख्या बी/173, बुद्धि विहार आवास विकास मझौला, मुरादाबाद-**विपक्षीगण।** हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 29 माह 10 सन् 2025 बवक्त 10.00 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 24 के माह 10 सन् 2025 को जारी किया है।

**प्रबंधक**
**न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश जनपद-मुरादाबाद।**

## तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से महिला की मौत, पति गंभीर घायल अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र मे सड़क हादसे में लूना सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कंटेनर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी नासिर अहमद पुत्र जलीस अहमद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसके पिता जलीस अहमद पुत्र नियामत अली अपनी पत्नी खैरूलनिशा के साथ काशीपुर से अपनी लूना (विक्की) से ठाकुरद्वारा लौट रहे थे। जैसे ही नगर के काशीपुर चुंगी के निकट पहुँचे , तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से उनकी लूना में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में लूना सड़क पर गिर गई, जिससे खैरूलनिशा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जलीस अहमद गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को तत्काल सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।घटना के बाद कंटेनर चालक कंटेनर मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घायल के पुत्र नासिर अहमद ने कोतवाली पुलिस को अज्ञात कंटेनर चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जीसपर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात कंटेनर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को कब्जे में लिया है तथा फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## सम्पूर्ण थाना दिवस में चार फरियादियों ने पहुंच कर दर्ज कराई अपनी शिकायतें, मौके पर कोई निस्तारण नहीं

**ठाकुरद्वारा।** सम्पूर्ण थाना दिवस का कोतवाली परिसर में तहसीलदार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें 4 फरियादियों ने पहुच कर के अपनी समस्याओं से अगवत कराते हुए निस्तारण की मांग की है। जिसमें मौके पर कोई शिकायत का निस्तारण नही किया गया है वही दर्ज 4 शिकायतो की जांच कर निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों की टीम गठित की गई। शनिवार को सम्पूर्ण थाना दिवस का आयोजन कोतवाली परिसर में तहसीलदार प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। इसमें 4 फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं से अगवत कराते हुए समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग की जिसमें मौके पर कोई निस्तारण नही किया गया है।वही दर्ज 4 शिकायतो की जांच कर निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों की टीम गठित की गई है। सम्पूर्ण थाना दिवस में कोतवाली प्रभारी संजय पांचाल सिंह, सहित क्षेत्र के अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को लेकर भाजपाईयों ने की मीटिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी मुरादाबाद महानगर और जिला इकाई के संयुक्त तत्वाधान में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती समारोह मनाने के उपलक्ष्य में बुद्धि विहार स्थित पार्टी कार्यालय पर योजना बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा कि वर्ष 2025 भारत के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जन्म जयंती का वर्ष है। देशभर में 31 अक्टूबर से 6 दिसंबर तक में श्एकता और राष्ट्र निर्माणश के संदेश के साथ तीन प्रकार की सरदार डेढ़ सौ यूनिटी मार्च पदयात्रा व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन तीन चरणों में संपन्न होगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने आगे कहा कि लोकसभा के अंतर्गत आने वाले सभी विधानसभाओं में 1 नवंबर से 25 नवंबर के मध्य 8 किलोमीटर की पदयात्रा का आयोजन होगा। भाजपा युवा मोर्चा के जिला पदाधिकारियो में से पांच-पांच युवा प्रतिनिधि बस द्वारा गुजरात के करमसद में सरदार पटेल की जन्मभूमि पर पहुंचेंगे। सरदार पटेल के जन्म स्थान करमसद से स्टैचू ऑफ यूनिटी केवड़िया तक डेढ़ सौ किलोमीटर की यात्रा में प्रतिभाग करेंगे। यह यात्रा गुजरात में आयोजित होगी। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने आगे कहा कि 31 अक्टूबर को जिले के सभी बूथों पर सरदार वल्लभभाई पटेल का चित्र लगाकर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी




एक वरिष्ठ पदाधिकारी के द्वारा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया जाएगा। उसी दिन स्कूल कॉलेज एवं विश्वविद्यालय में रन फॉर यूनिटी के अंतर्गत छात्र-छात्राएं कॉलेज में आयोजित दौड़ में भाग लेंगे। तत्पश्चात रन फॉर यूनिटी दौड़ के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 31 अक्तूबर को होने वाली श्रन फॉर यूनिटीश में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ खिलाड़ी, युवा, महिलाएं, व्यापारी, किसान, मजदूर, शिक्षक, अधिवक्ता और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में भाग लेंगे। इसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावना को सुदृढ़ करना है। योजना बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष आकाश पाल ने व महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने संयुक्त रूप से की संचालन जिला मंत्री चकित चौधरी ने किया। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष आकाश पाल व महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला के अलावा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एमएलसी सतपाल सिंह सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ शेफाली चौहान, विधान परिषद सदस्य डॉ जयपाल सिंह व्यस्त व गोपाल अंजान, सहकारी बैंक के अध्यक्ष विजय भान सिंह, पूर्व सांसद वीर सिंह, पूर्व विधायक राजेश चुन्नू, ब्लॉक प्रमुख संतोष सिंह व डॉ नवदीप यादव, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, क्षेत्रीय मीडिया सह प्रभारी निमित जायसवाल, परमेश्वर लाल सैनी, जिला महामंत्री राजन विश्नोई, चंद्रपाल सैनी, कमल प्रजापति, महानगर महामंत्री दिनेश शीर्षवाल, नत्थूराम कश्यप, सर्वेश पटेल, चौधरी हुकुम सिंह, नवीन चौधरी, नवदीप टंडन, राजपाल सिंह चौहान, हेमराज सैनी विशाल त्यागी, आदित्य सांख्यधर, संजय शर्मा, धर्मेंद्र मिश्रा, दिनेश सिसौदिया, सुरेंद्र विश्नोई, शम्मी भटनागर आदि उपस्थित रहे।

## नगर में जाम का प्रमुख कारण बन रहा ई-रिक्शा का संचालन

**ठाकुरद्वारा।** नगर में ई-रिक्शा की संख्या में बढ़ोतरी होने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। रोजाना व्यस्त बाजारों में ई-रिक्शा के कारण जाम लगना आम बात हो गई है। जाम में फंसकर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसमे पूरा नगर जाम की जद में है। इसका मुख्य कारण ई-रिक्शा का बेतरतीब संचालन माना जा रहा है। नगर में काफी संख्या में ई-रिक्शा का संचालन होने से कदीर तिराहा, बड़ा बाजार, बाजार, गंज मेन मार्केट सहित अन्य बाजारों में रोजाना जाम लगना आम बात हो गई। जाम में फंसकर नागरिकों को खुलने का इंतजाम करना पड़ता है। इससे परेशानी के साथ-साथ समय भी बर्बाद होता है। चालक अपने ई-रिक्शा को बेतरतीब ढंग से चलाते हैं, जो जाम का कारण बनता है। जाम लगने पर दूर-दूर तक दोनों ओर ई-रिक्शा ही नजर आते हैं। वही ई-रिक्शा चालक अपनी मनमानी करने हुए बाजार में भीड़ अधिक होने पर जाम का कारण बनते हैं जिसमे राहगीर जाम के फंसकर परेशान हो रहे हैं। जिसपर प्रशासन की कोई प्रकिया नजर नही आ रही।

# रोहित शर्मा की सेंचुरी, कोहली के रिकॉर्ड से जीता भारत



**● तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हराया, हर्षित को 4 विकेट सीरीज में 2-1 से हारे**

**सिडनी, वार्ता।** हर्षित राणा (चार विकेट) के बाद रोहित शर्मा (नाबाद 121 ) व कोहली (नाबाद74 ) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शनिवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 69 गेंदे शेष रहते नौ विकेट से हरा दिया।

237 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रोहित शर्मा और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 69 रन जोड़े। 11वें ओवर में जॉश हेजलवुड ने शुभमन गिल को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। शुभमन गिल ने 26 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए (24) रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी विराट कोहली ने रोहित शर्मा के साथ ना केवल पारी को संभाला तेजी के साथ रन भी बटोरे। रोहित ने 33वें ओवर की आखिरी एक रन लेकर अपना शतक पूरा किया।

यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोहित का नौवां शतक है। उन्होंने अपना शतक पूरा करने के लिए 105 गेंदों का सामना किया और 11 चौके और दो छक्के लगाये। दोनों बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की जमकर खबर ली और दूसरे विकेट के लिए 168 रनों अविजित साझेदारी कर भारत को 38-3 ओवर में 237 रन बनाकर नौ विकेट से जीत दिला दी। रोहित शर्मा 124 गेंदों में 13 चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद121 ) रनों की पारी खेली। वहीं विराट कोहली ने 81 गेंदों में सात चौके लगाते हुए (नाबाद74 ) रन बनाये। विराट ने नेथन एलिस की गेंद पर चौका लगाकर भारत को जीत दिलाई। हालांकि ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों यह श्रृंखला 3-1 से जीती ली है। ऑस्ट्रेलिया की ओर एकमात्र कामयाब गेंदबाज हेजलवुड रहे। इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरे ट्रैविस हेड और कप्तान मिचेल शर्मा की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। 10वें ओवर में मोहमम्द सिराज ने ट्रैविस हेड 25 गेंदों में (29) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मैथ्यू शॉर्ट ने मिचल मार्श के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। इसी दौरान अक्षर पटेल ने 16वें ओवर में मिचेल मार्श (41) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद मैट रेनशॉ ने मैथ्यू शॉर्ट के साथ चौथे विकेट के लिए 61 रन जोड़े। मैथ्यू शॉर्ट (30) को 23वें ओवर में वॉशिंगटन सुंदर ने आउट किया। एलेक्स(24), मिचेल ओवेन (एक) को हर्षित राणा ने आउट किया। मैट रेनशॉ ने 58 गेंदों का सामना किया और अपनी 56 रनों की पारी में दो चौके लगाये। उन्हें भी 37वें ओवर में हर्षित राणा ने आउट किया। मिचेल स्टार्क (दो) को कुलदीप तथा नेथन (16) को प्रसिद्ध ने आउट किया। हर्षित ने 47वें ओवर की दूसरी गेंद पर कूपर (23) और इसी ओवर की चौथी गेंद पर हेजलवुड (शून्य) को आउटकर किया।

## जैमीसन इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से हुए बाहर

**लंदन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन बाएं हिस्से में अकड़न के कारण रविवार से शुरु हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गए है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि काइल को आज (शनिवार) गेंदबाजी करने के बाद अपनी बांयी ओर थोड़ी अकड़न महसूस हुई और हम गर्मियों के इस स्टेज पर कोई रिस्क नहीं लेना चाहते थे। हमें लगा कि उसके लिए इस वनडे सीरीज से बाहर रहना और खुद को वेस्टइंडीज टूर के लिए तैयार करने का सबसे अच्छा मौका देना बेहतर होगा।

## रोहित वनडे में 100 कैच लेने वाले क्लब में शामिल

**● तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के दौरान रोहित ने यह उपलब्धि हासिल की**

**सिडनी, वार्ता।** रोहित शर्मा एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 100 से ज्यादा कैच लेने वाले भारतीय क्रिकेटरों के विशिष्ट समूह में शामिल हो गए हैं, जिससे एक क्षेत्ररक्षक के रूप में उनकी कुशलता का पता चलता है। उन्होंने आज सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के दौरान यह उपलब्धि हासिल की।

भारत के शीर्ष क्षेत्ररक्षकों की सूची में विराट कोहली (163), मोहम्मद अजहरुद्दीन (156), सचिन तेंदुलकर (140), राहुल द्रविड़ (124) और सुरेश रैना (102) भी शामिल हैं। रोहित का प्रभाव मैच में पूरी तरह से दिखा, जहां उन्होंने दो महत्वपूर्ण कैच लपके। 37.4वें ओवर में, हर्षित राणा ने मिशेल ओवेन को एक तेज लेंथ की गेंद फेंकी, जो पीछे हटकर गेंद को किनारे से पहली स्लिप में ले गए। रोहित ने कैच को आसानी से पकड़ लिया, जिससे राणा को तीन ओवर में अपना दूसरा विकेट मिला। बाद में, 43.5वें ओवर में, प्रसिद्ध कृष्णा ने नाथन एलिस को धीमी यॉर्कर गेंद फेंकी, लेकिन वह लो फुल-टॉस में बदल गई। एलिस ने स्लॉग करने की कोशिश की, लेकिन टाइमिंग सही नहीं रही और रोहित ने मिड-विकेट पर एक आसान कैच लपका।

### रोहित शर्मा ने जड़ा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना नौंवा शतक

**सिडनी, वार्ता।** भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने सभी आलोचनाओ को विराम देते हुए शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना नौंवा शतक जड़ा। यह उनके एकदिवसीय करियर का 33वां शतक है। यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में रोहित शर्मा ने 21वें ओवर की चौथी गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्द्धशतक पूरा किया। ये उनका इस सीरीज में लगातार दूसरा अर्द्धशतक था। इससे पहले एडिलेड में भी उन्होंने 73 रनों की पारी खेली थी। इसके बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलिया गेंदबाजों की खबरा लेते हुए अपने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट करियर का पचासवां शतक पूरा किया। रोहित ने टेस्ट क्रिकेट में 12, एकदिवसीय में 33 और टी-20 में पांच शतक बनाये है। वह क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में यह कारनामा करने अकेले बल्लेबाज है। उन्होंने 105 गेंदों में 11 चौके और दो छक्कों की मदद से 100 रन बनाये। उन्होंने एडम जम्पा की गेंद पर एक रन लेकर अपने एकदिवसीय करियर का 33वां शतक पूरा किया।

## नई शुरुआत करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है: रोहित शर्मा

**● प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए रोहित**

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शनिवार को मैच विजयी नाबाद शतकीय पारी खेले वाले भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा कि नई शुरुआत करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है। प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए रोहित ने कहा कि यहां आकर खेलना हमेशा अच्छा लगता है।

2008 की यादें अब भी ताजा हैं। पता नहीं हम दोबारा ऑस्ट्रेलिया आएंगे या नहीं। हम क्रिकेट का आनंद उठाते हैं, चाहे हमें कितनी भी उपलब्धियां क्यों न मिलें। हमने पर्थ में नए सिरे से शुरुआत की थी। मैं चीजों को इसी तरह देखता हूं। पिछले 15-17 साल को भूल कर एक नई शुरुआत करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है।

उन्होंने कहा कि आप ऑस्ट्रेलिया में मुश्किल परिस्थितियों की उम्मीद करते हैं। आपको कुछ बेहतरीन गेंदबाजो का सामना करना पड़ता है। चीजो को समझते हुए, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना होता है। मैं लंबे समय से खेल से दूर था लेकिन मैंने तैयारी काफी अच्छी तरह से की। इससे थोड़ा आत्मविश्वास आया है। हम सीरीज जीत नहीं सके, फिर भी कई सकारात्मक चीजे हैं। युवा टीम है, उनके लिए बहुत कुछ सीखने को होगा। जब मैं टीम में आया था, मुझे याद है कि सीनियर्स ने कैसे हमारी मदद की थी, अब यह हमारा काम है कि हम भी वैसा ही करें।

## एशियन यूथ गेम्स में ओशिन व एडविना ने जीते रजत पदक

**● ओशिन अपने पहले ही प्रयास में 43.38 मी.का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाकर दूसरे स्थान पर रही**

**बहरीन, वार्ता।** भारत की ओशिन ने (डिस्कस थ्रो) और एडविना जेसन (400 मीटर) ने एशियन यूथ गेम्स 2025 में रजत पदक जीते। बहरीन नेशनल स्टेडियम में शुक्रवार को खेलते हुए ओशिन ने अपने पहले ही प्रयास में 43.38 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाकर दूसरे स्थान पर रही और चीन की शिनई वांग ने 55.38 मीटर की थ्रो के साथ डिस्कस थ्रो का स्वर्ण पदक जीता। चीनी ताइपे की युन-झेन शिह ने नौ एथलीटों के बीच 43-00 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। ओशिन ने पूरी सीरीज में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया, अपने छह थ्रो में से पांच में 40 मीटर का मार्क पार किया। वांग ने 50 मीटर से ज्यादा के लगातार प्रयासों से इस स्पर्धा पर दबदबा बनाए रखा। एशियन यूथ रिकॉर्ड 60.50 मीटर है, जो चीन की लियांग यान के नाम है। इस बीच एडविना जेसन ने बाद में दिन में लड़कियों की 400 मीटर दौड़ में 55.43 सेकंड के समय साथ रजत पदक जीता। अमेरिका की आयशा तारिक ने 54.26 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चीनी ताइपे की चिया-यिंग वू ने 56.60 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। भारत की तन्नू 58.49 सेकंड के समय के साथ आठवें स्थान पर रहीं। पहले दिन में, पलाश मंडल ने लड़कों की 5000 मीटर वॉक में 24:48.92 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। चीन के हाओजे झांग ने 21:43:82 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता और उनके हमवतन युजी लू ने 22:28:64 के समय के साथ रजत पदक जीता। भारत के नितिन गुप्ता के नाम लड़कों की 5000 मीटर वॉक में 19:24:48 का एशियन यूथ रिकॉर्ड है, जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में बनाया था। लाइट्स में लड़कों की हाई जंप में, भारत के जुबिन गोहेन ने 2.03 मी. क्लियर करके कांस्य पदक जीता, वह चीनी ताइपे के काई-लुन से ठीक पीछे रहे।

**खेल विशेष**

## भारत विश्व कप ग्रुप चरण में जीत से अभियान समाप्त करने को तैयार

**नवी मुंबई, वार्ता।** आईसीसी महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी भारतीय महिला टीम कल डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में बांग्लादेश महिला टीम से भिड़ेगी। यह आखिरी लीग मैच है, लेकिन इस दिन के लिए शांत रहने की उम्मीद न करें। पिछली हार से आहत मेजबान टीम अब लय में लौट आई है और ग्रुप चरण का अंत शानदार तरीके से करने के लिए तैयार है। दूसरी ओर, बांग्लादेश ने पूरे टूर्नामेंट में संघर्ष किया है।

छह मैचों में से केवल एक जीत के साथ वह तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। जज्बा? हां। निरंतरता? बिल्कुल नहीं। वे कोशिश करेंगे, संघर्ष करेंगे, लेकिन इतिहास उनके पक्ष में नहीं है क्योंकि भारत ने उन्हें वनडे में आठ में से सात बार हराया है। स्मृति मंधाना, प्रतीका रावल, जेमिमा रोड्रिग्स और हरमनप्रीत कौर भारत की बल्लेबाजी की रीढ़ रही हैं, जबकि दीप्ति शर्मा ने एक अनुशासित और खतरनाक गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया है। बांग्लादेश की नजरें सोभना मोस्तरी, शर्मिन अख्तर, निगार सुल्ताना और राबेया खान पर होंगी जो कोई सरप्राइज देंगी, लेकिन संभावनाएं प्रबल हैं। डीवाई पाटिल की पिच स्ट्रोक्स खेलने के लिए अनुकूल है।

यहां बल्लेबाजी काफी अच्छी हो सकती है, हालांकि बीच के ओवरों में स्पिनरों का बोलबाला रहेगा। लेकिन बारिश के कारण इस मैच पर खतरा मंडरा रहा है, कल दोपहर भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है, कोई भी रुकावट टीमों को अपनी योजनाओं पर पुनर्विचार करने पर मजबूर कर सकती है। अच्छी फॉर्म में, आत्मविश्वास से भरी और स्पष्ट मनोवैज्ञानिक बढ़त के साथ, भारत से बांग्लादेश को आसानी से हराने की उम्मीद है। मेहमान टीम के लिए यह दिन गर्व से खेलने, एक शीर्ष टीम के खिलाफ खुद को परखने और सिर ऊंचा करके विदा लेने का होगा।

## लक्ष्य ने टॉप सीड खिलाड़ी को चौंकाया



**● अंडर-17 बालिका एकल क्वार्टरफाइनल में थाइलैंड की ललिता को 11-21, 21-16 व 21-19 से हराया**

**चेंगदू, वार्ता।** चेंगदू में चल रही बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप में भारत का शानदार प्रदर्शन शुक्रवार को नए मुकाम पर पहुंच गया, जहां पांच भारतीय शटलरों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई और पदक भी पक्के किए। दिन का मुख्य आकर्षण लक्ष्य राजेश का रहा, जिन्होंने अंडर-17 बालिका एकल क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त थाईलैंड की ललिता सत्तायाथाकून को 11-21, 21-16, 21-19 से हराकर जबरदस्त वापसी की। उनकी जीत ने भारतीय दल के लिए एक शानदार ऑल-राउंड दिन का समापन किया, जो अब कई सेमीफाइनल श्रेणियों में खेल रहा है। लक्ष्य के साथ अंतिम चार में छठी वरीयता प्राप्त दीक्षा सुधाकर भी पहुंच गई, जिन्होंने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडोनेशिया की रईस्या अफ्फातुनिसा को 21-17, 21-8 से हराया। लड़कों के एकल वर्ग में, जगशेर सिंह खंगुरा ने हांगकांग के झान शिंग युई को सीधे गेमों में 21-13, 21-14 से हराकर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी। भारत ने युगल वर्ग में भी अपनी प्रगति का जश्न मनाया, जहां जंगजीत सिंह काजला और जननिका रमेश अपने चीनी प्रतिद्वंद्वियों के रिटायर होने के बाद अंडर-17 मिश्रित युगल सेमीफाइनल में पहुंच गए। इससे पहले, शीर्ष वरीयता प्राप्त शाइना मणिमुथु ने जापान की युबुकी अजुमाया को 21-14, 21-16 से हराकर अंडर-15 बालिका एकल सेमीफाइनल में आसानी से प्रवेश किया। दोनों आयु वर्गों में पांच सेमीफाइनलिस्टों के साथ, भारत के युवा शटलरों ने अब तक के अपने सबसे यादगार महाद्वीपीय अभियानों में से एक का प्रदर्शन किया है।

## दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन भारत ने जीते पांच स्वर्ण सहित 14 पदक

**रांची, वार्ता।** दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 (सैफ) के पहले दिन भारतीय एथलीटों ने पांच स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य सहित कुल 14 पदक जीते। बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में शुक्रवार से शुरु हुई दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप (सैफ) 2025 के पहले दिन पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में उत्तर प्रदेश पुलिस के कांस्टेबल और अखिल भारतीय पुलिस चैंपियनशिप 2024 के विजेता प्रिंस कुमार ने 14:22:17 का समय निकाल. कर स्वर्ण पदक हासिल किया। श्रीलंका के वक्षण विकनराज ने (14:23:21) और नेपाल के मुकेश बहादुर पाल ने (14:25:54) समय के साथ क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में, भारत ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम किया जब संजना सिंह (15:38:70) ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि हमवतन सीमा (15:40:55) ने रजत पदक जीता, जिससे मेजबान टीम पहले-दूसरे स्थान पर रही। समरदीप सिंह गिल ने पुरुषों की शॉटपुट स्पर्धा में 19-59 मीटर की थ्रो के साथ खिताब जीता, जबकि हमवतन रवि कुमार ने 17.95 मीटर के साथ रजत और श्रीलंका के मिथुनराज ने 14.68 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता।

महिलाओं की शॉटपुट स्पर्धा में योगिता ने 15.85 मीटर के थ्रो के साथ भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता, जबकि हमवतन शिक्षा ने 15.83 मीटर के थ्रो के साथ रजत और श्रीलंका की चंद्रशेखर ओविने ने 13.03 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। राशिद, नीरू पाठक, मोहम्मद अशफाक, ओलिम्बा और स्टेफी की भारतीय टीम ने मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर रिले स्पर्धा जीतकर पांचवां स्वर्ण पदक जीता। अन्य परिणामों में, श्रीलंका के योदासिंघेगे चामो ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ 10:30 सेकंड के समय के साथ जीती, जबकि भारत के प्रणव गौरव (10:32 सेकंड) और हर्ष राउत (10:42 सेकंड) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में, श्रीलंका ने दबदबा बनाया, जिसमें मोहम्मद यामिक (11:53 सेकंड) और थानुजी अमाशा (11:72 सेकंड) ने स्वर्ण और रजत और भारत की सुदेशना शिवंकर ने 11:78 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। महिलाओं की ट्रिपल जंप में श्रीलंका की हेराथ मुदियांस ने 13:36 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि भारत की पूर्वा सावंत (13:03 मीटर) दूसरे स्थान पर रहीं।

## विश्व कुश्ती में भारतीय महिला पहलवानों ने जीते पांच कांस्य पदक

**नई दिल्ली।** सर्बिया में चल रही अंडर-23 सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने अपने-अपने भार वर्ग में 5 कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। पदक विजेता इस प्रकार हैं:- 55 किग्रा: निशु, 57 किग्रा: नेहा शर्मा, 65 किग्रा: पुलकित, 68 किग्रा: सृष्टि, 76 किग्रा: प्रिया, इसके अलावा, दो भारतीय पहलवानों ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है और कल जापानी प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी: 53 किग्रा: हंसिका लांबा, 59 किग्रा: सारिका मलिक।

## लियोनेल मेसी का अर्जेंटीना फुटबॉल फ्रेंडली मैच हुआ स्थगित



**कोच्चि, वार्ता।** लियोनेल मेसी और अर्जेंटीना फुटबॉल टीम का अगले महीने केरल में होने वाला फ्रेंडली मैच स्थगित कर दिया गया है।

स्पर्धा स्पॉन्सर ने शनिवार को मैच स्थगित किये जाने की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि अर्जेंटीना को 17 नवंबर को कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक फ्रेंडली फुटबॉल मैच खेलना था।

अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने सितम्बर में वेन्यू का निरीक्षण किया था। कोच्चि का दौरा इस साल फीफा अंतर्राष्ट्रीय सत्र के दौरान फ्रेंडली मैचों के लिए ला एल्बिसेलेस्टे की नवंबर के अस्थायी कार्यक्रम का हिस्सा था। स्पॉन्सर ने फीफा से अनुमति मिलने में देरी का हवाला देते हुए कहा कि मैच अगले अंतर्राष्ट्रीय सत्र के दौरान पुनर्निर्धारित किया जाएगा। तारीखों की घोषणा नहीं की गई।

## सिडनी वनडे में अय्यर हुए चोटिल



**सिडनी, वार्ता।** यहां तीसरे वनडे मैच में भारतीय मैदान पर तनाव और चिंता का माहौल देखने को मिला। हर्षित राणा की गेंद पर शानदार कैच लेने के लिए दौड़े श्रेयस अय्यर गेंद को पकड़कर जमीन पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोट लग गई। यह घटना 34वें ओवर की चौथी गेंद पर हुई, जिससे एलेक्स कैरी और मैट रेनशॉ के बीच चौथे विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी टूट गई। फिजियो दौड़े, टीम के साथी खिलाड़ी इकट्ठा हुए, और इसी चिंता के बीच, भारत के पूर्व वनडे कप्तान रोहित शर्मा आगे आए। उन्होंने अय्यर की हालत का जायजा लिया और उन्हें खुद बाउंड्री तक ले गए। यह एक ऐसा इशारा था जो आंकड़ों और विवादों से कहीं आगे जाकर बहुत कुछ कहता है। भारतीय ड्रेसिंग रूम से अभी तक अय्यर की हालत पर कोई आधिकारिक अपडेट नहीं आया है। युवा ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी के बाद श्रेयस अय्यर भारत की चोट की नई चिंता बन गए हैं, जो एडिलेड में दूसरे वनडे में लगी बायीं कोहनी की चोट के कारण सिडनी वनडे से बाहर हो गए थे।

## भारतीय हॉकी के शताब्दी वर्ष पर एक साथ खेले जाएंगे कई मैच

**रायपुर, वार्ता।** छत्तीसगढ़ में भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सात नवंबर 2025 को प्रदेश के विभिन्न जिलों में एक ही समय कई मैचों का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि यह आयोजन भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। सात नवंबर 1925 को देश में पहली हॉकी प्रशासनिक संस्था का गठन हुआ था। इसके बाद 1928 में एम्स्टर्डम ओलंपिक में भारतीय टीम ने नीदरलैंड को हराकर अपना पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता। तब से अब तक भारतीय हॉकी टीम ने कुल आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं। यह किसी भी देश द्वारा हॉकी में जीते गए सबसे अधिक स्वर्ण पदक हैं। उन्होंने बताया कि 1928 से 1959 का काल भारतीय हॉकी का स्वर्णिम युग माना जाता है। 1980 और 90 के दशक में प्रदर्शन में गिरावट के बाद 1998 से भारतीय हॉकी ने पुनरुत्थान की राह पकड़ी। टोक्यो ओलंपिक 2020 में मनप्रीत सिंह की कप्तानी में टीम ने कांस्य पदक जीतकर गौरवशाली वापसी की, जिसे 2024 के पेरिस ओलंपिक में एक बार फिर दोहराया गया जब भारत ने फिर से पदक जीतकर इतिहास रचा। छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि भारत अब तक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में कुल आठ स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक जीत चुका है। इसके अलावा, भारत ने 1975 में विश्व कप भी जीता है तथा एशियाई खेलों में चार स्वर्ण, नौ रजत और तीन कांस्य पदक हासिल किए हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम ने भी एशियाई खेलों में सात पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया।

# शराब कारोबारी चड्ढा परिवार के चार सदस्यों के खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के चर्चित शराब कारोबारी चड्ढा परिवार के चार सदस्यों के खिलाफ कोर्ट ने करीब 1.91 करोड़ रुपये के गबन के मामले में जमानती वारंट जारी किए हैं। अदालत ने सभी आरोपियों को 4 नवंबर तक जमानत कराने के निर्देश दिए हैं। यह मामला सिविल लाइन थाने में दर्ज हुआ था, जिसमें शिकायतकर्ता कटघर गुलाबवाड़ी निवासी गोपाल मिश्रा ने अपने पूर्व व्यावसायिक साझेदारों पर भारी रकम हड़पने का आरोप लगाया था।गोपाल मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उन्होंने चड्ढा परिवार के साथ एक शराब से संबंधित फर्म में पार्टनरशिप की थी। आरोप है कि व्यापार के दौरान फर्म के खातों में गड़बड़ी कर गुरजीत सिंह चड्ढा, हरवीर चड्ढा, जसप्रीत चड्ढा और तमन्ना चड्ढा ने मिलकर लगभग 1.91 करोड़ रुपये का गबन किया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने चारों के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की थी।पुलिस जांच पूरी होने के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी गई। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने चड्ढा परिवार के चारों सदस्यों की गैरहाजिरी को गंभीरता से लेते हुए जमानती वारंट जारी किए हैं। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि तय तारीख तक आरोपी अदालत में हाजिर नहीं होते या जमानत नहीं कराते हैं, तो आगे की कार्रवाई गैर-जमानती वारंट के रूप में की जा सकती है। इस पूरे मामले ने मुरादाबाद के कारोबारी जगत में हलचल मचा दी है। सूत्रों के अनुसार, चड्ढा परिवार शहर में शराब व्यापार से लंबे समय से जुड़ा रहा है और कई नामी फर्मों से संबंध रखता है। वहीं, शिकायतकर्ता गोपाल मिश्रा ने कहा है कि वह अपने साथ हुए आर्थिक अन्याय को लेकर कानूनी लड़ाई जारी रखेंगे

## 60 दिनों के बाद भी पुलिस सुमित के हत्यारे को गिरफ्तार करने में नाकाम



**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव कैथल में 25 अगस्त को हाईस्कूल के छात्र सुमित की हत्या प्रेम-प्रसंग के चलते कर दी गई। परिजनों के अनुसार 25 अगस्त को रात्रि 08 बजे के करीब सुमित घर से निकला था और देर रात्रि तक घर वापस नहीं लौटा। तलाशने पर भी नहीं मिला परंतु अगले दिन 26 अगस्त को सुबह उसका शव एक धान के खेत में पड़ा मिला। हालांकि शव से कुछ दूरी पर खून से सने दस्ताने भी मिले तथा हत्या छुरे से गला काटकर की गई। जांच के दौरान पाया गया कि मुख्य हत्यारा सनोज था जिसने सुमित की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या की। सुमित के माता-पिता की मृत्य उसके बचपन में ही हो चुकी है। सुमित की दो बहनें मेहनत मजदूरी करके उसे पढ़ा रही थीं। मृतक सुमित चन्दौसी इंटर कॉलेज चन्दौसी में हाईस्कूल का छात्र था परंतु प्रेम प्रसंग के चलते उसे मौत का शिकार होना पड़ा। मुख्य हत्यारे सनोज ने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर हत्या को अंजाम दिया। इस मामले में अब तक दो को गिरफ्तार कर चुकी है परंतु मुख्य हत्यारा सनोज 60 दिनों के बाद भी फरार है। वह बेखौफ होकर फरारी काट रहा है।

## एक नजर

### अधिवक्ताओं ने मनाया शबनम एडवोकेट का जन्मदिन




**मुरादाबाद** ( शाह टाइम्स, ब्यूरो)। कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं ने शबनम एडवोकेट का जन्मदिन बड़े ही उत्साह और जोश के साथ मनाया। इस अवसर पर राजीव वर्मा एडवोकेट ने अपने जूनियर शबनम एडवोकेट को जन्मदिन की बधाई देते हुए केक काटकर जश्न मनाया। इस मौके पर अधिवक्ताओं ने शबनम एडवोकेट को जन्मदिन की मुबा. रकबाद दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विजय पाल सिंह एडवोकेट, अनुज शर्मा एडवोकेट, विपिन प्रजापति एडवोकेट, राजवीर सिंह एडवोकेट, शशिकांत गौतम उर्फ बंटी एडवोकेट, रवि शर्मा, काजल एडवोकेट, सलीम एडवोकेट सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे। शबनम एडवोकेट के जन्मदिन के मौके पर आयोजित इस कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए खुशियों का इजहार किया। राजीव वर्मा एडवोकेट ने शबनम एडवोकेट को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि वह अपने काम में हमेशा सफल रहें और उनकी खुशियों में अधिवक्ता समुदाय के लोग हमेशा साथ रहें। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने शबनम एडवोकेट के साथ फोटो खिंचवाए और उनके साथ समय बिताया। इस कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे के साथ अपने संबंधों को मजबूत बनाने का अवसर प्राप्त किया। शबनम एडवोकेट ने सभी अधिवक्ताओं का धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके जन्मदिन के मौके पर आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वह सभी का आभारी हैं।

### थाना समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनीं जनसमस्याएं



**चन्दौसी।** शनिवार को कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी एवं सीओ डा0 प्रदीप कुमार मौजूद रहे। थाना समाधान दिवस में फरियादियों की संख्या लगभग एक या दो रहती है जबकि संपूर्ण समाधान दिवस में यही संख्या सैकड़ा तक पहुंच जाती है। हालांकि थाना समाधान दिवस में पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ प्रशासनिक एवं राजस्व अधिकारी मौजूद रहते हैं। थाना समाधान दिवस में एसडीएम आशुतोष तिवारी, सीओ डा0 प्रदीप कुमार, तहसीलदार रवि सोनकर, कानूनगो, लेखपाल, अतुल पाठक आदि मौजूद रहे।

# टिमिट में 'डिजिटल युग में बिक्री' विषय पर अतिथि व्याख्यान का भव्य आयोजन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा एक अतिथि व्याख्यान का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विषय था "डिजिटल युग में बिक्री: ई-कॉमर्स में सफलता की कुंजी"।इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में चार्टर्ड अकाउंटेंट हसन फारूक, आंतरिक लेखा परीक्षक, सोसाइटी जेनरल फाइनेंसिंग सर्विसेज, बैंगलोर (कर्नाटक) आमंत्रित किए गए। उन्होंने विद्यार्थियों को डिजिटल युग में व्यापार के बदलते स्वरूप, ऑनलाइन बिक्री के अवसरों, चुनौतियों एवं ईदृकॉमर्स के माध्यम से व्यवसायिक विस्तार की तकनीकों पर विस्तृत जानक. ारी दी।सी.ए. हसन फारूक ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि आज का समय तकनीक और नवाचार का युग है। अब व्यापार केवल वस्तु बेचने तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि ग्राहकों की आवश्यकताओं को समझकर डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से बेहतर अनुभव प्रदान करना ही सफलता की कुंजी बन गया है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार डिजिटल माध्यम से एक छोटा विक्रेता भी वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना सकता है।कार्यक्रम में टिमिट के बी.बी.ए. 5वीं सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और वक्ता से अनेक महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे। प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने डिजिटल मार्केटिंग, ऑनलाइन बिक्री रणनीतियों और ई-कॉमर्स प्रबंधन से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।कार्यक्रम का संचालन बीबीए फाइनल ईयर की फैकल्टी द्वारा गया दोनों ने इस आयोजन की रूपरेखा और समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा "आज के डिजिटल युग में व्यवसाय की सफलता तकनीकी समझ, नवाचार और रचनात्मक सोच पर निर्भर करती है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को वास्तविक व्यापारिक परिस्थितियों से अवगत कराते हैं और उन्हें भविष्य के प्रतिस्पर्धात्मक बाजार के लिए तैयार करते हैं। टिमिट सदैव ऐसे ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।"कार्यक्रम का समापन अतिथि वक्ता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए और स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया।

यह सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने वाला सिद्ध हुआ।

## जान से मारने की नीयत से घायल करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव गोराशाहगंढ में जान से मारने की नीयत से सरिया से बार करके घायल करने के मामले में तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। उसके बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। गोराशाहगढ़ गांव के हरवीर पुत्र धर्मपाल ने मुकदमा दर्ज कराया था कि उसके घर मेंगांव का ही धनीराम पुत्र बाबूराम अपने परिवार के लोगों के साथ घुस आया। इस दौरान उसे व उसके भाई धर्मेंद्र व भाभी गीता के साथ गाली गलौज शुरू करके मारपीट शुरू कर दी। आरोपी धनीराम ने उसके भाई धर्मेंद्र के सिर पर जान से मारने की नीयत से सरिये से वार किया। जिससे उसका भाई गंभीर घायल हो गया। इस मामले में दर्ज मुकदमे के बाद पुलिस ने धनीराम को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। इससे पहले पुलिस ने भानू व अखिलेश नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार करके जेल भेजा था।

# कृषि विज्ञान केंद्र ने किया प्रक्षेत्र दिवस (फील्ड डे) का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डिलारी।** कृषि विज्ञान केंद्र, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद द्वारा क्षेत्र के कमलापुरी गांव में दिनांक 24.10.25 व फैजुल्लागंज व मैसूवाला गांव में दिनांक 25.10.25 को प्रक्षेत्र दिवस (फील्ड डे) का आयोजन किया गया। यह आयोजन ग्राम कमलापुरी में किसान उज्ज्वल के धान के प्रक्षेत्र (प्रथम पंक्ति प्रदर्शन) पर जिसमे पूर्व में फफूंदीनाशक (प्रोपिकोनाजोल) शीथ ब्लाइट हेतु, तथा ग्राम फैजुल्लागंज व मैसूवाला में किसान क्रमशः अशोक कुमार व महिला कृषक स्वाति के प्रक्षेत्र पर धान की फसल में कीटनाशकों (आइसोसायक्लोसेरम एवं पायोमैट्रोजिन) हेतु किया गया। ग्राम कमलापुरी में फफूंदीनाशक में किसानों द्वारा ये देखा गया कि जिस धान में फफूंदीनाशक का प्रयोग किया गया उसमे अन्य किसानों की तुलना में शीथ ब्लाइट का असर कम रहा तथा अच्छे उत्पादन की संभावना जताई गई। इसी तरह ग्राम फैजुल्लागंज व मैसूवाला में जिस खेत में कीटनाशक का प्रयोग किया गया उसमे अन्य किसानों की फसल के मुकाबले कीट व्याधि का प्रकोप कम रहा। मौके पर मौजूद किसानों को धान की फसल का अवलोकन भी कराया गया। केंद्र के पौध सुरक्षा के वैज्ञानिक दीपक कुमार ने किसानों की समस्यों के समाधान के अलावा रबी फसलों के लिए बीज शोधन का महत्व एवं शरद कालीन गन्ने की बुवाई से सम्बंधित जानकारी, गन्ने में सह फसली खेती की जानकारी भी दी । मौके पर आए किसानों को केंद्र के प्रभारी अधिकारी, डॉ रवींद्र कुमार द्वारा अच्छे उत्पादन के लिए शुभकामनाएं दी गई। दोनों दिवस के कार्यक्रम में राकेश, हरिओम, यसराम शर्मा, ओमप्रकाश, जमुना सैनी, मगन देई, अशोक कुमार राजीव, भारत सिंह आदि 60 किसानों एवं कृषक महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

केंद्र के कर्मचारी श्री पुष्पराज यादव, श्री संदीप कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

# ब्लॉक में पंचायत सहायक चुनाव हुआ सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** मूंढापांडे ब्लॉक सभागार में शनिवार को ब्लॉक की सभी 76 ग्राम पंचायतों के पंचायत सहायकों के बीच अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव,मीडिया प्रभारी, का चुनाव पिछले कई बर्षो से किसी न किसी कारण अटका चला आ रहा था, इस चुनाव को लेकर ब्लॉक प्रमुख नवदीप यादव ने एक टीम बनाकर पंचायत सहायक चुनाव के लिए सभी जरूरी कार्रवाई पूर्ण करते हुए, शनिवार को सुबह से ही ब्लॉक सभागार सभी पंचायत सहायक पहुँचे, जिसके बाद पंचायत सभागार में चुनाव के लिए, सात पंचायत सहायकों ने अपनेअध्यक्ष, उपाध्यक्ष सचिवआदि, पद के लिए अपनी दावेदारी के लिए नॉमिनेशन पत्र चुनाव अधिकारी को दाखिल कर किया, जिसके बाद चुनाव अधिकारी अभय प्रताप सिंह, विशाल कुमार ने अध्यक्ष पद के लिए अजीम, अमित,ने नामांकन दाखिल किया एवं उपाध्यक्ष पद के लिए शबनम, सचिन ने अपना नामांकन दाखिल किया, जिसके बाद निर्वाचन अधिकारी ने बोटिंग की अनुमति देकर वोटिंग कराई तो, अध्यक्ष पद के लिए,अमित कुमार को 55 वोट पड़े दूसरे उम्मीदवार अजीम को 9 वोट पड़े, जिसके बाद निर्वाचन अधिकारी अभय प्रताप ने अमित कुमार को 46 वोटो से निर्वाचित घोषित कर दिया,तो बही उपाध्यक्ष पद के लिए सचिन को 54 वोट मिले ओर शबनम को 10 वोट ही मिल सके ,जिसके बाद निर्वाचन अधिकारी विशाल कुमार ने सचिन कुमार को,44 वोटों से निर्वाचित घोषित कर दिया,अन्य पदों पर सभी पंचायत सहायको की सहमति के बाद,अन्य पदों पर सचिव, पद के लिए, निशा कुमारी,मीडिया प्रभारी, तरन्नुम, उप सचिव विशाल कुमार, कोषाध्यक्ष आशीष कुमार, महामंत्री सोहनलाल, को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया।

# विद्युत विभाग ने लगाया शिविर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** तहसील प्रांगण में उपजिला अधिकारी विनय कुमार सिंह की देखरेख में विद्युत विभाग की समस्याओं का महाशिविर का आयोजन किया गया। महाशिविर में तहसील क्षेत्र से संबंधित सभी उपखंड कार्यालय के कर्मचारी अधिकारी शामिल रहे।विद्युत उपखंड अधिकारी बिलारी अवधेश कुमार ,अवर अभियंता शिवम गुप्ता,छत्रपाल सिंह ,दीपू सहसपुर उपखंड कार्यालय से उपखंड अधिकारी राम मनोहर यादव, अरुण कुमार सिंह, संजीव सिंह, कुंदरकी उपखंड कार्यालय से उपखंड अधिकारी दयाशंकर ,अवर अभियंता भास्कर गुप्ता, प्रभात कुमार जबकि चौधरपुर उपखंड कार्यालय से भी कर्मचारी शामिल रहे जबकि जिले से शैलेश कुमार बंसल भी यहां उपस्थित रहे। शिविर में अधिकारियों ने बताया कि सबसे ज्यादा समस्याएं यहां पर स्मार्ट मीटर से संबंधित थी जिसमें अधिक बिल आने की शिकायत सबसे ज्यादा थी ।जिसमें कुछ को सही किया गया व कुछ के लिए आश्वासन दिया गया कि भविष्य में यह सारी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। शिविर में लोगों के मीटर भार में वृद्धि की गई, विद्युत बिल सही किए गये तथा लोगों को नए विद्युत संयोजन लेने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही पीएम सूर्य घर योजना के बारे में भी जानकारी दी गई इस मौके पर विद्युत उपभोक्ताओं की भारी भीड़ देखने को मिली।

इस मौके पर पीएम मुक्ति बिजली घर योजना के बारे में धर्मेंद्र गांधी ने कहा कि केंद्र सरकार की योजना है कि प्रत्येक घर में एक किलोवाट से 10 किलोवाट तक घरेलू सौर पैनल के द्वारा लोगों को बिजली उपलब्ध कराई जाए जिससे उपभोक्ताओं के बिल में भारी कमी आए इसी उद्देश्य से केंद्र व प्रदेश सरकार मिलकर प्रत्येक उपभोक्ताओं के लिए सौर पैनल लगवा रही है जिसमें केंद्र व प्रदेश सरकार 66% तक सब्सिडी उपलब्ध करा रही है जिसमें उपभोक्ताओं को बैंक के माध्यम से सत प्रतिशत लोन की भी व्यवस्था की गई है। शिविर में अवनीश यादव, मोहम्मद अहसान, विजय सक्सेना, निहाल सिंह, रामपाल कश्यप, विशाल प्रजा. पति आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मानक से अधिक खनन करने पर उपजिलाधिकारी ने मारा छापा

## खनन अधिकारी शाही खर्चे लेकर कराते हैं मानक से अधिक खनन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जनपद संभल में बड़े पैमाने पर मिट्टी खनन का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। आम नागरिक को जहां मकान निर्माण के लिए एक ट्राली मिट्टी तक मिलना मुश्किल हो जाता है, वहीं कुछ प्रभावशाली खननकर्ता कृषि योग्य भूमि का सीना चीरकर हजारों घनमीटर मिट्टी निकाल रहे हैं। प्रशासन की मौन भूमिका के कारण यह अवैध खनन पूरे तंत्र के संरक्षण में चल रहा है। जानकारी के अनुसार कैथल, ऐतोल, नवाबपुरा, बुधनगर खण्डुआ व बर्रई क्षेत्रों में पिछले पांच वर्षों से लगातार मिट्टी खनन जारी है। रात्रि और दिन दोनों समय ट्रैक्टर धड़ल्ले से चलते हैं। जेसीबी और लोडर की मदद से प्रति ट्रैक्टर लगभग 400 रुपये में मिट्टी भरी जाती है, जबकि वही मिट्टी बाजार में 1000 से 1200 रुपये प्रति ट्रैक्टर के हिसाब से बेची जाती है। एक ट्रैक्टर चालक दिनभर में लगभग 10 से 12 ट्राली मिट्टी डाल देता है। हर ट्रैक्टर का नाम और नंबर दर्ज कर उसका रवन्ना काटा जाता है। बताया जाता है कि 12 अक्टूबर के बाद से ही बुधनगर खण्डुआ रोड और ऐतोल आराजी क्षेत्र में दर्जनों ट्रैक्टर रोजाना मिट्टी भरकर जा रहे थे, जो दीपावली से दो दिन पहले अचानक बंद हुए।

इनमें कई ट्रैक्टर मई गांव के भी शामिल बताए जाते हैं। फिलहाल 24 अक्टूबर की रात को उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी, तहसीलदार रवि सोनकर, क्षेत्राधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार और इंस्पेक्टर मोहित कुमार बालियान पुलिस बल के साथ बुधनगर खण्डुआ पहुंचे। टीम ने मौके पर खनन की जांच कर अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। एसडीएम आशुतोष तिवारी के अनुसार, मौके पर मानक चार फीट खुदाई के स्थान पर बारह फीट तक मिट्टी निकाली गई थी।

लेखपाल को बुलाकर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि किस गाटा संख्या की खुदाई की अनुमति थी और कितनी मात्रा में मिट्टी निक. ाली गई है। इसी रिपोर्ट के आधार पर दोषियों पर जुर्माना निर्धारित किया जाएगा। जांच में यह भी सामने आया है कि गणेश कॉलोनी के एक ठेकेदार ने खनन का परमिट लेकर नियमों के विरुद्ध खुदाई कराई थी।



# पाक ने अमेरिका को सौंप दिए थे एटमी हथियार

## खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व अफसर जॉन किरियाकू बोलेः हमने परवेज मुशर्रफ को 'खरीद' लिया था

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने अपने देश के परमाणु हथियारों का नियंत्रण अमेरिका को सौंप दिया था। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व अफसर जान किरियाकू ने यह दावा किया है। किरियाकू ने कहा कि अमेरिका ने मुशर्रफ को लाखों डॉलर की मदद के जरिए 'खरीद' लिया था। उनके शासनकाल में अमेरिका को पाकिस्तान की सुरक्षा और सैन्य गतिविधियों तक लगभग पूरी पहुंच थी। उन्होंने कहा, हमने लाखों डॉलर की सैन्य और आर्थिक मदद दी। बदले में मुशर्रफ ने हमें सब कुछ करने दिया। किरियाकू ने यह बयान न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए इंटरव्यू में दिया।

उन्होंने यह भी कहा कि मुशर्रफ ने दोहरे खेल खेले। उन्होंने एक तरफ अमेरिका के साथ दिखावा किया और दूसरी ओर पाकिस्तान की सेना और चरमपंथियों को भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियां जारी रखने दिया। किरियाकू ने बताया कि 2002 में भारत और पाकिस्तान युद्ध के कगार पर थे। उन्होंने कहा, इस्लामाबाद से अमेरिकी अधिकारियों के परिवारों को निकाल लिया गया था। हमें लगा कि भारत और पाकिस्तान युद्ध में उतर सकते हैं।

उन्होंने 2001 में संसद हमले के बाद भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन पराक्रम का जिक्र किया। किरियाकू ने दावा किया कि अमेरिकी उप विदेश मंत्री ने दिल्ली और इस्लामाबाद का दौरा कर दोनों देशों के बीच समझौता करवाया। 2008 मुंबई हमलों पर बात करते हुए किरियाकू ने कहा कि मुझे नहीं लगता था कि यह अल-कायदा है। मुझे हमेशा लगता रहा कि ये पाकिस्तान समर्थित आतंकी समूह थे। और ऐसा ही साबित हुआ। असली कहानी यह थी कि पाकिस्तान भारत में आतंकवाद फैला रहा था और किसी ने कुछ नहीं किया। किरियाकू ने कहा कि भारत ने संसद और मुंबई हमलों के बाद संयम दिखाया पूर्व सीआईए अधिकारी ने यह भी खुलासा किया कि पाकिस्तान के परमाणु वैज्ञानिक अब्दुल कादिर खान को अमेरिकी कार्रवाई से बचाने में सऊदी अरब का अहम रोल था। सऊदी ने अमेरिका को कहा कि खान को न छेड़ा जाए, जिससे अमेरिका ने अपने प्लान को छोड़ दिया। किरियाकू ने अमेरिकी विदेश नीति पर भी सवाल उठाया और कहा कि अमेरिका लोकतंत्र का ढोंग करता है, लेकिन वास्तव में अपने स्वार्थ के अनुसार काम करता है। उन्होंने यह भी बताया कि सऊदी और अमेरिका का रिश्ता पूरी तरह लेन-देन पर आधारित है, अमेरिका तेल खरीदता है और सऊदी हथियार। किरियाकू ने कहा कि वैश्विक ताकतों का संतुलन बदल रहा है और सऊदी अरब, चीन और भारत अपनी रणनीतिक भूमिका को नया आकार दे रहे हैं। किरियाकू ने खुलासा किया है कि 9/11 आतंकी हमले का जिम्मेदार और अल कायदा का लीडर ओसामा बिन लादेन तोरा बोरा की पहाड़ियों से महिलाओं के कपड़े पहनकर भागा था। किरियाकू ने बताया कि उस समय उन्हें यह भी नहीं पता था कि सेंट्रल कमांड के कमांडर के लिए काम करने वाला ट्रांसलेटर असल में अल-कायदा का एजेंट था, जिसने अमेरिकी सेना में घुसपैठ की थी। उन्होंने कहा कि हम अफगानिस्तान पर बमबारी शुरू करने से पहले एक महीने से अधिक इंतजार कर रहे थे। अक्टूबर 2001 में हमें लगा कि हमने बिन लादेन और अल-कायदा के नेताओं को तोरा बोरा में फंसा लिया है। हम उन्हें पहाड़ी से उतरने के लिए कह रहे थे। ट्रांसलेटर ने जनरल फैंक्स को आश्वस्त किया कि उन्हें सुबह तक इंतजार करने दिया जाए ताकि महिलाएं और बच्चे सुरक्षित बाहर निकल सकें।




- हमने लाखों डॉलर की सैन्य और आर्थिक मदद दी
- अमेरिकी उप विदेश मंत्री ने दिल्ली और इस्लामाबाद का दौरा कर दोनों देशों के बीच समझौता करवाया

## अमेरिका में एंट्री-एग्जिट के समय हर बार विदेशियों की तस्वीर ली जाएगी

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सख्त इमिग्रेशन पालिसी के तहत अमेरिका में अब हर विदेशी की एंट्री और एग्जिट के समय तस्वीर ली जाएगी। यह काम नई फेस रिकग्निशन तकनीक से होगा। इसका मकसद नकली दस्तावेजों को रोकना और देश को सुरक्षित रखना है। अमेरिकी बॉर्डर सिक्योरिटी डिपार्टमेंट (सीबीपी) ने बताया कि हवाई अड्डों, समुद्री बंदरगाहों और जमीन सीमाओं पर तस्वीरें और जानकारी इकट्ठा की जाएगी। सीबीपी का कहना है कि यह नया सिस्टम आतंकवाद, फर्जी दस्तावेज, वीजा से ज्यादा समय रुकने और गलत जानकारी जैसे खतरों से निपटेगा। यह नियम सभी गैर-नागरिकों पर लागू होगा, चाहे वे अवैध आप्रवासी हों या ग्रीन कार्ड होल्डर्स। यह नियम 2021 में पहली बार सुझाया गया था, लेकिन अब यह ट्रम्प सरकार की सीमा सुरक्षा को मजबूत करने की बड़ी योजना का हिस्सा है।



तमिलनाडु। कन्याकुमारी जिले के नागरकोइल में बारिश के बीच पानी से भरी सड़क के एक ऊंचे हिस्से पर इंतजार करता एक यात्री।

## हूती विद्रोहियों ने सात और संयुक्त राष्ट्र सहायताकर्मियों को लिया हिरासत में

**सना।** यमन की राजधानी सना में हूती विद्रोहियों ने सात और संयुक्त राष्ट्र सहायता कर्मियों को उनके घरों से हिरासत में लिया है। हूती सूत्रों ने शुक्रवार को समाचार एजेंसी शिन्हुआ का यह जानकारी दी।

सूत्रों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि गिरफ्तार सात संयुक्त राष्ट्र सहायता कर्मियों में से चार को आज रात (शुक्रवार) हिरासत में लिया गया, जबकि बाकी को कल (गुरुवार) गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले बुधवार को संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत हंस ग्रंडबर्ग ने एक बयान में कहा कि हूती विद्रोहियों के हिरासत से रिहा होने के बाद 12 संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय सहायता कर्मियों को सना हवाई अड्डे से विमान से बाहर ले जाया गया। सूत्रों के अनुसार रिहाई में ईरान और ओमान के विदेश मंत्रालयों की मध्यस्थता की थी, दोनों ही हूती समूह के साथ संबंध रखते हैं।

## वियतनाम नेशनल असेंबली ने दो नए उप प्रधानमंत्री की नियुक्ति की

**हनोई।** वियतनाम की 15वीं नेशनल असेंबली ने शनिवार को 2021-2026 के कार्यकाल के लिए गुयेन ची डुंग और माई वान चिन्ह को उप प्रधानमंत्री नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। नेशनल असेंबली की 448 प्रतिनिधियों ने पक्ष में मतदान किया जो राष्ट्रीय असेंबली प्रतिनिधियों की कुल संख्या के 93.72 प्रतिशत के बराबर है।

## संक्षिप्त समाचार

### थाईलैंड की राजमाता सिरीकित का निधन

**बैंकॉक।** थाईलैंड की राजमाता सिरीकित का किंग चुलालोंगकोर्न मेमोरियल अस्पताल में निधन हो गया। वह 93 वर्ष की थी। शाही परिवार के कार्यालय ने यह जानकारी दी। कार्यालय ने एक आधिकारिक घोषणा में कहा कि डॉक्टरों की एक टीम सात सितम्बर, 2019 से अस्पताल में राजमाता के स्वास्थ्य की निंगरानी और उपचार कर रही थी, ने पाया कि वह कई शारीरिक प्रणालियों में कई बीमारियों और असामान्यताओं से पीड़ित थीं, जिसके लिए निरंतर चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता थी।

### चीन में 916 साल पुराना जुनिपर का पेड़ मिला

**शीनिंग।** उत्तर-पश्चिमी चीन के किघई प्रांत में एक सर्वेक्षण के दौरान 916 साल पुराने जुनिपरस प्रेजेवाल्स्की पेड़ की पहचान की गई है। इसे आमतौर पर किलियन जुनिपर के नाम से जाना जाता है। स्थानीय वन अधिकारियों ने शुक्रवार को यह घोषणा की। कैदम बेसिन के भीतर बैशुशान में स्थित यह पेड़ अब अपनी प्रजाति का सबसे पुराना पेड़ है। मंगोलियाई-तिब्बती स्वायत्त प्रान्त हाइक्सी के डेलिग्हा शहर के वानिकी और चरागाह ब्यूरो द्वारा किए गए इस सर्वेक्षण में दो प्रमुख पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### फ्रांस 2026 में यूक्रेन में तैनात कर सकता है सेना

**पेरिस।** फ्रांस के सेना प्रमुख जनरल पियरे शिल ने कहा है कि सुरक्षा गारंटी सुनिश्चित करने के लिए यदि आवश्यक हुआ तो फ्रांस 2026 में यूक्रेन में अपने सैनिकों की तैनाती कर सकता है। फ्रांसीसी न्यूज चैनल बीएफएमटीवी ने शिल के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया कि यदि यूक्रेन का समर्थन करना आवश्यक हुआ तो हम सुरक्षा गारंटी के तहत अपनी सेना तैनात कर सकते हैं। वर्ष 2026 गठबंधन सेनाओं द्वारा चिह्नित होगा।

### श्रीलंका में नशीली दवाओं पर कार्रवाई में दो लाख लोग गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका में पुलिस मादक पदार्थों और नशीली दवाओं के विरुद्ध देशव्यापी अभियान चला रही है जिसके तहत एक जनवरी से 22 अक्टूबर के बीच इससे संबंधित अपराधों के लिए 190000 से जयादा संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है।

## ट्रम्प के सीक्रेट दोस्त ने यूएस आर्मी की सैलरी दी

- 1100 करोड़ डोनेशन दिया शटडाउन की वजह से अमेरिकी सरकार के खजाने खाली

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने बताया कि उसने सैनिकों की सैलरी के लिए 130 मिलियन डॉलर (लगभग 1100 करोड़ रुपये) का एक सीक्रेट डोनेशन स्वीकार किया है। यह डोनेशन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक अनजान 'दोस्त' ने दिया है, ताकि सरकारी शटडाउन के दौरान सैनिकों को तनख्वाह मिल सके।

हालांकि इस डोनेशन से कई सवाल खड़े हो गए हैं। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इस डोनेशन की बात बताई और दानदाता को देशभक्त कहा। उन्होंने दानदाता का नाम नहीं बताया, क्योंकि वह अपनी पहचान छुपाना चाहता है। अमेरिका में 1 अक्टूबर से शुरू हुए सरकारी शटडाउन को 25 दिन हो गए हैं। अमेरिका के दोनों प्रमुख दल डेमोक्रेट और रिपब्लिकन में ओबामा हेल्थ केयर सब्सिडी प्रोग्राम को लेकर ठनी हुई गई है। डेमोक्रेट्स चाहते थे कि हेल्थ केयर (स्वास्थ्य बीमा) की सब्सिडी बढ़ाई जाए। रिपब्लिकन को डर है कि अगर सब्सिडी बढ़ाई गई तो सरकार को खर्च करने के लिए और पैसे की जरूरत पड़ेगी, जिससे बाकी सरकारी काम प्रभावित होंगे। पेंटागन के प्रवक्ता शान पार्नेल ने कहा कि यह पैसा सैनिकों के वेतन और अन्य सुविधाओं के लिए इस्तेमाल होगा। उन्होंने डेमोक्रेट्स पर सैनिकों का वेतन रोकने का इल्जाम भी लगाया।

## अमेरिकी कार्रवाई में ड्रग तस्कारी में शामिल नाव डूबी, छह की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने शुक्रवार सुबह बताया कि कैरिबियाई सागर में रात भर चली अमेरिकी सेना की कार्रवाई में ड्रग तस्करी में शामिल एक नाव डूब गई जिससे उसमें सवार सभी छह लोगों की मौत हो गई। सितम्बर के बाद इस दसवीं अमेरिकी कार्रवाई में मरने वालों की संख्या 40 से अधिक हो गई है। हालांकि यह किसी संदिग्ध मादक पदार्थ जहाज पर रात में किया गया पहला हमला था। हेगसेथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि इस नाव में मादक पदार्थ थे और वह नाव ऐसे मार्ग से गुजर रही थी जिसे तस्कर इस्तेमाल करते हैं। यह क्षेत्र ट्रेन डी अरागुआ के कब्जे में है जो वेनेजुएला-मूल का कार्टेल है।

## जर्मनी-यूके को छूट, भारत पर निशाना क्यों

### उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बर्लिन ग्लोबल डायलॉग सम्मेलन में पश्चिमी देशों को करारा जवाब दिया

**बर्लिन।** रूस से तेल खरीद को लेकर और अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों की चर्चा के बीच केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बर्लिन ग्लोबल डायलाग सम्मेलन में पश्चिमी देशों करारा जवाब दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब जर्मनी खुद ही अमेरिकी प्रतिबंधों से छूट मांग रहा है और ब्रिटेन को पहले ही मिल चुका है, तो भारत को क्यों निशाना बनाया जा रहा है।

गोयल की ये बात सुनकर वहां मौजूद यूके की ट्रेड मंत्री क्रिस ब्रायंट ने कहा कि उनकी छूट केवल रासनेफ्ट की एक सहायक कंपनी के लिए है। ऐसे में गोयल ने पलटवार करते हुए कहा कि भारत के पास भी तो रासनेफ्ट की एक सहायक कंपनी है, फिर हमें क्यों? उनकी बात सुनकर बैठक में नेता कुछ देर के लिए चुप रह गए। गोयल ने जोर देकर कहा कि भारत अपनी आर्थिक नीतियों में स्वतंत्र और राष्ट्रीय हित सर्वोपरि रखता है और किसी बाहरी दबाव में समझौता नहीं करेगा। गोयल की यह टिप्पणी ऐसे समय आई जब अमेरिका और उसके सहयोगी भारत पर रूस से सस्ता तेल खरीदने को लेकर दबाव बढ़ा रहे हैं। पिछले महीने ट्रम्प प्रशासन ने भारत के कुछ उत्पादों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाकर कुल टैरिफ लगभग 50 प्रतिशत तक पहुंचा दिया था। भारत ने इसे अनुचित और अन्यायपूर्ण करार दिया है। बता दें कि रूस तेल से खरीद को लेकर अमेरिका लगातार प्रतिबंधों की धमकी दे रहा है। कारण है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड का मानना है कि भारत जैसे देशों पर दबाव डालने से रूस कमजोर होगा और यूक्रेन युद्ध खत्म करने पर मजबूर होगा, जबकि हाल ही में यूरोपीय संघ ने तीन भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए और अमेरिका ने रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों रासनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगाए। इस दौरान पीयूष गोयल ने इस बात भी जोर दिया कि भारत हमेशा से ही अपनी स्वतंत्र व्यापार नीति पर चलता है और हमारे लिए हमारा राष्ट्रीय हित सर्वोपरि हैं। उन्होंने कहा कि हम कभी किसी 'डेडलाइन' या 'सिर पर तनी बंदूक' के दबाव में समझौता नहीं करेंगे। गोयल ने दो टूक अंदाज में कहा कि अगर कोई टैरिफ लगाए, तो लगाए। हम नए बाजार खोज रहे हैं, घरेलू मांग मजबूत कर रहे हैं और दीर्घकालिक लचीलापन विकसित कर रहे हैं। गोयल ने भरोसा जताया कि भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत है, 1.4 अरब युवा देश की ताकत हैं, और देश किसी दबाव में आकर कमजोर या अल्पकालिक सौदे नहीं करेगा। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने स्पष्ट किया कि भारत किसी भी बाहरी दबाव या समयसीमा में व्यापार समझौते नहीं करेगा।

- भारत अपनी आर्थिक नीतियों में स्वतंत्र और राष्ट्रीय हित सर्वोपरि रखता है: गोयल



## रंगून से दिल्ली लाई जाएं बहादुर शाह जफर की अस्थियां: बदरे आलम

### अस्थियां रंगून से दिल्ली लाने की मांग को लेकर ज्ञापन शोहरत गढ़ तहसील के एसडीएम को सौंपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सिद्धार्थनगर।** बहादुर शाह जफर की अस्थियां रंगून से दिल्ली लाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन शोहरत गढ़ तहसील के एसडीएम को सौंपा गया। बहादुर शाह जफर के 251 वीं जयंती पर तहसील शोहरत गढ़ में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मौलाना अब्दुल कयूम रहमानी फाउंडेशन अध्यक्ष बदरे आलम की अगुवाई में भारी संख्या में लोगों ने प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।



ज्ञापन में मांग किया गया कि 1857 के जंग-ए-आज़ादी के सर्वोच्च सम्राट बहादुर शाह ज़फर की अंतिम इच्छा के अनुसार उनके पार्थिव अवशेषों को सम्मान पूर्वक रंगून से लाकर दिल्ली लाया जाए और यहां उनका भव्य राष्ट्रीय स्मारक बनाया जाए। लाल किला पर बहादुर शाह जफर की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाये और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम बहादुर शाह जफर के नाम पर किया जाये। बहादुर शाह जफर के त्याग एवं बलिदान को पाठ्य पुस्तकों में शामिल किया जाए जिससे आने वाली पीढ़ियां आज़ादी में उनके द्वारा दिए गए बलिदान को स्मरण कर सकें। देश की आजादी में मुग़ल सल्तनत के आखिरी बादशाह बहादुर शाह जफर के योगदान और उनकी कुर्बानी को देश के महान नेताओं ने महसूस और स्वीकार किया है। इसका उदाहरण है कि देश के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी, अटल बिहारी वाजपेई, डा. मनमोहन सिंह, पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज सहित म्यांमार जाने वाला हर सरकारी प्रतिनिधिमंडल महान सेनानी बहादुर शाह जफर के मजार पर जाकर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित करता रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं म्यांमार यात्रा के दौरान ऐसे महान सेनानी के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने 1943 में सेनानी बहादुर शाह जफर के मजार पर पहुंच कर वहां की सरकार को पचास हजार रुपये मजार की देखभाल के लिए दान किया था और मजार स्थल से ही दिल्ली चलो का नारा भी दिया था। बदरे आलम ने 1857 के क्रांतिकारी बहादुर शाह जफर पर आधारित पुस्तक एसडीएम को भेंट की। इस दौरान कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष काजी सुहैल अहमद, कैलाश नाथ बाजपेयी, दीपक यदुवंशी, अतहर अलीम, राममिलन भारती, दीपक राजभर, श्यामलाल शर्मा, हरिराम यादव, अनिरूद्ध पाठक, मोहम्मद असलम, सनाउल्लाह, अकबर, हाफिज एजाज अहमद, सबरे आलम, तारिक शानी आदि लोग मौजूद रहे।

## पेंटागन लैटिप अमेरिका में भेज रहा है विमानवाहक पोत

**वाशिगटन।** अमेरिकी सेना, दक्षिण अमेरिका के तटीय जलक्षेत्र में अमेरिकी सेना गेराल्ड आर-फोर्ड कैरियर स्ट्राइक ग्रुप और एम्बार्क्ड कैरियर एयर विंग को देश के दक्षिणी कमान के जिम्मेदारी वाले क्षेत्र में भेज रही है। पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर घोषणा की।

पेंटागन ने कल घोषणा की थी कि अमेरिकी सेना, दक्षिण अमेरिका के तटीय जलक्षेत्र में एक विमानवाहक पोत भेज रहा है। यह उस क्षेत्र में सैन्य शक्ति में नवीनतम वृद्धि है, जहां ट्रंप प्रशासन ने हाल के दिनों में उन नौकाओं पर और भी तेजी से हमले किए हैं। गौरतलब है कि अमेरिकी दक्षिणी कमान के दायित्व क्षेत्र में मेक्सिको के दक्षिण में लैटिन अमेरिका का भूभाग, मध्य और दक्षिण अमेरिका से सटे जलक्षेत्र और कैरिबियन सागर शामिल हैं। पार्नेल ने कहा कि यह तैनाती राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निर्देश के अनुरूप की गई है। वह चाहते हैं कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक संगठनों (टीसीओ) को खत्म करें और नार्को-आतंकवाद का मुकाबला करें। उन्होंने कहा कि ये बल मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने और टीसीओ को कम करने तथा खत्म करने के लिए मौजूदा क्षमताओं को बढ़ाएंगे। स्थानीय विश्लेषक इस कदम को इस बात का संकेत मान रहे हैं कि ट्रम्प प्रशासन अपने कार्टेल-विरोधी अभियान का विस्तार करना चाहता है।

## रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने 121 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने शुक्रवार रात में 121 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि पिछली रात, ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 121 यूक्रेनी मनावरहित विमानों को आसमान में रोका और उन्हें हवा में ही नष्ट कर दिया।

मंत्रालय के अनुसार, ड्रोन कई क्षेत्रों में मार गिराए गए। जिसमें रोस्तोव में 20, वोल्गोग्राड में 19, ब्रांस्क में 17, कलुगा में 12, स्मोलेंस्क में 11, बेलगोरोड और मॉस्को में नौ-नौ, वोरोनिश और लेनिनग्राद में आठ-आठ, नोवगोरोड, रियाज़ान और तांबोव में दो-दो, और त्वेर और तुला में एक-एक ड्रोन को हवा में मार गिरया। इस बीच, विदेशी देशों के साथ आर्थिक सहयोग के लिए रूसी राष्ट्रपति के विशेष दूत और रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष (आरडीआईएफ) के प्रमुख किरिल दिमित्रिव ने कहा कि रूसी और अमेरिकी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच शिखर सम्मेलन होगा, लेकिन अभी नहीं वह बाद में होगा। दिमित्रिव ने सीएनएन को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बैठक होगी, लेकिन संभवतः बाद में। उन्होंने कहा कि बैठक रद्द होने के बजाए स्थगित होना बेहतर होता।

## वेनेजुएला पर हमला कर सकता है अमेरिका

### सबसे बड़ा जहाजी बेड़ा भेजा, वेनेजुएला ने भी 5000 मिसाइलें तैनात की

**वाशिंगटन।** अमेरिका जल्द ही वेनेजुएला पर हमला कर सकता है। राष्ट्रपति ट्रम्प वेनेजुएला के भीतर ड्रग ठिकानों और उनके तस्करी रूट्स पर हमला करने पर विचार कर रहे हैं।

हालांकि अभी इस पर आखिरी फैसला नहीं लिया गया। यह जानकारी अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन ने व्हाइट हाउस के 3 अधिकारियों के हवाले से दी है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई कर सकता है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, ट्रम्प ने हाल ही में वेनेजुएला में संभावित हमले के लिए जगहों को लेकर बातचीत बढ़ाई है। अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने अमेरिकी नौसेना के सबसे बड़े और एडवांस एयरक्राफ्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप यूएसै जेराल्ड आर फोर्ड को यूरोप से कैरिबियाई क्षेत्र में भेजने का आदेश दिया है। इसके अलावा, ट्रम्प ने सीआईए को वेनेजुएला में सीक्रेट आपरेशन्स करने की अनुमति भी दी है। हालांकि, ट्रम्प ने यह भी कहा है कि वेनेजुएला के साथ कूटनीतिक बातचीत का विकल्प भी खुला है ताकि अमेरिका में ड्रग्स की आवाजाही को रोका जा सके। अमेरिका के खिलाफ रूसी मिसाइलें तैनात वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरो ने बुधवार को एक टीवी प्रोग्राम में कहा कि उनके देश ने अमेरिकी खतरे से निपटने के लिए रूस से मिली 5000 इग्ला-एस मिसाइलें तैनात की हैं। मदुरो ने कहा-हमारे पास 5000 मिसाइलें हैं, जो देश की शांति और आजादी की रक्षा करेंगी। ये मिसाइलें हवा में कम दूरी के हमलों को रोकने के लिए तैनात की गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ये हथियार किसी भी साम्राज्यवादी खतरे का जवाब देने के लिए हैं और वेनेजुएला की सेना अपनी मातृभूमि की एक-एक इंच जमीन की रक्षा के लिए तैयार है। यूएएस जेराल्ड आर फोर्ड एक न्यूक्लियर-पावर्ड एडवांस्ड एयरक्राफ्ट कैरियर है।




- ट्रम्प ने हाल ही में वेनेजुएला में संभावित हमले के लिए जगहों को लेकर बातचीत बढ़ाई

## एलएनए ने अपहृत नाइजीरियाई नागरिकों को रिहा किया

**त्रिपोली।** पूर्वी लीबिया पर नियंत्रण रखने वाली लीबियाई राष्ट्रीय सेना (एलएनए) ने सशस्त्र समूह द्वारा अपहृत नाइजीरिया के नागरिकों को रिहा कर दिया है। एलएनए ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इन लोगों को 16 महीने पहले नाइजर के एक सशस्त्र समूह ने अपहृत कर लिया था। एलएनए के युद्ध सूचना प्रभाग ने अपने फेसबुक पेज पर एक बयान में कहा कि लीबिया-नाइजीरियाई सीमा से लगभग 180 किलोमीटर दूर दक्षिण-पश्चिम लीबिया में अल-कतरुन के पास एक गैरकानूनी सशस्त्र समूह द्वारा अपहृत नाइजीरियाई नागरिकों को बचाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया था।

# अहमद खान बनाम शाह बानो के किरदार में दिखेंगे इमरान व यामी





**मुंबई।** जंगली पिक्चर्स ने इमरान हाशमी और यामी गौतम की फिल्म हक का नया पोस्टर रिलीज़ कर दिया है। फिल्म हक को जंगली पिक्चर्स ने इसे प्रोड्यूस किया है। यामी गौतम धर और इमरान हाशमी के नए जारी किए गए किरदार पोस्टर हक की दुनिया की एक दमदार पहली झलक देते हैं। जंगली पिक्चर्स ने इनसोम्निया फिल्म्स और बावेजा स्टूडियोज के साथ मिलकर फिल्म हक का निर्माण किया है।

यह एक दमदार ड्रामा है, जो मोहम्मद अहमद खान बनाम शाह बानो बेगम मामले में सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले से प्रेरित है। फिल्म में यामी गौतम धर और इमरान हाशमी मुख्य भूमिकाओं में हैं और इसका निर्देशन सुपर्ण एस- वर्मा ने किया है। मध्य प्रदेश के इंदौर की शाह बानो बेगम को 1978 में उनके पति ने तलाक दे दिया था। इसके बाद शाह बानो ने सर्वोच्च न्यायालय में एक आपराधिक मुकदमा दायर किया, जिसमें उन्होंने अपने पति से गुजारा भत्ता पाने का अधिकार जीता। सात साल लंबी कानूनी लड़ाई के बाद, 1985 में सर्वोच्च न्यायालय ने शाह बानो के पक्ष में फैसला सुनाया। फिल्म हक 7 नवम्बर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# सायमी ने रोमन हॉली-डे को बनाया एक यादगार मैराथन अनुभव

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेती सायमी खेर ने अपने रोमन हॉलीडे को यादगार मैराथन अनुभव बनाया और रोम 2025 मैराथन में हिस्सा लिया। अभिनेत्री और फिटनेस लवर सायमी खेर ने इस बार अपनी छुट्टियों को दो खुशियों के साथ जोड़ा, परिवार के साथ वक्त बिताना और दौड़ना।

अपनी फिटनेस और एंड्योरेंस स्पोर्ट्स के प्रति जुनून के लिए जानी जाने वाली सायमी इस बार अपने माता-पिता और बहन के साथ छुट्टियां मनाने रोम पहुंची। रोम की खूबसूरत गलियों, इतिहास और खाने का मज़ा लेते हुए उन्होंने हाफ रोम मैराथन में हिस्सा लेने का मौका भी नहीं छोड़ा। सायमी पहले भी आयरनमैन ट्रायथलॉन और कई लंबी दूरी की दौड़ों में भाग ले चुकी हैं। वह हमेशा कहती हैं कि फिटनेस उनके लिए सिर्फ एक रूटीन नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है। यात्रा के दौरान भी वह किसी न किसी रूप में एक्टिव रहना पसंद करती हैं और इस बार उनकी यह कोशिश उनके परिवार के साथ एक खूबसूरत याद में बदल गई। सायमी ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि किसी भी शहर को देखने का सबसे अच्छा तरीका है उसके बीचोंबीच पैदल दौड़ना-उसकी गलियों से होकर, उसकी ऊर्जा को महसूस करते हुए।

जब भी मैं किसी नए शहर में जाती हूं, कोशिश करती हूं वहां एक हाफ मैराथन दौड़ लूं। यह मेरा पसंदीदा तरीका है किसी जगह को जानने का। रोम की दौड़ अब तक की सबसे खूबसूरत रन रही। स्पेनिश स्टेप्स से लेकर ट्रेवी फाउंटेन और अंत में कॉलेजियम तक, ऐसा लग रहा था जैसे किसी पोस्टकार्ड के अंदर दौड़ रही हूं। मौसम बेहतरीन था, हवा में ठंडक थी और हर मोड़ पर इतिहास बोल रहा था।

कई बार तो भूल गई कि मैं रेस में हूं-बस मुस्कुराते हुए दौड़ती रही और सब महसूस करती रही और 21 किलोमीटर की दौड़ के बाद वो पिज़्ज़ा और जेलाटो का हर बाइट वाकई डिज़र्व करती थी। सायमी के लिए यह रोम ट्रिप सिर्फ सैर-सपाटे तक सीमित नहीं रही। यह उनके रनिग के जुनून और परिवार के साथ बिताए अनमोल पलों का संगम थी। परिवार और फिटनेस, दोनों के बीच संतुलन बनाए रखते हुए, वह लगातार अपने चाहने वालों को एक एक्टिव, खुशहाल और प्रेरणादायक जीवन जीने की प्रेरणा देती रहती हैं - चाहे वे दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न हों।

# एस.एस. राजामौली की बाहुबली फिर से दिखेगी सिनेमाघरों में



**मुंबई।** जानेमाने फिल्मकार एस.एस. राजामौली की ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली का ट्रेलर रिलीज हो गया है। एस.एस. राजामौली की फिल्म बाहुबली सिनेमाघरों में लौटने को है तैयार है। फिल्म बाहुबली का ट्रेलर अब रिलीज़ हो चुका है, और देश फिर से उस खुशी में डूब गया है, जिसे सिर्फ यह फिल्म ला सकती है। दर्शक फिर से उस भव्यता और भावनाओं को महसूस कर रहे हैं, जिसने एक युग को खास बनाया था और 31 अक्टूबर को फिल्म के ग्रैंड री-रिलीज़ के लिए उत्सुकता अपने चरम पर है। यह ऐसा दिन है जब यह फिल्म देश के सिनेमाघरों में दोबारा दिखाई जाएगी। भारतीय सिनेमा के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखी गई फिल्म, बाहुबली ने कहानी कहने और बॉक्स ऑफिस पर सफलता की परिभाषा ही बदल दी। इसकी फिल्मी महानता और बड़े सांस्कृतिक प्रभाव ने पैन-इंडिया फिल्मों का दौर शुरू किया, जिससे केजीएफऔर पुष्पा जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के लिए रास्ता बना। अपनी शानदार तस्वीरों और जबरदस्त कहानी के साथ, बाहुबली सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि भारतीय सिनेमा की असीम संभावनाओं का जश्न है। जहां शोले सबसे लंबी चलने वाली फिल्मों में से एक है, वही बाहुबली 2 अब भी सबसे बड़े बॉक्स ऑफिस हिट्स में से एक है और ऐसे रिकॉर्ड बनाए हैं जो आज भी टूटना मुश्किल हैं।



# कृति खरबंदा ने हाउसफुल 4 की सालगिरह पर जताई खुशी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कृति खरबंदा ने फिल्म हाउसफुल 4 की छठवीं सालगिरह पर खुशी जताई है। कृति खरबंदा ने अपनी ब्लॉकबस्टर कॉमेडी फिल्म हाउसफुल 4 की छठवी सालगिरह पर यादों के सफर में एक मनमोहक यात्रा को याद करते हुए अपने सोशल मीडिया स्टोरी पर अपने सह-कलाकारों अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, बॉबी देओल, पूजा हेगड़े और कृति सेनन के साथ न सिर्फ एक पोस्ट शेयर किया है, बल्कि फिल्म को मिल रहे प्यार के लिए दिल से आभार भी व्यक्त किया है। कृति ने अपनी स्टोरी पर एक यादगार तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, ओएमजी। वापस आ गई एनिवर्सरी। गौरतलब है कि वर्ष 2019 में दिवाली के दौरान रिलीज हुई फिल्म हाउसफुल 4 आज भी हिंदी सिनेमा की सबसे सफल कॉमिक फिल्मों में गिनी जाती है, जो विशेष रूप से अपनी पुनर्जन्म की कहानी, शानदार सेट और हंसी से भरपूर पलों के लिए दर्शकों की मोस्ट फेवरेट फिल्मों में शुमार है। इस फिल्म में कृति खरबंदा ने राजकुमारी मीना और नेहा के किरदार में दोहरी भूमिका निभाते हुए अपनी बेहतरीन कॉमिक टाइमिग और आकर्षक ऑन-स्क्रीन प्रेजेंस से काफी तारीफें बटोरी थी। कृति खरबंदा उन चुनिंदा अभिनेत्रियों में से एक हैं, जिन्होंने अपने चार्म के बल पर कम समय में ही बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बनाई है, उनकी फिल्मों का इंतजार है।

## थामा की सफलता हमारे लिए किसी दिव्य रोशनी से कम नहीं: आयुष्मान खुराना

**मुंबई।** बॉलीवुड के आयुष्मान ने अपनी हालिया रिलीज़ थामा की सफलता पर एक भावनात्मक नोट साझा किया है। फिल्म थामा लगातार बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है और अपनी रिलीज के बाद से ही दर्शकों के दिलों में जगह बना रही है। थामा के साथ आयुष्मान ने मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की ऑरिजिन स्टोरीज़ स्त्री, भेड़िया और मुंज्या में अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग दी है। आयुष्मान ने इंस्टाग्राम पर अपने परिवार और परेश रावल के साथ कुछ तस्वीरें और वीडियो साझा किए, जिनके साथ उन्होंने एक दिल छू लेने वाला कैप्शन लिखा, इस परिवार ने पिछले कुछ सालों में बहुत कुछ देखा है।

# 31 अक्टूबर से शुरू होगा शाहरुख फिल्म फेस्टिवल



**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान की कुछ सुपरहिट फिल्म 31 अक्टूबर से सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होगी। शाहरुख खान ने जब से फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा है, तब से वह अपने चार्म, बुद्धि और प्यार से लोगों के दिलों पर राज कर रहे हैं। दो दशक से भी ज्यादा समय से उन्होंने आइकॉनिक फिल्में और यादगार किरदार दिए हैं, और आज भी वह बॉलीवुड के बादशाह बने हुए हैं। शाहरुख खान ने एक बड़ा एलान किया है कि 31 अक्टूबर से शाहरुख खान फिल्म फेस्टिवल शुरू होगा। शाहरुख खान ने अपने सोशल मीडिया पर, अपनी प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर शाहरुख खान फिल्म फेस्टिवल का ऐलान किया। उन्होंने लिखा है, मेरी कुछ पुरानी फिल्में दोबारा थिएटर में आ रही हैं। उनमें जो शख्स है, वो ज्यादा बदला नहीं है-बस बाल थोड़े बदल गए हैं और दिल से थोड़ा ज्यादा हैंडसम हो गया है। शाहरुख खान फिल्म फेस्टिवल शुरू हो रहा है 31 अक्टूबर से।


# द ताज स्टोरी 31 अक्टूबर को पूरे भारत में होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने-माने चरित्र अभिनेता परेश रावल की आने वाली फिल्म द ताज स्टोरी नया पोस्टर रिलीज हो गया है।

परेश रावल द्वारा अभिनीत, स्वर्णिम ग्लोबल सर्विसेज प्रा. लि. और सीए सुरेश झा द्वारा प्रस्तुत तथा तुषार अमरीश गोयल द्वारा लिखित और निर्देशित द ताज स्टोरी, अपने धमाकेदार और सोचने पर मजबूर करने वाले ट्रेलर के चलते लगातार चर्चा में बनी हुई है।

इस फिल्म के क्रिएटिव प्रोड्यूसर विकास राधेश्याम हैं। फिलहाल रिलीज से पहले मेकर्स ने एक नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें परेश रावल के हाथ में न्याय का तराजू है, जिस पर ताज महल संतुलित है। इस फिल्म का संगीत रोहित शर्मा और राहुल देव नाथ ने तैयार किया है। द ताज स्टोरी भव्य पैमाने पर 31 अक्टूबर 2025 को पूरे भारत में रिलीज होने जा रही है।




यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108